अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,796.15
निफ्टी 24,946.50
सोना 1,02,000
चांदी 1,09,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 17 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 307 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## खुलासा: पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

### एफएटीएफ ने कहा: ऐसे हमले सिर्फ बंदूक-बारूद से नहीं होते, इनके पीछे फाइनेंशियल नेटवर्क

नई दिल्ली, वार्ता

**एंटी टेररिज्म बॉडी** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसमें टेरर फंडिंग की गई है।

एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया है। एंटी टेररिज्म बॉडी ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा सकता है। एफएटीएफ की एशिया- पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद एफएटीएफ के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इन बैठकों से पहले भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है। इसमें बताएगा कि पाकिस्तान कैसे फंडिंग का आतंकी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल कर एफएटीएफ के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था। तब उसने मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग पर लगाम लगाने के लिए एक एक्शन प्लान दिया था। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार, एंटी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने के लिए एफएटीएफ के सामने मजबूत केस रखेगी। एफएटीएफ की साल में तीन बार (फरवरी, जून और अक्टूबर) मीटिंग होती है।



■ पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डलवाने के लिए भारत कर रहा डोजियर तैयार

## अमरोहा: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 महिलाओं की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से वहां काम कर रहीं चार महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि नौ महिलाएं बुरी तरह झुलस गई। घटना से आसपास हड़कम्प मच गया। तेज धमाके से फैक्ट्री की इमारत भी पूरी तरह धराशायी हो गई। डीएम व एसपी मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी रही।

गांव में आबादी से करीब एक किमी की दूरी पर हापुड़ निवासी सैफुर्रहमान पुत्र केसर की पटाखा फैक्ट्री साल 2018 से संचालित है। फैक्ट्री में स्थानीय व आसपास के गांवों की महिलाएं काम करती हैं। सोमवार सुबह भी करीब 13 महिलाएं फैक्ट्री में काम कर रही थीं। इस बीच दोपहर करीब 11:45 बजे वहां मौजूद विस्फोटक पदार्थ में तेज धमाका हुआ। चपेट में आई फैक्ट्री में काम कर रहीं गांव पपसरा निवासी 40 वर्षीय उमा पत्नी दानवीर सिंह व 45 वर्षीय सर्वेश पत्नी सोविंद्र के साथ ही रजबपुर निवासी 22 वर्षीय रुखसाना पुत्री जाकिर अहमद व 40 वर्षीय शहनाज पत्नी साबिर अली की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोना, विशाल, सलोनी, इंद्रवती, सोनिया, पूजा, नाजरीन समेत नौ अन्य महिलाएं जख्मी हो गईं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि धमाके के बाद फैक्ट्री की इमारत धराशायी हो गई और जहां-तहां मलबा बिखर गया। दो किमी दूर दूसरे गांवों तक धमाके की आवाज को सुना गया। धमाके के बाद आसपास के गांवों से पहुंचे लोग मदद में जुट गए। सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक एवं दमकल टीम भी मौके पर पहुंचते हुए राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। खुद डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने मौका मुआयना कर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर घायल नाजरीन व सोनिया को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। हादसे के कारणों की बावत अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। डीएम निधि गुप्ता ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने की बात कही है।



नौ महिलाएं गंभीर रूप से झुलसी, फैक्ट्री की इमारत भी हुई पूरी तरह ध्वस्त



ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार सहित बंकर में भूमिगत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



पटौदी की विरासत को बचाने के लिए तेंदुलकर आए आगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## इजरायल-ईरान संघर्ष में 250 की मौत, 1000 घायल

### और उग्र हुआ इजरायल-ईरान संघर्ष, लगातार चौथे दिन हमले जारी

तेहरान/तेल अवीव, वार्ता

**इजरायल** और ईरान के बीच 13 जून से लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजरायल ने सोमवार शाम करीब 6 बजे सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। हमले में हुए नुकसान को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक वीडियो जारी किया।

कैप्शन में बताया कि सोमवार सुबह से इजरायली एयरफोर्स ने मिसाइल लॉन्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजरायली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजरायली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है। इजरायल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के एयरस्पेस को पूरी तरह अपने काबू में कर लिया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पश्चिमी ईरान से लेकर राजधानी तेहरान तक आसमान पर अब इजरायली एयरफोर्स का कंट्रोल है। आईडीएफ के मुताबिक, इजरायल ने 50 से ज्यादा फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स से ईरान पर हवाई हमले किए और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चर्स नष्ट कर दिए। यह ईरान के पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर्स का एक तिहाई है। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह -शेष पृष्ठ दो पर



ईरान के हमले में ध्वस्त हुई इजरायल की इमारत

इजरायल ने ईरान पर फिर की एयरस्ट्राइक, मिसाइल लॉन्चर्स से लदे ट्रक उड़ाए

ईरान के ताजा हमले में आठ इजरायलियों की मौत, अब तक 24 मरे

ईरान पर इजरायल के तीन हमलों में 73 महिलाएं और 20 बच्चे मारे गए

## अहमदाबाद विमान हादसा: 92 मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए 92 लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है। अब तक कुल 47 शव परिवारों को सौंपे जा चुके हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डा. रजनीश पटेल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना के बाद राज्य सरकार द्वारा चलाए गए पहचान अभियान के बारे में बताया कि जिन शवों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक उनके परिवारों को सौंप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 92 शवों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है 16 जून को सुबह 09:30 बजे तक कुल 47 शव सौंपे गए, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, मेहसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आनंद, महिसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के शव शामिल थे।

## एयर इंडिया ड्रीमलाइनर में फिर आई तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकॉर्ड के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया और जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो वापस लौटने का फैसला किया। इसके बाद विमान करीब एक घंटे 19 मिनट बाद अपने मूल स्थान यानी हांगकांग हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। विमान स्थानीय समयानुसार एक बज कर 18 मिनट पर हांगकांग हवाई अड्डे पर उतरा। जहां उसकी गहन तकनीकी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि 12 जून को एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, जब हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और गुजरात के अहमदाबाद में बीजे मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों के छात्रावास से जा टकराया। विमान में 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सहित 242 लोग सवार थे।

■ उड़ान भरने के चंद मिनट बाद ही विमान को वापस हांगकांग लौटना पड़ा

## जनगणना के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी, जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किए जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

## जज पद: 3 साल की वकालत अनिवार्यता के खिलाफ समीक्षा याचिका

**नई दिल्ली।** सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर की गई है। न्यायिक सेवा के इच्छुक याचिकाकर्ता अधिवक्ता चंद्रसेन यादव शीर्ष अदालत के 20 मई, 2025 के उस फैसले की समीक्षा की मांग की है, जिसमें सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद के लिए परीक्षा में बैठने के वास्ते बार में कम से कम तीन साल की प्रैक्टिस अनिवार्य की गई है।

## जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में विस्फोट, तीन घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शहर हंदवाड़ा में सोमवार को हुए एक विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार कचरी लंगेट में पुरानी मस्जिद तोड़ते समय एक संदिग्ध वस्तु फटने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुदस्सिर अहमद मीर, गुलाम अहमद टंट्रे और ओवैस अहमद लोन शामिल हैं, जो हंदवाड़ा के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं।

## थोक मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मई 2025 में मासिक आधार घट कर 0.39 प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 0.85 प्रतिशत तथा पिछले साल मई में 0.39 प्रतिशत थी।

थोक मुद्रास्फीति में पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2025 मई में थोक मूल्य सूचकांक अप्रैल के 154.2 अंक से घट कर मई में 154.1 पर आ गया। खाद्य वस्तुओं की कीमतों को छोड़ कर अन्य वर्गों में मासिक आधार पर थोक कीमतों में मासिक आधार पर नरमी दिखी। आकंड़ों के अनुसार मई में प्राथमिक वस्तुओं के थोक मूल्यों में सालाना आधार पर सामान्य रूप 2.02 प्रतिशत की कमी देखी गई। ईंधन और बिजली वर्ग में थोक मूल्य पिछले साल मई की तुलना में 2.27 प्रतिशत नीचे रहे। विनिर्मित उत्पादों के वर्ग में थोक कीमतों में सालाना आधार पर 2.04 प्रतिशत और खाद्य उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में इसी दौरान 1.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

■ पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई


## मप्र में मानसून की एंट्री, यूपी में बिजली गिरने से 48 घंटे में 34 की मौत

**नई दिल्ली।** मानसून ने मध्य प्रदेश में एंट्री कर ली है। एक दिन की देरी से बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के रास्ते मानसून राज्य में पहुंच गया है। पिछली बार यह 21 जून को आया था। हालांकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 27-28 मई को हो गई थी, मध्य प्रदेश में 21 दिन बाद मानसून की दस्तक हुई है। यूपी में भी बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को 62 जिलों में अलर्ट किया है। राज्य में पिछले 48 घंटे में बिजली गिरने की घटनाओं में 34 लोगों की जान गई है। बरेली में भारी बारिश से हाईवे डूब गया है।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला साइप्रस का समर्थन

**निकोसिया।** भारत एवं साइप्रस ने अगले पांच साल में अपनी समग्र साझीदारी को रणनीतिक स्वरूप प्रदान करने के इरादे के साथ संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को बल देने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एवं सीमापार आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ की कठोर निंदा की तथा आतंकवाद वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करने, सुरक्षित पनाहगाहों एवं आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों एवं उन्हें पनाह देने वाले अपराधियों को तेजी से न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साइप्रस यात्रा के आधिकारिक कार्यक्रम संपन्न होने के साथ ही साइप्रस एवं भारत के बीच व्यापक साझीदारी के कार्यान्वयन पर संयुक्त घोषणा की गई है। घोषणा पत्र में दस बिन्दुओं में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को ऐतिहासिक और स्थाई साझीदारी की दिशा में मील का पत्थर बताया गया। घोषणापत्र में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की दो दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और -शेष पृष्ठ दो पर



## मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं।

## ईरान से वापस लौटेंगे 10 हजार भारतीय

### 1500 स्टूडेंट्स फंसे, ईरान बोला- बॉर्डर खुले, विदेशी नागरिक जा सकते हैं

तेहरान/नई दिल्ली, वार्ता

**इजरायल** से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच ईरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है।

सूत्रों ने बताया कि भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नारदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिये ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी। ईरान के अलग-अलग शहरों से भारतीय छात्र आर्मेनिया से लगे नारदुज बॉर्डर पहुंचेंगे। यहां से इन्हें बस से आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट ले जाया जा सकता है। इसके बाद इन छात्रों को हवाई रूट से भारत लाया जाएगा।



## सोनिया गांधी की हालत अस्पताल में स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

## कोरोना से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को 11 मरीजों ने जान गंवाई। केरल में 7 और दिल्ली, छत्तीसगढ़, एमपी, महाराष्ट्र में 1-1 मौत हुई है। शनिवार को 10 मौतें हुई थीं। कोविड के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 7264 एक्टिव मरीज हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1920 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1433 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला है, जबकि 119 मरीज रिकवर हुए हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद महिला (27 साल) की कोविड से मौत हो गई।

■ जबलपुर में डिलीवरी के बाद महिला की जान गई

# साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार

## एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** साईकिल सवार से बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया ,जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देहरादून निवासी महेंद्र पाल सिंह का परिवार कार द्वारा रुद्रपुर से देहरादून जा रहा था कि थाना क्षेत्र के ग्राम भज्जावाला स्थित नेशनल हाई-वे फोर लाइन 734 पर रोड पार करने का प्रयास कर रहे साइकिल सवाल से बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकरा गई।



कार में बैठे चार लोग महेंद्र पाल सिंह पुत्र युद्धवीर सिंह, देवी सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, अनमोल बर्थवाल (14 वर्ष) पुत्र महेंद्र पाल सिंह व पूनम बर्थवाल पत्नि महेंद्र पाल सिंह निवासीगण धामावाला देहरादून (उत्तराखंड) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां चिकित्सा प्रभारी डा. सर्वेश निराला, फार्मासिस्ट मनोज शर्मा व रोहिताश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## सड़क हादसे में महिला की मौत तीन घायल

**हल्दौर।** गांव धनौरी के सामने एक कार का अचानक स्टेरिंग जाम हो गया, जिससे कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। कार में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जनपद शामली के थाना कांदला मोहल्ला खील निवासी सबीना, वारिसा और वरीसा कार में सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में नूरपुर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार की सुबह करीब सात बजे जब उनकी कार बिजनौर -नूरपुर मार्ग पर गांव धनौरी के सामने पहुंची तो अचानक कार का स्टेयरिंग फेल हो गया, जिससे कार सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई, जिसमें कार सवार वारिसा पत्नी मो. हकीम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार सबीना, वरीसा और कार चालक इसरार गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैसला का कहना है कि परिजनों ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने में असहमति जताने पर शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए बरते सतर्कता: डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों विशेष रूप से डेंगू और मलेरिया से बचाव को लेकर नगरवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा होता है।



डॉ. वर्मा ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखें और कहीं भी पानी जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि कूलर, गमलों, छतों और खाली डिब्बों में पानी इकट्ठा न होने दें क्योंकि मच्छर इन्हीं जगहों पर सबसे ज्यादा पनपते हैं। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी या मच्छर भगाने वाले उपायों का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त डॉ. वर्मा ने नगर पालिका से भी अपील की कि वे समय-समय पर फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव जैसी गतिविधियाँ करें, जिससे मच्छरों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से भी आग्रह किया कि वे नगर में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इन बीमारियों से बचाव की जानकारी दें। डॉ. मनोज वर्मा की यह अपील नगरवासियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास मानी जा रही है। बरसात के मौसम में यदि सतर्कता बरती जाए तो डेंगू मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकता है।

## एक नजर

### 19 जून को लगेगा रक्तदान शिविर

**झालू।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नगर अध्यक्ष शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के गरीबदास धर्मशाला (मंडल अध्यक्ष कार्यालय) पर 19 जून दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 9:00 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रक्तदान की प्रक्रिया रक्तदाता सेवा चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा की जाएगी व सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित और पुरुषों को हेलमेट एवं महिलाओं को पर्स देकर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### प्राचीन माता मठ पर मेले का आयोजन

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर में स्थित प्राचीन माता मठ पर सोमवार को मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मठ पर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया। मेले में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य संजीव मलिक ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा है। मेले समस्त लोगों को जोड़ते हैं। माता मठ मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा है। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए। माता का आशीर्वाद सदैव सभी के साथ रहता है। इस अवसर पर मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### शौर्य प्रताप सिंह ने किया नाम रोशन



**धामपुर।** दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12 के छात्र शौर्य प्रताप सिंह पुत्र मास्टर वीरेंद्र कुमार मौहल्ला काहरान निकट सिवहारा चुंगी धामपुर ने नीट यूजी की परीक्षा में 720 अंकों में से 622 अंक प्राप्त कर 404 वी रैंक प्राप्त की। विद्यालय का नाम रोशन किया। शौर्य प्रताप सिंह ने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनना है और इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं। विद्यालय प्रबंधक आशीष कुमार राजपूत और प्रधानाचार्य राकेश चमोली एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने छात्र को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की।

### दो कारों की टक्कर में छह घायल

**कोतवाली देहात।** रविवार की रात लगभग ग्यारह बजे एक कार कोतवाली देहात की ओर से नजीबाबाद की ओर जा रही थी। जैसे ही कार अकबराबाद से पहले पहुंची वैसे ही सड़क पर दो कुत्ते दौड़कर आ गए। कुत्तों को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। इस दौरान कुत्तों से टकराने के बाद कार डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी तरफ पहुंच गई। तभी नजीबाबाद की ओर से आ रही कार से सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में दोनों कारों में सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों में वशिष्ठ निवासी पिपली नगला थाना टांडा रामपुर, प्रसून अग्रवाल, सुधाअरोड़ा, शौर्य अग्रवाल, पूजा, राम अग्रवाल सभी निवासी मंडी चौक मुगलपुरा मुरादाबाद घायल हो गए। दूसरी गाड़ी में सवार व्यक्तियों को मामूली चोट आई। घटना के तुरंत बाद हाईवे से जा रहे राहगीरों ने अपने वाहन रोककर डायल 108 को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात में भर्ती कराया गया। इस दौरान हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

### समूह के नाम पर महिलाओं से अत्याचार



**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। खासतौर पर महिला स्वयं सहायता समूहों के नाम पर कई जगहों पर आर्थिक और मानसिक शोषण की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि समूहों में जबरन वसूली, कर्ज वसूली के नाम पर अपमानजनक व्यवहार और धमकियां आम हो चुकी हैं। कुछ महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि समूह संचालकों द्वारा कर्ज देने के बाद मनमाने तरीके से ब्याज वसूला जाता है और समय पर भुगतान न होने पर सार्वजनिक रूप से बेइज्जत किया जाता है, इससे कई महिलाओं का मानसिक संतुलन तक बिगड़ने लगा है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं पालिका और महिला कल्याण विभाग को निर्देशित किया जाए कि वे इन समूहों की नियमित निगरानी करें और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। स्थानीय सूत्रों की मानें तो कुछ मामलों में तो महिलाओं से उनके दस्तावेज रखवा लिए गए हैं और डर दिखाकर उनसे रकम वसूल की जा रही है। आर्थिक रूप से पहले से ही कमजोर वर्ग की महिलाएं इन परिस्थितियों में और अधिक शोषण का शिकार हो रही हैं। समूह संचालक द्वारा नई आबादी वाले इलाके की महिलाओं को अपना शिकार बना रहे हैं जो पहले से ही गरीबी की मार झेल रहे हैं, जिसका फायदा उठाते हुए उन्हें मानसिक तौर पर तो पीड़ित किया ही जा रहा है लेकिन समूह का पैसा वापस न देने वाली महिलाओं के साथ नाजायज संबंध की घटनाओं की चर्चाएं भी हो रही है। सामाजिक संगठनों ने इस विषय पर चिंता जताई है और प्रशासन से मांग की है कि स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। इस समूह में सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण यह बनता है कि इसमें आदमी के नाम पर नाम मात्र ही पैसे मिलते हैं। बस महिलाओं और लड़कियों को ही समूह में जोड़कर उनके नाम, एड्रेस और टेलीफोन नंबर आसानी से उपलब्ध करते हुए उन्हें को ही समूह के नियम अनुसार पैसा ब्याज पर दिया जाता है जो बहुत ज्यादा सोचने का विषय है।

# नाले में डूबी मासूम सुबहाना को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नाले में बहकर जान गंवाने वाली 9 वर्षीय मासूम सुबहाना को सोमवार सुबह 10 बजे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जनाजे में सैकड़ों लोग मौजूद रहे। हर आंख नम थी और हर दिल इस हादसे से टूटा हुआ था।

मोहल्ला राधगान निवासी नासिर की मासूम पुत्री रविवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अपने मासूम साथियों के साथ नहाने गई थी। तभी नाले में उसका पैर फिसल गया और पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गई थी। मासूम सुबहाना को लगभग 10 बजे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नम आंखों के साथ सुपुर्द खाक कर दिया। जनाजे में विधायक मनोज पारस, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद फैजान, सपा नेता पुरुषोत्तम कुमार उर्फ बब्बी, शादान, आसपा नेता अशरफ जमील, इकरार नेता, भूरे राईन, महबूब राईन, सभासद अकबर राईन, जुल्फकार राईन, आसिफ नवाज मलिक, शेख सलमान सहित तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने बच्ची की दुखद मौत पर गहरा शोक जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया। पूरा क्षेत्र इस दु:खद घटना से शोक में डूबा हुआ है।

## तीन बच्चों की मां प्रेमी संग दूसरी बार फरार

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद निवासी एक व्यक्ति की शादी 13 वर्ष पूर्व मोमिना मौहल्ला फतेहनगर थाना व कस्बा शेरकोट निवासी एक युवती के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी, जिसके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि रसूलपुर आबाद निवासी अरमान पुत्र नन्नू 15 दिन पूर्व उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर लेकर फरार हो गया था परन्तु गांव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा तलाश व दबाव बनाकर प्रेमी युगल को वापस बुला लिया था। पूरे मामले का समाधान पुलिस तक जाने से पूर्व ही हो गया था। पीड़ित पति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की देर रात्रि सभी परिवार वाले बाहर सो रहे थे। अरमान एक पिकअप लेकर आया और उसकी पत्नी को दोबारा भगा कर ले गया। महिला घर से 60 हजार रुपए नगद व सोना चांदी के जेवर भी साथ लेकर चली गई। पीड़ित ने अपने बच्चों के साथ थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

# ...बहादुरों की भी तारीख कागजात में है

## छजूपुरा सादात में महफिल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजूपुरा सादात स्थित इमाम बारगाह में ईद ए गदीर के उपलक्ष में एक महफिले मकासिदा का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज मौलाना मैहदी अब्बास जैदी द्वारा तिलावते कलामे पाक तथा सालिम जैदी की नाते पाक से हुआ। महफिल का संचालन शाही वास्ती ने किया।



सालिम जैदी ने नात पढ़ी की-सूए तैबा जो सफर हो तो मजा आ जाये, उनके कूचे से गुजर हो तो मजा आ जाये। रौशन अब्बास ने कलाम पढ़ा कि- सज गया मिम्बरे पालान गदीरे खुम में, होगा मनकुंतो का एलान गदीरे खुम में। मीर आलम मीर ने कहा- फिरते हैं शेख जी तिलमिलाए हुए, फिर जलाने को ईदे गदीर आ गई। अम्मार हैदर ने कहा कि- दो आफताब चमके जो मिम्बर पे एक साथ, कुछ हाजियों को आ गया चक्कर गदीर में। शमशाद जैदी ने कहा- बयान अपनी बड़ाई का यूँ कहीं भी करो, मगर गदीर का मिम्बर कहाँ से लाओगे। निजामत कर रहे शाही वास्ती ने कलाम पढा कि- जशने विलाए नुकतए बा है गदीर में, कुरआन पूरे कद से खड़ा है गदीर में। रईस जैदी ने पढ़ा कि- मिला है मुझको ये रुतबा कि मै गदीरी हूँ, मेरी जबाँ पे है नारा कि मैं गदीरी हूँ। मौलाना मैहदी अब्बास जैदी ने पढ़ा कि- पढ़ो तो अपनी किताबों के बाद मेरी किताब, बहादुरों की भी तारीख कागजात में है। महफिल में इनके अलावा नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, जाफर जैदी, आबिद मुजफ्फरनगरी, सादिक रजा, मौहम्मद मैहदी राजा, करीम हैदर, मिनहाल शौजब, अरमान अली, जवाद रजा, मौहम्मद यासिर, अली शनवार सैदपुरी आदि ने भी अपने अपने कलाम पढ़े। महफिल के पहले इमाम बारगाह से एक जुलूस निकाला गया जो गांव के मुख्य मार्गों से होता हुआ वापस इमाम बारगाह पर पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में हजारों अकीदतमंदो ने शिरकत की।

# पहली बारिश ने खोल दी ओवरब्रिज के काम की पोल

## जलभराव के बाद जाम लगने से परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** सत्र की पहली बारिश ने ही कस्बे में बन रहे ओवर ब्रिज के काम की पोल खोल दी। रविवार को पूरा दिन कस्बा कोतवाली देहात जाम से जूझता रहा। कस्बे से गुजरने वाले चारों रास्तों पर भारी जाम की स्थिति रही। कस्बे वासियों ने जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

### जाम के बाद भी नहीं जागे अधिकारी

कोतवाली देहात में लगे जाम के समय एनएचएआई का कोई भी अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था। 3:00 बजे के लगभग दो अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रोजेक्ट मैनेजर का मोबाइल फोन बंद आया। मौके पर मौजूद अधिकारी चुप्पी साधे रहे।

रविवार सुबह हुई बारिश के बाद ओवर ब्रिज के नीचे चल रहे कामवाले स्थान पर भारी जलभराव हो गया। कई स्थानों पर एनएचएआई द्वारा गड्ढे खोदे गए हैं, जिनमें जलभराव हो गया। इसके चलते बिजनौर मार्ग वन वे हो गया। इस दौरान बार-बार जाम लगता रहा। दोपहर बारह बजे भारी जाम लग गया जो लगभग 3 घंटे तक लगा रहा। 3:00 बजे पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर रोड चालू कराई गई। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि तिराहे पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे जाम न लग पाए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद बिश्नोई ने बताया कि नाला निर्माण के नाम पर कई जगह सड़क को खोद कर डाल दिया गया है। दुकानों के सामने तालाब जैसी स्थिति बन गई है। उधर कोतवाली देहात के निवासी कफील मलिक ने बताया कि कोतवाली देहात के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। ओवर ब्रिज बेहद धीमी गति से बन रहा है। बरसात के लिए कोई भी तैयारी नहीं की गई है। जाम तथा कीचड़ से कस्बे वासियों को निजात दिलाने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि कस्बे वासी सोमवार को नहटौर तिराहे पर बैठक करेंगे यदि समाधान नहीं निकला तब हाईवे जाम कर दिया जाएगा।

# भाकियू कार्यकर्ता पहुंचे हरिद्वार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर हरिद्वार पहुंचे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से भी चांदपुर तहसील कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की।

यूनियन के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने बताया कि यह चिंतन शिविर 16, 17 व 18 जून, 2025 तक वीआईपी घाट व लाल कोठी पर चलेगा। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अनेकों प्रदेशों के भारतीय किसान यूनियन टिकैत पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। चांदपुर तहसील क्षेत्र से पहुंचने वाले यूनियन कार्यकर्ताओं में जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष बब्बू खान, तहसील महासचिव राजीव चौधरी, नितिन चौधरी, अशरफ अली, तहसील महासचिव रोहतास प्रधान, जिला उपाध्यक्ष लुधियाना सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव चौधरी, नितिन चौधरी, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ तहसील चांदपुर व बड़ी संख्या में किसान यूनियन पदाधिकारियों में कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय चिंतन शिविर तीन दिन चलेगा। जिसमें यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने विचारों से नवाजेंगे।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**स्योहारा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के अंतर्गत एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 16 जून को थाना स्योहारा पर एक वारंटी अभियुक्ता ममता राजपूत पत्नी योगेश निवासी ग्राम धर्मपुर थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड संबंधित वाद सं.-17/2025 धारा 406 भादवि व 3( 2 )5 एससी/एसटी एक्ट में चालानी थाना स्योहारा जिला बिजनौर को मा. न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट जनपद बिजनौर को सम्बन्धित न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट जनपद बिजनौर के समक्ष भेजा गया।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल-ईरान...**

ईरानी सेना ने सेंट्रल इजरायल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजरायल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजरायल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं। वहीं ईरान पर इजरायल के तीन हमलों में 73 महिलाएं और 20 बच्चे मारे गए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने यह जानकारी दी है। श्री बाघई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि तेहरान में हाल ही में हुए तीन हमलों में 73 महिलाएं और बच्चे मारे गए। चमरान आवासीय परिसर में 20 बच्चे मारे गए, 48 घंटे बाद भी 10 मलबे में फंसे हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक दिन पहले कहा कि इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर इजरायली हमलों की शुरुआत के तीन दिन से भी कम समय में ईरान में लगभग 1,500 लोग घायल हो गए थे, जिनमें से 220 की मौत हो गई थी। केरमानपुर के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक पीड़ित नागरिक थे।

**आतंकवाद के...**

दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता की पुष्टि करती है। यह यात्रा न केवल एक साझा इतिहास का जश्न मनाती है, बल्कि एक दूरदर्शी साझीदारी का भी जश्न मनाती है, जो एक संयुक्त रणनीतिक दृष्टि और आपसी विश्वास और सम्मान में निहित है। घोषणापत्र के अनुसार दोनों नेताओं ने साइप्रस और भारत के बीच बढ़ते व्यापक सहयोग और गहराई को रेखांकित करते हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने आर्थिक, तकनीकी और लोगों के बीच संबंधों में हाल की प्रगति का स्वागत किया, जो संबंधों की गतिशील और विकसित प्रकृति को दर्शाती है। अपने मूल्यों, हितों, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण और दृष्टिकोण के बढ़ते संरेखण को स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों ने प्रमुख क्षेत्रों में इस साझीदारी को और आगे बढ़ाने के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। साइप्रस और भारत क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, समृद्धि और स्थिरता में योगदान देने वाले विश्वसनीय और अपरिहार्य भागीदारों के रूप में अपने सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। घोषणापत्र में साझा मूल्यों और वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बारे में दोनों नेताओं ने शांति, लोकतंत्र, कानून के शासन, प्रभावी बहुपक्षवाद और सतत विकास के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की, जिसमें नौवहन की स्वतंत्रता और संप्रभु समुद्री अधिकारों के संबंध में समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) पर विशेष जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने मध्य पूर्व की स्थिति और यूक्रेन में युद्ध सहित अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों नेताओं ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने के भारत के मूल्य को मान्यता देते हुए वैश्विक अप्रसार संरचना को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की।

# पिता के अपमान पर बेटी ने तानी पेट्रोल पम्प कर्मी पर रिवाल्वर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बिलग्राम क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले सेल्समैन के पर एक युवती द्वारा सीने पर रिवाल्वर लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके युवती और उसके पिता को हिरासत में लेकर रिवाल्वर को कब्जे में लिया है और अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है। मामला कार में सीएनजी डालने को लेकर तब हुआ, जब सेल्समैन ने कार में बैठे लोगों से कार के बाहर आने को कहा इसी बात को लेकर कार में बैठे लोगों और सेल्समेन के बीच विवाद हुआ जिसके बाद युवती ने विवाद के दौरान सेल्समैन के सीने पर पिस्टल लगा दी। पुलिस ने इस मामले का वीडियो वायरल होने और सेल्समैन की तहरीर पर मामला दर्ज करके विधिक कारवाई करने में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि बिलग्राम कोतवाली इलाके के सांडी रोड पर स्थित हाईवे फ्यूल सेंटर का है। रविवार शाम 6 बजे का शाहबाद कोतवाली इलाके के रहने वाले एहसान खान उनकी बेटी सुरीश खान उर्फ अरीबा और पत्नी हुस्नबानो इस पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाने आए थे। सीएनजी डलवाने के दौरान सेल्समेन रजनीश कुमार ने उनसे गाड़ी से उतरने को कहा, लेकिन जब वह लोग नहीं उतरे, तो उसने उन्हें खतरे से आगाह करते हुए बिना उतरे कार में सीएनजी डालने से मना कर दिया।


**अल्पकालिक निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 23वीं वाहिनी पीएसी को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मानक मद-29 अनुरक्षण मद के अन्तर्गत आवंटित अनुदान से कराये जाने वाले अनुमोदित 05 कार्यों के टेण्डर दिनांक-20/06/2025 तक आमंत्रित किये गये हैं। विस्तृत जानकारी वाहिनी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सेनानायक
23वीं वाहिनी पीएसी
मुरादाबाद

UPID-235017, DATE-16/06/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला ने मांगा एसपी से इंसाफ

## पति की हत्या की आशंका जताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महिला ने एसपी से इंसाफ मांगते हुए अपने पति की हत्या की आशंका जताई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रहटा बिल्लौच निवासी शमा परवीन ने आज दोपहर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में पेश होकर थाना नूरपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 195 / 25 धारा 303 ( 2 ) व 317 ( 2 ) बीएनएस की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने चांदपुर सीओ से जांच कराकर पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित महिला का कहना है कि उसका पति गाजियाबाद में शादी विवाह में डेकोरेशन का कार्य करता है। उसके ग्राम के दानिश पुत्र महबूब ने 16 जनवरी को दो लाख अस्सी हजार रुपए का डेकोरेशन का सामान लिया था। एक लाख साठ हजार रुपए वापस दे दिए थे और एक लाख बीस हजार रुपए बाकी थे। पीड़िता के पति ने 25 मई को ग्राम में जब दानिश से पैसे मांगे, तो दोनों में हाथापाई की गई। ग्राम वालों ने दोनों को समझा दिया। इसी बात को लेकर दानिश एवं उसका परिवार पीड़िता के परिवार से रंजिश रखने लगा। दानिश के पिता ने अपने कटरा चोरी की तहरीर थाना नूरपुर में तीन जून को दी और चार जून को सुबह महबूब पीड़िता के पति आसिफ के पिकअप में उसे कटरे को बेचने के लिए नूरपुर बुध बाजार में ले गया। उसमें ग्राम के अन्य लोग बुध बाजार में गए थे। पांच जून को थाना नूरपुर में पांच लोगों के खिलाफ पशु चोरी की महबूब की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें पीड़िता के पति को भी आरोपी बनाया गया।



दानिश महबूब परवेज मकसूद ने पीड़िता के घर पर भी आकर धमकी दी कि अगर आसिफ की जान बचानी है, तो एक लाख रुपये हमें दो। पीड़िता के छोटे-छोटे बच्चे हैं और उसके पति का कुछ पता नहीं है। आरोपी उसका पीछा कर रहे हैं। पीड़िता को शंका है कि कहीं आरोपी उसके पति की हत्या न कर दें। पीड़िता ने अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए अपने निर्दोष पति आसिफ का नाम मुकदमे से निकलवाने की मांग की।

# सीएचसी के गेट पर मिला शव

## बैंड बाजा ग्रुपों में काम करता था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ गेट के समीप एक वृद्ध का शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। मृतक बैंड बाजा ग्रुपों में मजदूरी पर काम करता था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ गेट के समीप सोमवार प्रात: आसपास के दुकानदारों ने देखा कि एक वृद्ध मृत अवस्था में पड़ा है। खबर मिलते ही नगर में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंचे एसएसआई श्रीपाल सिंह ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास करने लगे। तलाशी करने पर मृतक की जेब से 1900 रूपए व एक टोपी निकली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया मृतक तीन दिनों से बीमार चल रहा था तथा वह बैंड बाजा ग्रुपों के साथ मजदूरी पर काम करने जाता था। आजाद बैंड ग्रुप के स्वामी सिराजुद्दीन अहमद व बैंड मास्टर निसार अहमद कासमपुरगढ़ी ने बताया कि मृतक व्यक्ति राजू (70 वर्ष) मुस्लिम है। लगभग दस वर्षों से बैंड बाजा ग्रुपों के साथ मजदूरी पर काम करने जाता था। नगर में अलग-अलग स्थानों पर रात्रि विश्राम कर गुजारा करता था। उसके सही नाम व निवास स्थान तथा परिवार की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सवाल यह उठता है कि उक्त मृतक व्यक्ति लगभग दस वर्षों से बैंड बाजा ग्रुपों में बिना आईडी के काम करता था।

## एक नजर

### समाजसेवी हफीज का इंतकाल



**अफजलगढ़।** स्थानीय मौहल्ला मझौली निवासी समाजसेवी हफीजुल्लाह (65 वर्ष) का आज दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मौहम्मद जुनैद ने बताया कि वह आज सुबह घर पर ही थे। अचानक उनके पेट गैस बन गई और आनन-फानन में डॉक्टर को दिखाया गया। इसके बाद दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वह एक सीधे-सादे एवं मिलनसार व्यक्ति थे। इस मौके पर पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद इब्राहिम, मौहम्मद शाकिर, मुंशी इदरीस, वसीम गुर्जर, हकीम इस्माइल, नेता इस्लामुद्दीन, मौहम्मद अली, मौहम्मद हसन, मौहम्मद इरफान, मौहम्मद जैद, हाजी अब्दुल बारी, मास्टर असद, मुकीम अहमद, मास्टर सलाहुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### गुलफाम राजा बने मीडिया प्रभारी



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप ने कर-कमलों नगर के पत्रकार गुलफाम राजा को प्रदेश के मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन द्वारा सम्मानित करने के बाद गुलफाम राजा ने कहा कि वह इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएंगे।

### बिजनौर से हजारों किसान शामिल



**बिजनौर।** हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय किसान चिंतित शिविर में शामिल होने के लिए जनपद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू चौधरी, सुनील प्रधान, ठाकुर राम अवतार सिंह, मुनेंद्र सिंह काकरान, बाबूराम तोमर, डॉ.विजय सिंह, कुलदीप सिंह, रवि शेखर तोमर, पुनीत कवराज सिंह, अवनीश कुमार, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, बलजीत सिंह, अमरपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, रोहित राणा, सुधीर चौधरी, सुजीत कुमार, मदन राणा, डॉ. विजय सिंह, अमरदीप सिंह आदि शामिल थे।

### हादसे पर जताया शोक



**बिजनौर।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसो. की आर्य समाज स्थित कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पत्रकारों ने पिछले दिनों अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में 275 लोगों की मृत्यु एवं 15 जून को केदारनाथ में हेलीकॉप्टर के क्रैश हो जाने से सात लोगों की हुई दुखद मृत्यु पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मारवाड़ी, राष्ट्रीय सचिव डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह आर्य, जिला अध्यक्ष आलोक भारद्वाज, नवीन गर्ग, चंद्रमणि रघुवंशी, रामनाथ सिंह, नदीम अहमद आजाद, दीपेंद्र त्यागी, देवेंद्र सिंह आर्य, वीपी सिंह एवं हैदर अली आदि उपस्थित रहे।

### ममता राजपूत गिरफ्तार

**बिजनौर।** जनपद में तीन अभियुक्तों को विभिन्न न्यायालयों के आद.ेशों पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में स्योहारा की ममता राजपूत पत्नी योगेश, रेहड़ का असलम एवं चांदपुर का प्रमोद शामिल है।

### कार व बाइक की भिडंत में दो घायल

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ग्राम फुलसंदा के पास बाइक को कार से टक्कर मारने के दौरान दो बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जिला अमरोहा के थाना मंडी धनौरा निवासी भीम रत्न व राजा पुत्रगण कुंवरपाल बाइक से नजीबाबाद से अपने घर जा रहे थे। सोमवार को कोतवाली देहात मार्ग पर ग्राम फुलसंदा के पास कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। कार चालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सऊदी अरब में युवक की मौत



**नूरपुर।** मौहल्ला इस्लाम नगर निवासी दिलशाद पुत्र हारुन अहमद लगभग दो साल से सऊदी अरब में रहकर किसी कंपनी में ड्राइविंग करता था। हर रोज की तरह बीते दिन भी अपनी ड्यूटी पर गया था। ड्यूटी पर जाने से पहले उसने अपने घर पर मां-बाप से बातचीत कर अपना हालचाल बताया तथा घर वालों का भी हालचाल जाना। वो बहुत खुश था। उसने दो महीने बाद घर पर आने की बात कह कर फोन काट दिया। मगर मां-बाप को क्या मालूम था कि बेटे से सिर्फ आखिरी बार बात होगी। शाम को ड्यूटी से आते समय दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहां पर मौजूद लोगों ने हारून को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने उसे देखा, तो जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी मौत के बारे में घर वालों को बताया, तो मां-बाप के पैरों की जमीन खिसक गई और मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। हारून की मौत की खबर जंगल की आंग की तरह फैल गई। हारून की मौत की खबर सुनकर हर कोई उनके घर पर पहुंच कर उसकी मौत के बारे में जानकारी करते हुए नजर आ रहा था। परिवार वालों को अपने बेटे के शव का इंतजार है। अब देखना यह है कि सऊदी अरब सरकार हारून के शव को कब भारत वापस भेजती है। मां-बाप को अपने बेटे के शव का इंतजार बेसब्री से है। क्योंकि सऊदी अरब से किसी का शव का आना बड़ा मुश्किल काम है।

# 24 को बिजनौर में धरना देंगे चन्द्रशेखर

## जिला प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर नगीना के सांसद चन्द्रशेखर 24 जून को जिला मुख्यालय पर धरना देते हुए प्रदर्शन में शामिल होंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज विश्राम गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार व भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर ने कहा कि जनपद में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई है। आम नागरिक बेहद परेशान है। विद्युत व्यवस्था में सुधार करने के लिए अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो 24 जून को जिला मुख्यालय पर सांसद चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



इस मौके पर किसान मोर्चा के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र राणा, नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद, मण्डल महासचिव एस के हल्दिया, ललित आजाद, अभिषेक, जितेन्द्र प्रधान आदि मौजूद थे।

# मजबूती के लिए एकजुटता पर जोर

## बसपा की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा की समीक्षा बैठक में पार्टी की मजबूती के लिए एकजुटता पर जोर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज जिला कार्यालय पर बिजनौर विधानसभा की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जितेंद्र कुमार रवि विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं ब्रह्मपाल सिंह विधानसभा प्रभारी के संचालन में आयोजित बैठक में सतपाल पीपला व धनीराम सिंह मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल तथा दिलीप कुमार उर्फ पिंटू जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।




सेक्टर कमेटियों की समीक्षा करते हुए सतपाल पीपला मुख्य मंडल प्रभारी ने कहा कि यदि सेक्टर व बूथ कमेटियों को मजबूती के साथ बना लिया गया, तो कोई ताकत बीएसपी को हरा नहीं सकती है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीएसपी का ही परचम लहराएगा और पांचवीं बार मायावती ही मुख्यमंत्री बनेगी।

वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि साफ-सुथरी छवि के लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए। वक्ताओं ने कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर हमें एकजुटता के साथ काम करना है। बैठक में अकील अंसारी सदस्य जिला कमेटी, समर सिंह एड. व कविराज सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, संजीव कुमार सैनी विधान सभा प्रभारी, मौहम्मद अली विधानसभा कोषाध्यक्ष, मुंशी सद्दीक जिला सचिव, विजेंद्र कश्यप जिला संयोजक आदि ने विचार व्यक्त करते हुए महापुरुषों के मिशन व मूवमेंट को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्मेंद्र सिंह, विपिन कुमार, मुनेश कुमार, यादराम प्रधान, लाखन सिंह, जसवंत सिंह उर्फ पप्पू, लक्ष्मण सिंह प्रधान, करतार सिंह, कृपाल सिंह ,अमिचंद, वीर सिंह, तेजपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह प्रधान, लोकेश कुमार, राष्ट्र मित्र रवि, खजान सिंह, सलीम अहमद, राजेंद्र सैनी सेक्टर अध्यक्ष बने अल्वी, मौहम्मद ताहिर, मौहम्मद अय्यूब, मुनेश कुमार, बृजेश कुमार, आकाश, ब्रह्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# चिंतन शिविर के लिए किसान रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हरिद्वार में तीन दिवसीय लगने वाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सोमवार को नहटौर ब्लाक से जिला सचिव चौधरी जगत सिंह डबास, जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार के नेतृत्व में किसान रवाना हुए।

बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों की बैठक के लिए हरिद्वार में लाल कोठी और स्नान करने के लिए वीआईपी घाट खुलवाने के लिए सरकार से मशक्कत की थी। तभी से लगातार हर वर्ष जून की 16, 17 व 18 तारीख को तीन दिवसीय शिविर लगता चला आ रहा है। देश के कोने-कोने से किसान वहां पहुंचते है। इसी के तहत नहटौर क्षेत्र से किसान शिविर में शामिल होने के लिए रवाना हुए। शिविर में जाने वालों में ब्लॉक महासचिव अशोक सैनी, तहसील महासचिव शीशपाल सिंह, नरेन्द्र सैनी, हेमेन्द्र राठी, शिवनाथ सिंह, सुमित कुमार, अरुण चौधरी, बृजपाल सिंह, अरनव चौधरी, अकिंत कुमार आदि किसान अपने-अपने वाहनों से रवाना हुए।

# हिस्ट्रीशीटर एजाज गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने 15 नवम्बर 2023 को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि उनके मकान से रात में जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिए गए। पुलिस ने धारा 457 व 380 में रिपोर्ट दर्ज की थी। 14 दिसम्बर 2023 को वादी ने चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि वह मकान में ताला लगाकर शादी समारोह में गए थे। इस बीच अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेव. रात एवं नकदी चोरी कर ली गई। दोनों अभियोगों में विवेचना के दौरान अभियुक्त एजाज उर्फ छोटे पुत्र इमाम खां निवासी ग्राम गंगौड़ा शेख, थाना कोतवाली देहात का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने जेवरात सहित अभियुक्त एजाज को गिरफ्तार कर लिया है। एजाज कोतवाली देहात थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके पास से चोरी किए गए जेवरात भी बरामद किए गए है। उसने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम खेड़की व मौहल्ला सरायरफी में रात के समय उसने अकेले ही दोनों वारदातों को अंजाम दिया था। एजाज का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

# गुलदार ने बछिया को बनाया निवाला

**अफजलगढ़।** बीती देर रात ग्राम भूतपुरी उर्फ शाहपुर जमाल ग्राम में गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। महसनपुर रोड की पुलिया के पास खेतों की तरफ जा रहे किसानों को अचानक गुलदार नजर आ गया। किसान प्रीतम, बंटी, चंदपाल और मुनेश जैसे ही खेतों की तरफ बढ़े, तो झाड़ियों से निकलकर गुलदार सामने आ गया। किसानों के शोर मचाने पर वह खेतों की ओर भाग गया। घटना की खबर ग्राम में फैलते ही लोग सहम गए। ग्रामीणों ने बच्चों और पशुओं को अकेले बाहर भेजना बंद कर दिया है। ग्राम मुरादनगर में भी गुलदार का आतंक देखने को मिल रहा है। ज्ञानपाल सिंह के घर के पीछे घुसे गुलदार ने आवारा बछिया को मार डाला। यह घटना बीती देर रात की बताई जा रही है। लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

# तहजीबा की मौत के मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

## फांसी लगाकर मारने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर मृतका के पिता ने तहरीर देकर ससुराल पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंसूर अली खान पुत्र कासम अली निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी ने थाना कालागढ़, उत्तराखंड में तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि अपनी पुत्री तहजीबा (20 वर्ष) की शादी छह माह पूर्व मुस्लिम में रीति रिवाज के अनुसार अमान खान निवासी बी, 227 नई कॉलोनी, कालागढ़ के साथ हुई थी। अमान खान वन विभाग में कार्यरत है। 15 जून को नव विवाहिता के पति व उसके परिजनों ने फांसी के फंदे पर लटका कर तहजीबा की हत्या कर दी, क्योंकि अमान का प्रेम प्रसंग चांदनी नाम की किसी युवती से चल रहा था। पीड़ित पिता ने अमान खान पुत्र नाजिम खान, सास रेशमा पत्नी नाजिम खान, मुस्कान पुत्री नाजिम खान, अमान खान के भाई व भाभी के द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा गला घोंट कर मार देने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना अध्यक्ष संजीव मंमगाई ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# मौहम्मद रफी का तालीम पर जोर

## बच्चों को बनाए अच्छा इंसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोगीरम्पुरी।** जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रफी अंसारी ने तालीम पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा इंसान बनाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय न्यू कॉलोनी में इंग्लिश मीडियम स्कूल का उद्घाटन पूर्व प्रधान व जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रफी अंसारी ने फीता काट कर किया।

उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने बच्चों को तालीम दिलाते हुए अच्छा इंसान बनाए। उन्होंने कहा कि आज साइंस और टेक्नोलॉजी का दौर है। अपने बच्चों को इंग्लिश और साइंस में उच्च शिक्षा दिलाए। बच्चों की नीव मजबूत रखने के लिए नर्सरी से ही इंग्लिश पढ़ाए।

प्रधानाचार्य हसन नियाज ने बताया कि वर्तमान परिस्तिथियों में टेक्नोलॉजी तेज रफ्तार से बदल रही है। दौड़ में वहीं आगे निकलता है, जो समय के साथ चलता है। उन्होंने बताया कि स्कूल में डिजिटल और कंप्यूटर द्वारा शिक्षा दी जायेगी। आधुनिक प्रणाली से शिक्षा दी जायेगी।



इस अवसर पर मौलाना आबिद मेहंदी, प्रधानाचार्य हसन रियाज, हैदर अब्बास, छाया कश्यप, फिरोज हैदर, मौहम्मद मिया, ईद अली, ताहिर हुसैन, जावेद हुसैन, दानिश अंसारी, मुन्ना अकबर, अबू मौहम्मद, अली हैदर आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार की रोडवेज बस की टक्कर से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रोडवेज बस की टक्कर से सोमवार दोपहर नगीना निवासी बाइक सवार युवक की अमरोहा में मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नगीना थाना क्षेत्र का निवासी था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा दोपहर करीब तीन बजे गांव कुम्हारपुरा के पास हुआ। यहां रोडवेज बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक छोटेलाल पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी गांव जमालपुर बांगर थाना नगीना जिला बिजनौर की मौत हो गई। वहीं, रोडवेज बस चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# महमूद कस्सार सपा जिला अध्यक्ष नियुक्त

## अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के वरिष्ठ नेता महमूद कस्सार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार समा. जवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मौहम्मद शकील नदवी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से बिजनौर के पूर्व सभासद व पार्टी के पुराने नेता महमूस कस्सार को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें 15 दिन के अन्दर जिला कमेटी का गठन कर कमेटी अनुमोदन के लिए भेजने के निर्देश दिए गए है। जिला अध्यक्ष महमूद कस्सार का कहना है कि 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है और पुलिस बेगुनाहों का उत्पीड़न कर रही है। साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है।



# राजकीय पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राजकीय पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक शिक्षक विहार स्थित सत्यधाम धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आनंद सिंह ने की जबकि संचालन डॉ. आर. के. चौहान द्वारा किया गया। बैठक का शुभारंभ योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा प्रार्थना के साथ हुआ।

बैठक में श्री राम सिंह सैनी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि योग और प्रात:कालीन यज्ञ से शरीर, मन और आत्मा तीनों को लाभ मिलता है। उन्होंने भ्रमर ध्यान, मंडूक आसन, पवन मुक्तासन, मकर आसन, वृक्षासन, तितली आसन जैसे आसनों के अभ्यास को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व वरिष्ठ एवं युवा योग समिति धामपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर की जानकारी दी गई, जो 19 जून से 21 जून 2025 तक प्रात: 5:30 बजे से 7:00 बजे तक सुमंगलम फार्म हाउस, धामपुर में आयोजित किया जाएगा। सभी सदस्यों से शिविर में भाग लेने का आग्रह किया गया। बैठक में पर्यावरण सरंक्षण पर भी जोर दिया गया। अध्यक्ष श्री आनंद सिंह ने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में प्रत्येक सदस्य को कम से कम एक वृक्ष लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। बैठक में रामसिंह सैनी, आनंद शमी और लखपत सिंह द्वारा ओजस्वी गीतों की प्रस्तुति की गई, जिससे वातावरण में जोश और ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गजराज सिंह, विनोद कुमार, डॉ. आर.के. चौहान, जसवंती सिंह, सुभाष चंद्र, बलराम सिंह, सोमवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, वी. के. रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।



# कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुटे थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि स्योहारा क्षेत्र में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो भी व्यक्ति अपराध में लिप्त है उसे दो ही विकल्प दिए जा रहे हैं या तो अपराध करना बंद कर दे या फिर स्योहारा क्षेत्र छोड़ दे।

स्योहारा थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार सक्रिय है और क्षेत्र में चोरी, लूट, नशे का कारोबार, महिला उत्पीड़न जैसी आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कस रही है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों में कई बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है और अनेक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी अपील की है कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने यह भी कहा कि हर गली हर मोहल्ले पर पुलिस की नजर है और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। अमित कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधियों के लिए स्योहारा में कोई जगह नहीं है। अब वक्त आ गया है कि या तो वे सुधर जाएं या फिर खुद को जेल या क्षेत्र से बाहर जाने के लिए तैयार कर लें। थाना स्योहारा द्वारा शुरू की गई यह सख्त कार्यप्रणाली नगर वासियों में विश्वास पैदा कर रही है और अपराधियों में हड़कंप मचा है।



# हृदेश कुमार शर्मा का हृदय गति रूकने से निधन

## ग्राम में शोक की लहर दौड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी जनपद रामपुर पुलिस लाइन में तैनात दरोगा का हृदयाघात के कारण निधन हो गया। परिजनों में कोहराम मच गया तथा ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी हृदेश कुमार शर्मा (56 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह शर्मा की भर्ती पुलिस विभाग में साल 1986 में हुई थी। इस समय उनकी तैनाती जनपद रामपुर की पुलिस लाइन में थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और दो बेटियां हैं।

रविवार को ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। साथी पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन रामपुर पहुंच गए हैं। बड़े पुत्र विकास ने बताया कि वो पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शव को पोस्टमार्टम के बाद जनपद रामपुर पुलिस लाइन लाया गया। वहां एसपी रामपुर विद्यासागर, अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा दरोगा हृदेश कुमार शर्मा के पार्थिव शव पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को लेकर पृथक ग्राम नाबका लाया गया। वहां पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सोमवार को बनैली नदी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# अतुल भारती को बनाया भाजपा का मण्डल मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नगर के बड़े ही ऊर्जावान, लगन व बड़ी ही जिम्मेदारी से भारतीय जनता पार्टी के कार्य करने वाले युवा नेता अतुल भारती का कार्यों को देखते हुये उन्हें मण्डल मंत्री मनोनीत किया गया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अतुल भारती को शुभकामनायें दीं। अतुल भारती ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी धन्यवाद करता हूं कि आज पूरे विश्व में हमारे भारत का नाम गूंज रहा है। भ

ारतीय जनता पार्टी ने मुझे नगीना नगर का मण्डल मंत्री बनाया है। इसके लिए मैं आभारी हूं और यकीन दिलाता हूं कि मैंने जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के कार्य को बड़ी लगन व जिम्मेदारी से किया है और आगे भी इसी तरह से करुंगा और ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को जोड़ने का प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि देश भर में चल रही योजनाओं के बारे में भी सभी को सूचना देने का काम करुंगा ताकि ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।



# युवा वन स्थापना के अंतर्गत लगाए पेड़

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव के निर्देश में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की देखरेख में युवा वन स्थापना के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न पेड़ों को लगाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में बाल वन और युवा वन स्थापित करना, ताकि युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके और पौधों के महत्व को समझाया जा सके। इसका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल करना है। जिससे वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जा सके। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, प्रधान लिपिक राजेंद्र कुमार, कनिष्ठ लिपिक अनुराग भारद्वाज, अनील कुमार, सौरभ कुमार, राजेंद्र कुमार, विनीत कुमार, अंकुश कुमार, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।




# बाइकों की भिड़ंत में दो गंभीर घायल

## घायल को सीएचसी में भर्ती कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दो बाइकों की भिड़ंत में दो बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। जिसमें से एक को पुलिस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जंहा से गम्भीर अवस्था के चलते हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

सोमवार को देर शाम गांव जटपुरा महावतपुर निवासी युवक चमन कुमार पुत्र टेक चंद अपने साथी बंटी पुत्र कल्लू सिंह के साथ ग्राम से शेरगढ़ आ रहे थे कि अचानक मार्ग रामनगर तिराहे के समीप एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बंटी व चमन गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पंहुची पुलिस ने घायल चमन को अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं बंटी को परिजन काशीपुर लेकर रवाना हो गए। मामले में पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हवन पूजन के साथ समापन

**नगीना।** स्टेशन रोड सिंचाई विभाग के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा का कथावाचक आचार्य उमेश दुबे ने सोमवार को हवन पूजन के साथ समापन किया। इस मौके पर उमेश आचार्य ने कहा कि आज सनातन को जिंदा रखने के लिए प्रत्येक घर परिवार में श्रीमद् भागवत कथा का पाठ होना चाहिए। विशेषकर उन मासूम बच्चों को स्मरण करना चाहिए, जो सुबह से देर रात तक मोबाइल फोन पर लगे रहते हैं और वे घर परिवार की मान मर्यादा को भूलते जा रहे हैं। यदि समय रहते हमने अपने बालकों और युवाओं को श्रीमद् भागवत कथा की ओर आकर्षित नहीं किया, तो यह सनातन समाज के दिए घोर संकट खड़ा कर देगा। उन्होंने कहा कि हम अपने बाल बालिकाओं के सामने भगवान श्री राम व कृष्ण भगवान के आचरण का वर्णन करने की आवश्यकता है। जिसकी ओर से समाज के लोग जागृत नहीं हो पा रहे हैं। जबकि छोटे बड़े कथा वाचकों सत्संग व प्रवचन के माध्यम से समाज में अपने धर्म के प्रति बड़े स्तर पर जन जागरण किया जा रहा है। इस मौके पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर पंडित अजय तिवारी, मुकेश कुमार, डोली शर्मा, बीना देवी, सीमा देवी, आशा रानी, कुमकुम रानी, करण शर्मा, अनिल टंडन, संजय अग्रवाल, रोहित गुप्ता, मोहित गुप्ता, संजीव गुप्ता, मोहित ठाकुर, बबलू मिगलानी, रामबहार जोशी, गर्वित मल्होत्रा, वैभव टंडन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जनचौपाल

## पूर्व विधायक सतीश गौतम ने गिनाईं केंद्र और यूपी सरकार की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मौहल्ला सय्यदबाड़ा में सरदार हरमीत सिंह के आवास पर विकसित भारत का अमृतकाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगीना के पूर्व विधायक सतीश गौतम ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कय्यूम राइन की अध्यक्षता व वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलक राज के संचालन में आयोजि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतीश गौतम ने बताया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में जनभागीदारी और तकनीकी नवाचार पर ध्यान दिया। जनधन योजना के तहत 55 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए। डीबीटी के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों को मिले। आयुष्मान भारत योजना से लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

महिला सशक्तिकरण के लिए उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मातृ वंदना योजना चलाई गई। चंद्रयान-3 की सफलता और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 142 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए।

विधायक ने यूपी में योगी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पेयजल की सुविधाएं बेहतर हुई हैं। कार्यक्रम में नवनियुक्त मंडल महामंत्री सरदार हरमीत सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली।

इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, कय्यूम राइन, सरदार हरमीत सिंह मल्हौत्रा, अतुल भारती, तिलक राज, शैलेंद्र, बॉबी, मनोज कालरा, नंदलाल, इमरान इंद्रीसी, पप्पू आदि मौजूद रहे।




# बच्ची के पैर में सांप ने काटा

**अफजलगढ़।** बाग में खेल रही बच्ची के पैर में सांप ने काटा। परिजनों ने बच्ची को उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया । जहां से उपचार के बाद बच्ची को घर भेज दिया गया। सोमवार की शाम नगर के मौहल्ला बेगम सराय निवासी जाकिर हुसैन की सात वर्षीय बच्ची यसरा बाग में खेल रही थी कि अचानक उसके पांव में सांप ने डस लिया। बच्ची को पता चलते ही उसने परिजनों को जानकारी दी। जिस पर उसे उपचार हेतु सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक मनीष कुमार ने उपचार के बाद बच्ची को घर भेज दिया। फिलाल बच्ची की हालत में सुधार है।




## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की रावली रोड योजना (भागीरथी योजना) बिजनौर में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 82 प्रदेशन पत्रांक 1049 दिनांक 01.05.1987 द्वारा श्री शिवराज सिंह पुत्र श्री युद्धवीर सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 30.06.1987 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबंध निष्पादित कराकर को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा दिनांक 27.12.1988 को इस कार्यालय से पट्टा विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 31.12.1988 को पंजीकृत करा लिया गया। आवंटी द्वारा श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री जगराम सिंह के पक्ष में दिनांक 29.07.2006 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री जगराम सिंह द्वारा उक्त भवन श्री ब्रजमोहन सिंह रवि पुत्र श्री शीशराम सिंह रवि के पक्ष में दिनांक 18.12.2017 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्री ब्रजमोहन सिंह रवि पुत्र श्री शीशराम सिंह रवि द्वारा श्री मुकेश चन्द पुत्र श्री बाबूलाल एवं श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री पहुप सिंह के पक्ष में दिनांक 13.08.2008 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्री मुकेश चन्द पुत्र श्री बाबूलाल एवं श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री पहुप सिंह द्वारा श्री सत्येन्द्र सिंह आर्य पुत्र श्री नैपाल सिंह के पक्ष में दिनांक 11.11.2009 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। तत्पश्चात श्री सत्येन्द्र सिंह आर्य पुत्र श्री नैपाल सिंह द्वारा श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार सिंह के पक्ष में दिनांक 26.02.2011 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है।

अब क्रेता श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य के द्वारा मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 82, रावली रोड योजना (भागीरथी योजना), बिजनौर को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबंध कार्यालय (बिजनौर), उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई क्लेम/ आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से -सम्पत्ति प्रबंधक**
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, आफिस काम्पलेक्स (भूतल), सेक्टर-5 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ.रूस्तम गलत संगत में पड़ कर बिगड़ गया है। वह मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। उसके गलत आचरण व व्यवहार से दुखी व परेशान होकर मैंने रूस्तम से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्य का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **मौ. अख्तर पुत्र शेर मौहम्मद, ग्राम रामजीवाला चपड़ा, थाना बढ़ापुर (बिजनौर)**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. कासिम व उसकी पत्नी गुलशन व मेरा पुत्र मौ.आसिम व उसकी पत्नी साहिबा मेरे साथ गाली गलौच व मारपीट करते है। मेरा कोई लिहाज नहीं करते है। मुझ पर झूठे आरोप लगाते है। इन चारों के गलत आचरण व व्यवहार से दुखी व परेशान होकर मैंने इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति व हवेली से बेदखल कर दिया है और इन चारों से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त कर लिया है। मेरे पुत्र मौ.कासिम व मौ. आसिफ व पुत्रवधू गुलशन व साहिबा के किसी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **मुन्ने शाह पुत्र तौफीक शाह, ग्राम शादीपुर, पोस्ट हरगनपुर, परगना व तहसील नगीना (बिजनौर)**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पैन कार्ड सं. एल.ओ.जे.पी.के. 9894 एल. में मेरा नाम साजन कुमार लिखा है। अब मैंने अपना नाम पहचान पत्र व आधार कार्ड आदि में जसदीप सिंह मालवा करा लिया है। अब मैं अपने उक्त पैन कार्ड में अपना नाम साजन कुमार के स्थान पर जसदीप सिंह मालवा कराना चाहता हूं। अत: उपरोक्त पैन कार्ड में मेरा नाम जसदीप सिंह मालवा करने की कृपा करें। **जसदीप सिंह मालवा पुत्र श्री रामअवतार सिंह निवासी मौहल्ला फतेहनगर, कस्बा शेरकोट, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# जेवीएम कालेज में जांच को पहुंची टीम

## कॉलेज में प्रदर्शनी लगाने का मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जेवीएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में नियमों के विपरीत प्रदर्शनी लगाने की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गठित टीम ने सोमवार को कालेज पहुंचकर जांच की। टीम ने शिकायतकर्ता व प्रबंध कमेटी से मामले की जानकारी ली और जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही।

जानकारी के अनुसार 20 मई से नगर स्थित जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कालेज के खेल मैदान में प्रदर्शनी नियमों के विपरीत लगाने की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से अनिल कुमार जैन पुत्र राजेंद्र कुमार जैन ने किया था। उनका आरोप है कि स्कूल प्रबंधक की नवनियुक्त कमेटी ने अपने निजी लाभ के चलते नियमों के अनदेखी करते हुए कालेज के खेल मैदान में प्रदर्शनी लगाने की परमिशन दे दी हैं। जिसके तहत बाहर से आए ठेकेदार ने कालेज के खेल मैदान में प्रदर्शनी का आयोजन कर लिया हैं।कालेज के खेल मैदान में प्रदर्शनी लगने से नगर के अनेक बच्चे स्कूल की छुट्टी के चलते अपना खेल अभ्यास करने में असमर्थ है। शिकायतकर्ता अनिल कुमार जैन ने बताया कि प्रदर्शनी लगने से पूर्व ही कमेटी को उनके द्वारा अवगत करा दिया गया था कि खेल मैदान में किसी भी तरह की प्रदर्शनी का आयोजन करना अवैध है। बावजूद इसके कमेटी के लोगों ने निजी लाभ के चलते खेल मैदान में प्रदर्शनी लगाने की परमिशन देकर नियमों की धज्जियां उड़ाई है। अनिल कुमार जैन ने मामले की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से कर उक्त प्रदर्शनी को बंद कराए जाने की मांग की थी। शिकायत के आधार पर सोमवार को राजकीय हाईस्कूल शाहलीपुर के प्रधानाचार्य शरद कुमार के नेतृत्व जांच टीम जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जांच करने पहुंची। जांच टीम ने शिकायतकर्ता व प्रबंध कमेटी के लोगों से अलग-अलग बात कर मामले की जांच की। शरद कुमार ने बताया कि रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी। मामले में स्कूल प्रबंधक संदीप जैन ने बताया कि कालेज की हालत जर्जर बनी हुई है जिसके सुधार के लिए कालेज में कोई इनकम का स्रोत नहीं है। कालेज की हालत को बेहतर बनाने के लिए छुट्टियों के दौरान मैदान किराए पर दिया गया है। ताकि उससे होने वाली इनकम के द्वारा कालेज की हालत मे सुधार किया जा सके।

# चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए भाकियू कार्यकर्ता हरिद्वार रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हरिद्वार मे तीन दिवसीय लगने वाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्टीय चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सोमवार को नहटौर ब्लाक से जिला सचिव चौधरी जगत सिंह डबास, जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार के नेतृत्व में किसान रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों की मिटिंग के लिए हरिद्वार में लाल कोठी ओर स्नान करने के लिये वीआईपी घाट खुलवाने के लिये सरकार से मशक्कत की थी। तभी से लगातार हर वर्ष जून की 16, 17, 18 तारीख को तीन दिवसीय शिविर लगता चला आ रहा है। देश के कोने कोने से किसान वहां पहुंचते है। इसी के तहत नहटौर क्षेत्र से किसान शिविर में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

शिविर में जाने वालों में ब्लाक महासचिव अशोक सौनी, तहसील महासचिव शीशपाल सिंह, नरेन्दर सैनी, हेमेन्दर राठी, शिवनाथ सिंह, सुमित कुमार, अरुण चौधरी, बृजपाल सिंह, अरनव चौधरी, अकिंत कुमार आदि किसान अपने अपने वाहनों से रवाना हुए।

# क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में गोपालपुर ने मायापुरी को हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** जीतपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में गोपालपुर ने मायापुरी की टीम को हराकर टूर्नामेंट जीता।

रविवार को मायापुरी और गोपालपुर की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया, गोपालपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी मायापुरी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट पर 155 रन बनाएं। जिसमें आशीष ने सर्वाधिक 76 रन बनाए। गोपालपुर की ओर से राहुल ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोपालपुर की टीम ने 6 विकेट खोकर मैच जीत लिया। आदित्य ने सर्वाधिक 52 रनों का योगदान दिया। मायापुरी की ओर से अश्वनी ने दो विकेट लिए। गोपाल. पुर के आदित्य को मैन ऑफ द मैच और मायापुरी के बल्लेबाज आशीष को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कमेटी ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। अंपायर सत्येंद्र व सलमान रहे। टूर्नामेंट में 48 टीमों ने भाग लिया था। पीतम सिंह, हिमांशु, देवराज, राहुल, शुभम, अजीत, आदि का सहयोग रहा।

# गंभीर समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

## ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव सरकड़ा चकराजमल के ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गांव की गंभीर समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्रमुख तालाब में लगातार आवारा पशु गिरकर मर रहे हैं, जिससे पानी सड़ चुका है और आसपास संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के किनारे ही प्रसिद्ध शनि देव मंदिर स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को आते हैं। लेकिन सड़े पानी की दुर्गंध, कीड़े-मकोड़े और गंदगी के कारण मंदिर परिसर का वातावरण दूषित हो गया है। श्रद्धालुओं को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर का मुख्य रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो चुका है, जो जगह-जगह गड्ढों से भरा हुआ है। सोमवार को हुई बारिश के बाद यह स्थिति और खराब हो गई है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने गांव में नाले पर हो रहे अवैध कब्जे का भी मामला उठाया। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने नाले पर पट डालकर कब्जा कर लिया है, जिससे उसकी सफाई नहीं हो पा रही है और जलभराव जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। इस कब्जे से गांव की जल निकासी व्यवस्था भी चरमरा गई है। ग्रामीणों ने इन सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन में उर्मिला देवी, पूजा देवी, धर्मपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, थमन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बारिश में धराशायी हुई नवनिर्मित सड़क

## सीएम पोर्टल पर शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कड़ापुर के मौजा गांव बाटपुरा में करीब दो माह पूर्व बनी इंटरलॉकिंग सड़क और उसकी दीवार तेज बारिश में धराशायी हो गई। निर्माण की गुणवत्ता पर पहले से सवाल उठा रहे ग्रामीणों ने अब नाराज होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

मालूम हो कि करीब दो माह पूर्व मनरेगा के अंतर्गत इंटरलॉकिंग से निर्मित कराई गई थी, जिसका निर्माण कार्य ठेकेदार शौवीर सिंह के जिम्मे था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के उस दौरान ठेकेदार ने घटिया सामग्री का प्रयोग कर हठधर्मिता दिखाई थी। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रुकवाकर इसकी शिकायत ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह से भी की थी। ब्लॉक प्रमुख ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सड़क निर्माण कार्य में कतई भी लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी। ठेकेदार ने कार्य को पूरा करा दिया। रविवार को तेज बारिश के चलते सड़क की दीवार और इंटरलॉकिंग हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे इस मार्ग पर रहने वाले लगभग 20 परिवारों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सोधियान सिंह ने इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर दी है। वहीं योगेश, वागेश कुमार, गुनीराम, राजीव सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जिलाधिकारी से भी शिकायत करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की उच्च अधिकारियों से जांच कराएं जाने की मांग की है।

ग्राम प्रधान विनीत कुमार ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य मनरेगा के अंतर्गत कराया गया है। मामला उनके संज्ञान में है। शीघ्र ही मरम्मत कार्य कराएं जाने की बात कही है।

# ...ये परिंदे बड़ी उड़ान के हैं

## कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बज्मे अदब फिक्र ओ फन के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन (मुशायरा) रविवार की रात को नहटौर धामपुर मार्ग पर एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने शानदार मार्केट मे आयोजित किया गया। शायरों ने अपने कलाम पेश करते हुए आप्रेशन सिंदूर में बेटियों की भूमिका के बारे में कलाम पेश करते हुए कहा कि हो सोफिया कुरैशी की, हो व्योमिका बहन की। शरहदो पे शेरनिया ऐसी हो तमाम। कवियों ने भी कविताओ के माध्यम से सोफिया कुरैशी व व्योमिका का गुणगान किया।

रविवार की रात को शानदार मार्केट में बयादे सलीम सिद्दीकी मरहूम पत्रकार और एक शाम ऑपरेशन सिंदूर की जांबाज बेटियों के नाम पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन किया गया।

मुशायरे का उद्घाटन सादाब होंडा व शमा रोशन मुकेश कुमार गुप्ता व सदारत अवैस जकी ने की। मुशायरा में अफजल मंगोलोरी ने कहा कि - अब्दुल हमीद की तरह देना वतन पर जान, अब्दुल कलाम दे गए हमको यही प्याम। तनवीर फीरोजाबाद ने कहा कि - क्यों पूछते हैं आप मेरा कैसा हाल है, मर मर के जी रहा हूं यह मेरी कमाल है। निकहत अमरोही ने कहा-ख्वाब आंखों में आसमान के हैं, ये परिंदे बड़ी उड़ान के हैं। ताहिर सऊद किरतपुर ने कहा कि- इस कदर फैल गई वतन में नफरत, नाम भी बताते हुए डर लगता है। राजवीर राज चंडीगढ़ ने कहा कि- मिलन का आखिरी मौका मेरे हमदम निकल जाता, अगर तुम अब नहीं आते तो मेरा दम निकल जाता। चांद फटाफट ने कहा कि- न अब्बा के धोरे ने अम्मी के धोरे, यह दिल मेरा लगता है बीवी के धोरे। मैं रहता हूं बीवी के पहलू में यूं भी जो कुड़ा सजता है कुड़ी के धोरे। माहिर स्योहारवी ने कहा कि- मेरी आवाज का पत्थर निशाने से नहीं चुका, मैं जालिम को कभी जालिम बताने में नहीं चुका। मुशायरा में अफजल मंगलोरी, खुर्शीद मंसूरी, मुकेश गुप्ता, अवैस जकी, शमशाद अंसारी, वीरेंद्र सिंह चमार, माहिर स्योहारवी, शादाब अंसारी होंडा आदि को सम्मानित किया गया।

मुशायरा आयोजक चांद फटाफट नहटौरी, फुरकान देहलवी व अल्ताफ अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# शातिर चोरों ने बंद पड़े कोल्हू को बनाया निशाना

## स्टार्टर व केबिल चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** देर शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब एक कोल्हू स्वामी को उसके बंद पड़े कोल्हू के स्टोर से मोटर, स्टार्टर व केबिल आदि सामान चोरी होने का पता लगा। यह चोरी शनिवार देर रात को हुई। वहीं उक्त कोल्हू पर कोल्हू स्वामी के अगली देर शाम को पहुंचने के चलते इस चोरी का रविवार देर शाम को पता चला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंढाल में शाकिर पुत्र अहमद हसन का कोल्हू संचालित है जो इस समय बन्द है। बताया जाता है कि कोल्हू के स्टोर रूम में लाखों रुपये की मशीनरी और औजार मौजूद थे, जिन्हें निशाना बनाते हुए शनिवार- रविवार मध्य रात्रि में शातिर चोरों ने पहले स्टोर के ताले को कुंदे समेत निकाल लिया और फिर दो स्टार्टर सहित करीब बीस मीटर केबिल व अन्य औजार चोरी कर लिए। वहीं शातिर चोर मोटर भी चोरी कर ईख में ले गए जहां उसे काटकर तांबा निकालने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे और मोटर सहित कई अन्य सामान ईख में ही छोड़कर फरार हो गए। खेत मे आये स्थानीय किसान ने जब यह नजारा देखा तो कोल्हू स्वामी को सूचना दी। खबर मिलते ही कोल्हू स्वामी व स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से जांच पड़ताल की। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से शातिर चोरो को गिरफ्तार कर शीघ्र खुलासे की मांग की है।

# मारपीट और अश्लील हरकत के मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम बरकातपुर में कई व्यक्तियों द्वारा हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप है। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि घायल युवक ने अपने साथी के साथ रात्रि में उनके घर में घुसकर नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकतें की थीं।

नांगल थानांतर्गत ग्राम चंदोक निवासी ब्रिजेश पत्नी भूरे ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पुत्र कर्नल को गांव का ही नवनीत पुत्र सतीश बहला -फुसलाकर 13 जून की रात्रि में अपने साथ ग्राम बरकातपुर ले गया था। बरकातपुर में उसके पुत्र कर्नल के साथ कपिल पुत्र महेश, सौरव उर्फ कल्लू पुत्र वीर सिंह, गौरव पुत्र गोविन्द, महेश पुत्र शीशराम निवासीगण ग्राम बरकातपुर थाना नांगल, अन्नू पुत्र कृपाल निवासी नांगल जट थाना हल्दौर तथा अन्य ने लात-घूंसों, ईंट-पत्थर तथा लाठी-डंडों से बुरी तरह मारपीट की। महिला का कहना है कि गम्भीर रूप से घायल उसके पुत्र की सिर की हड्डी, आंखों के नीचे की हड्डी टूट गई हैं। उसके सिर में ब्लड जम गया है और तीन दांत टूट गये हैं। घटना का पता 14 जून को तड़के 4 बजे लगा। उसका पुत्र बिजनौर के एक हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती है तथा उसकी हालत चिंताजनक है।

उधर दूसरे पक्ष की महिला का आरोप है कि घायल युवक कर्नल तथा उसका साथी नवनीत 13/14 जून की रात्रि लगभग दो बजे उसके घर में घुस गये थे और कमरे में सो रही उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कर रहे थे। पुत्री के शोर मचाने पर वह तथा उसका पुत्र वहां पहुंचे थे, तो दोनों आरोपी उन्हें धक्का देकर अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गये थे। उन्होंने गांव के अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर उन्हें तलाश किया था, तो वे गांव के समीप जंगल में खड़े मिल गये थे। महिला का आरोप है कि दोनों आरोपी उसकी पुत्री के साथ स्कूल जाते हुए भी छेड़छाड़ करते थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज कर लिये गये हैं। बरकातपुर निवासी महेश तथा नांगल जट निवासी अन्नू को हिरासत में लिया गया है।

# विमान हादसों पर शिवसेना ने जताई चिंता

## मृतकों की आत्मा की शांति व उनके परिवार की सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला गोकुल नगर में विष्णु धाम मंदिर चांदपुर में अहमदाबाद गुजरात में हुए भीषण विमान हादसे में हुई दुर्घटना पर दुख जताते हुए हादसे में मृतकों की आत्म की शांति के लिए और उनके परिवार की सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन शिवसेना द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में आज जन जागृति सम्मेलन सागर फार्म हाउस चांदपुर में होने जा रहा था। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह व पश्चिम प्रभारी महेश आहूजा और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव सह प्रभारी रविंद्र भारद्वाज संघर्षी रहते और बड़ी संख्या में शिवसेना, युवा सेवा और भवानी सेवा के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित होते। लेकिन दुर्भाग्यवश इतनी बड़ी विमान हादसों की घटनाओं को देखकर शिवसेना के प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने इस सम्मेलन को स्थगित कर दिया। विकास त्यागी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कोई खुशी या कोई भी इस तरह से सम्मेलन आयोजित नहीं होने चाहिए और विमान हादसे में मृतकों व उनके परिवार की सुख शांति के लिए हवन-यज्ञ करने के लिए शिवसेना के जिला प्रमुखों को निर्देशित किया। जिसको लेकर आज शिवसेना युवा, भवानी सेना के पदाधिकारी ने विष्णु धाम मंदिर चांदपुर में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु व उनके परिवार के सुख-समृद्धि के लिए हवन यज्ञ किया और कार्यक्रम के समापन में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मोन धारण किया गया। उधर केदारनाथ धाम में कुछ यात्रियों की विमान हादसे में मौत हो गई। इस को लेकर शिव सेना के प्रदेश महासचिव व सहप्रभारी रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी ने कहा कि शिवसेना बड़ी चिंतित है। दोनों हादसों की सरकार को विशेष जांच कराने की आवश्यकता है। जिससे आने वाले समय में विमान हादसे ना हो। मृतकों के परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी और घायलों को उचित उपचार दिलाये जाने की भी मांग की।

कार्यक्रम में हवन यज्ञ का आयोजन पंडित रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी प्रदेश महासचिव पश्चिम प्रभारी ने स्वयं किया। कार्यक्रम में मंडल प्रमुख आर.के. आर्य एड., जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा, युवा शिव सेना, जिलाप्रमुख विकास त्यागी, भवानी सेना जिला प्रमुख सोनम त्यागी, उपाध्यक्ष मंगलेश देवी, धामपुर नगर प्रमुख कांति देवी, धामपुर नगर प्रमुख शिवसेना बृजमोहन प्रजापति, जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह, मनवीर यादव, पिंकी त्यागी, सलोनी त्यागी यादव, सविता शर्मा, अंकित शर्मा, पूनम त्यागी, हिमानी देवल, क्षेत्रपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह सिरोही, साक्षी सैनी, राधा ठाकुर, दुष्यंत कुमार, गोपाल सिंह, गौरव सैनी, अंकित सैनी, नरेश सैनी, मीनू देवी, देशराज सैनी, टीनू त्यागी, रोहित सैनी, सत्येंद्र सैनी, अंकित भारद्वाज, हर्षित, शिवा शर्मा आदि भारी संख्या में शिव सैनिक मौजूद रहे।

सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## एक नजर

### परिणीता चौहान ने बढ़ाया गौरव



**धामपुर।** बसेड़ा कुंवर निवासी संदीप कुमार एवं रीता चौहान की पुत्री परिणीता चौहान ने अपनी प्रतिभा के बल पर आल इंडिया रैंक 14514 तथा जनरल कैटेगरी रैंक 6215 प्राप्त करके अपने परिवार के साथ ही बिजनौर जिले को गौरवान्वित किया है। परिणीता ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की असीम कृपा व दादा-दादी के आशीर्वाद, माता पिता की प्रेरणा, गुरूजनों को दिया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एजुकोल द गर्ल्स स्कूल से ग्रहण की तथा नीट की तैयारी आकाश इंस्टीट्यूट से की। स्कूल प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र चौहान व प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हर्बल क्लीनिक का उद्घाटन



**किरतपुर।** नगर के बस स्टैंड के समीप अन्नूर मस्जिद के पास रूट्स क्योर हर्बल क्लीनिक का उद्घाटन देवबंद से तशरीफ लाए मुफ्ती मुजीबुर्रहमान साहब की दुआ से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एन.एच. मिर्जा ने क्लीनिक के शुभारंभ को नगर के लिए सुखद पहल बताया और कहा कि किरतपुर जैसे क्षेत्र में इस स्तर का हर्बल क्लीनिक खुलना एक सराहनीय कदम है। दिल्ली से आए सेक्सोलॉजिस्ट डॉ. इमरान ने कहा कि क्लीनिक के संचालक डॉ. आतिफ खान एक अनुभवी व समझदार चिकित्सक हैं। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इस क्लीनिक की सेवाओं का लाभ उठाएं। क्लीनिक के संस्थापक डॉ. आतिफ खान ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को साझा करने में संकोच करते हैं, जिससे कई बार उनका वैवाहिक जीवन भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि मरीज ऑनलाइन परामर्श की सुविधा के साथ यहां अपनी समस्याएं नि:संकोच बता सकते हैं और हर रोग का इलाज प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम को डॉ. अहसान उल करीम, शाहिद अली खान, वरिष्ठ समाजसेवी सुंदर गोयल और प्रदीप अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने संबोधित किया। इस दौरान डॉ. इमरान खान (दिल्ली), मौ. अजहर, अशरफ अली, मौ. फहद, मौ. अख्तर, नदीम खान, हुमायूं खान, नदीम शौकत, साईम नदीम, हकीम मुकसित खान, डॉ. जकी अंसारी, बिट्टू अग्रवाल, हाजी मजहर नामी, हाजी नसीम अहमद, साजिद खान, मास्टर नावेद, बाबर ठेकेदार, इंजीनियर मौ. फैज (चांदपुर), मौ. मुजीबुर्रहमान, तल्हा मकरानी, अतहर यार खान, सुलेमान अंसारी, समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर शनावर किरतपुरी ने किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक सलीम नवाब एवं डॉ. आतिफ खान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार



**चांदपुर।** गांव सब्दलपुर तेली निवासी बाबू पुत्र जमीर अहमद ने थाना चांदपुर पुलिस को 12 जून को एक प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि गांव के ही नासिर पुत्र अशफाक, साजिद पुत्र जाकिर, वाजिद पुत्र जाकिर, शाह आलम पुत्र शाकिर, वकार पुत्र नासिर, जाकिर पुत्र अजगर निवासीगण ग्राम सब्दलपुर तेली ने वादी व वादी के भाई आरिफ के साथ लाठी डंडों व लोहे की रॉड आदि से मारपीट करनी शुरू कर दी जिसमें वादी के भाई के सिर मे काफी चोट आने पर वह नीचे गिर गया। इसी बीच वादी की पत्नी शाहजहां के बचाने आने पर इन लोगों ने उसे भी लाठी डंडो से मारपीट कर बुरी तरह चोटिल कर दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा कायम कर लिया था। पुलिस ने दर्ज मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

### छेड़छाड़ का आरोपी मानव अरेस्ट



**चांदपुर।** ग्राम दरबाडा निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक युवक मानव पुत्र अनिल शर्मा ने 14 जून 2025 को उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारपीट करते हुए जान से मारने की धामकी दी। पुलिस ने वादी के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उक्त मामले मे आज आरोपी मानव पुत्र अनिल शर्मा को गिरतार कर उसका चालन कर दिया।

### समागम कार्यक्रम का आयोजन



**हल्दौर।** नगर में स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में संत निरंकारी मंडल द्वारा विशाल समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संतों ने सेवा सिमरन, सत्संग अपनाकर ही मनुष्य में अध्यात्मिक भाव पैदा हो सकते है। कार्यक्रम सदगुरु माता सुदीशा ने ऑडियो के माध्यम से भक्तों को ईश्वर को जाने बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। मानव शरीर का मिलना ही बड़ा दुर्लभ है और इस शरीर में रहकर ही ईश्वर की जानकारी प्राप्त हो सकती है। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शिक्षाविद महेंद्र सिंह ने सभी विभिन्न जनपदों से पहुंचे अतिथियों, भक्तों आदि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पारुल,भूपेंद्र, गंगाशरण, हरवीर सिंह, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल इंचार्ज महात्मा संजीव अग्रवाल व संचालन विनय राजपूत ने किया।

श्रीमद्भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व निकली कलश यात्रा

# कलश यात्रा से मिलता है अश्वमेघ यज्ञ का फल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कलश यात्रा निकालकर किया गया। पीताम्बर वस्त्र धारण कर महिलाओं, बालिकाओं ने सर पर कलश धारण कर भ्रमण किया।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा आयोजित कलश यात्रा में आचार्य अखिलेश शर्मा द्वारा पंचांग पूजन कराके सभी सौभाग्यवती महिलाओं ने एवं बालिकाओं ने कलश को सर पर धारण करके भ्रमण किया। स्थानीय देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कवित आचार्य जी ने कहा कि बालकों को जन्म से ही संस्कारित करना चाहिए ।धुंधकारी की माता ने अधिक लाड़ लड़ाते हुए अपने बालक संस्कार नहीं दिए जिसके दुष्परिणाम है। पथभ्रष्ट हो गया वैश्या गमन करने लगा अंतत: वेश्याओं के द्वारा मारा जाने पर प्रेत योनि को प्राप्त हुआ, अच्छे संस्कार पाकर गौ पुत्र गौकर्ण पंडित ज्ञानी हो गए। उन्होंने अपने पिता आत्मदेव को उपदेश देकर जीवन धन्य कर दिया। कलश यात्र में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अनिल शर्मा

**○कथा वाचक आचार्य कवित जी ने कथा के महात्म्य पर प्रकाश डाला**

भूराज चौधरी सुधीश शर्मा शिवोम शर्मा सपत्नीक यजमान बने। कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, भूरे चौधरी, सुभाष चौधारी, सत्यवीर सिंह,राजा शर्मा पप्पी चौधरी मीनू शर्मा मंजू चौधरी सुहानी शर्मा सुगंधी वर्मा प्रियांशी शर्मा रानी शर्मा शिल्पी शर्मा दीपक चौधरी दिपांश शर्मा दीपक शर्मा हर्षित शर्मा ललीत चौधरी एवं सभी भक्त भारी संख्या में उपस्थित रहे।



सम्भल- ग्राम मौहम्मदपुर टांडा में श्रीमदभागवत कथा के शुभारम्भ पर कलश यात्रा निकालते।

# प्रदेश सरकार किसान हित में चला रही कई योजनाएं

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत मृतक आश्रितों को चैक वितरित किये गये। गुन्नौर तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**○किसानों को मुख्यमंत्री कृषक दुंघटना कल्याण के सौंपे चैक**

पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत मृतक आश्रितों को सहायता राशि प्रदान की क्या रही है। सरकार किसानों को सम्मान निधि दे रही है।किसानों के लिए बीज व कृषक उपकरणों पर भी अनुदान किया जा रहा है। किसानों को कृषि लोन प्रदान किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आश्रितों को चेक का वितरण किया गया है। जिसके अंतर्गत 5 लाख की सहायता राशि प्रदान की गयीं है। इस दौरान लेखपाल, कानूनगो आदि मौजूद रहे।

सूफियाना कलामों के साथ हजरत दादा फखरूद्दीन चिश्ती के उर्स का समापन

# कुल रस्म में मांगी अमनो-अमान की दुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हजरत दादा फखरूददीन चिश्ती का उर्स कुल रस्म अदायगी के साथ सम्पन्न हो गया। बड़ी संख्या में शामिल अकीदतमंदो ने देश दुनिया में अमनो-अमान व तरक्की की दुआएं मांगी।

नगर के मोहल्ला चौधरी सराय स्थित दरगाह हजरत दादा फखरुद्दीन मियां चिश्ती रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स मुबारक सोमवार की सुबह बाद नमाजे फज्र कुल शरीफ की रस्म के साथ सम्पन्न हो गया। पूरी रात महफिले कव्वाली मे गुलाम हबीब पेंटर ने कलाम पेश कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कुल शरीफ के दौरान रंग और मेला पढ़ा गया। इसके बाद सलातो सलाम हुआ बजमे चिश्तीया साबरिया अरमुगानिया के सज्जादानशींन हजरत सैयद युनूस मियां ने मुल्क व शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ कराई। उर्स के अंतिम दिन बड़ी तादात मे अकीदतमनदो ने दरगाह पर पहुंचकर कुल शरीफ मे शिरकत की। दरगाह के सज्जादानशींन सुल्तान ने सभी मेहमानो और अकीदतमन्दों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम का संचालन मुकीम साबरी ने किया। उर्स को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस मौके पर सुल्तान सज्जादे, नदीम किदवई, मुकीम साबरी, फाजिल खां,शकील खां, हाजी मेम्बर मुख्तयार, मेम्बर अनवर आदि मौजूद रहे।



सम्भल- दादा फखरूददीन चिश्ती के उर्स पर कुल में दुआ मांगते।

# दो को फंसा चुकी, अब तीसरे की तैयारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** युवकों को फांसो और रिपोर्ट दर्ज कराओ फिर रकम ऐंठो एक महिला ने इसे अपना धंधा बना लिया है। दो युवकों पर एफआईआर दर्ज करा चुकी यवती ने अब तीसरे को फांसने को ड्रामा रच दिया। मीडिया कर्मियों के पहुंचते ही वह नौ दौ ग्यारह हो गई।

दर असल उप नगरी सराय तरीन निवासी युवती कई युवकों को शादी का बहाना बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप लगा चुकी है। एक युवक से पांच लाख की रकम न मिलने पर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी लेकिन उच्च न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। एक के बाद एक युवक को फांसकर रकम एंठने का धंधा बना चुकी महिला निजि चिकित्सक के यहां नौकरी करने लगी। वहां काम कर रहे युवक को उसने अपने झांसे में लेने का प्रयास किया। जब युवक उसकी चंगुल में नहीं फंसा और चिकित्सक से शिकायत कर दी तो चिकित्सक ने दोनों को ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। काम बिगड़ते ही उसने अपना नया पेंतरा अपनाना शुरू कर दिया। युवक पर छेड़-छाड़ का आरोप लगा दिया और पुलिस को बुला कर अस्पताल में ड्रामा करने लगी। महिला के हाई वोल्टेज ड्रामे और हंगामे की सूचना मिलते हीकई मीडिया कर्मियों को लगी तो वह मौके पर पहुंच गए। युवती को देख उसकी हकीकत समझ गए। मीडिया कर्मियों को देखते ही युवती के युवकों को फांसकर रकम ऐंठने के धंधें की पोल पटटी खुलने के डर से वह पुलिस कर्मियों को भेजकर वहां से नौ दौ ग्यारह हो गयी। बताते हैं युवती इससे पूर्व चौधरी सराय निवासी झोलाछाप पर शादी का झांसा देकर शारिरिक सम्बंध बनान का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करा चुकी है जबकि इससे पूर्व एक और युवक को अपना शिकार बनाकर उस पर रिपोर्ट दर्ज करा चुकी है। चिकित्सकों की क्लीनिक व अस्पतालों में काम करने वाले युवकों को फंसाकर उनके रकम ऐंठने के दो और मामले कर चुकी सराय तरीन निवासी उक्त युवती ने फिर एक अपनी उम्र से आध युवक को फांसने का प्रयास किया लेकिन चिकित्सक को भनक लगते ही उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## बहमन के छात्र ने नीट परीक्षा में बाजी मारी

**सिरसी।** बहमन पब्लिक के छात्र ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार व स्कूल का नाम रौशन किए जाने पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य शोभित



रस्तोगी ने बताया कि ग्राम ताहरपुर निवासी सुल्तान सलाउददीन के पुत्र मौ. हारून ने नीट परीक्षा में 518 अंक लाकर स्कूल का नाम रौशन किया है। उन्होने बताया कि छात्र की दो बहने अर्शी व आफरीन जो इसी स्कूल की छात्रायें थीं। सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है।

# शिविर लगाकर सुनीं उपभोक्ताओं की समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बिजली विभाग के अधिकारियों ने कैम्प लगाकर बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। बड़ी संख्या मे उपभोक्ताओं ने कैम्प का लाभ उठाया।

**○उपखंड अधिकारियों ने किया मौके पर निस्तारण**

नगर के मुख्य बिजली घर पर एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बिजली से जुड़े उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना गया। बिजली का बिल, मीटर खराब, बिल कम बढ़ती जैसी विभिन्न समस्याओं को सुना गया और उसका मौके पर निस्तारण किया। जबकि कुछ समस्याओं को सम्बंधित विभागीय अधिकारी द्वारा निस्तारण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप खण्ड अधिकारी प्रथम संतोष त्रिपाठी, उप खण्ड अधिकारी द्वितीय प्रभात भास्कर, तृतीय कृष्ण गोपाल, चतुर्थ आलोक कुमार, सहायक अभियंता मीटर चन्द्र भूषण सिंह, कम्पयूटर ऑपरेटर सरफराज आदि मौजूद रहे।

# मार्ग का चौड़ीकरण कराने की उपजिलाधिकारी से मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तराई किसान यूनिय के जिलाध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपकर मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने की मांग की।

**○तराई किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने सौंपा पत्र**

तराई किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हाजी नदीम ने उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र को पत्र सौंपा। पत्र मे कहा गया कि सुलेमान शहीद से बाइपास तक का रास्ता बहुत तंग हो चुका है। एक साइड मे नाला निकालने की वजह से आने जाने वाली सवारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जब कोई बड़ी सवारी आ जाती है तो साइकिल चालक नाले मे गिर जाता है। इस सम्बंध मे पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस मे भी दिया गया था। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## सुबह सवेरे बारिश से राहत, दोपहर को आफत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह सवेरे घनघोट घटा छाय बादलों से बदरा बरसते ही मौसम काफी सुहाना हो गया। काफी देर तक हुई बारिश ने लोगों को बड़ी राहत प्रदान की,लेकिन बारिश के थमते ही दोपहर को निकली धूप आफत बन गई। सुबह राहत महसूस कर रहे लोग पसीने में तरबतर रहे।



सम्भल- शंकर इंटर कॉलेज में योग शिविर में योगासन कराते योगाचार्य।

# एसडीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तराई किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश सचिव के नेतृत्व में नवागत उपजिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने किसानों की समस्याओं को लेकर वार्ता की।

**○किसानों की समस्याओं को लेकर वार्ता कर किया स्वागत**

सोमवार को तराई किसान यूनियन के प्रदेश मुख्य सचिव रफी खान एवं जिला अध्यक्ष मौहम्मद नदीम खान के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने उप जिला अधिकारी विकाश चंद से मुलाकात की और क्षेत्र में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उप जिला अधिकारी को सम्मानित भी किया। इस मौके पर चौधरी अब्बास, जिला अध्यक्ष मोहम्मद नदीम, खालिद खान, नवीन प्रजापति, हाजी जर्रार, रजा खान, कालीम खान, मेहदी हसन, वसीम, सदाकत हुसैन, मुबीन, जुनैद, जमीर, नवाब साद आदिल, शफीक मंसूरी, तालिब पधान ,धिरेंद्र यादव, प्रेमपाल यादव, खलील खान, नबील अहमद, चौधरी कासिम ताहिर, हाजी जमरुद खान आदि मौजूद रहे।



सम्भल-नवागत उपजिलाधिकारी का स्वागत करते तराई किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

# कार्य समिति की घोषणा पर किया हर्ष व्यक्त

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**बबराला।** नगर के निरीक्षण भवन में भाजपा बबराला मंडल कार्यसमिति की घोषणा होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यसमिति में मनोनीत हुए पदाधिकारियो का स्वागत किया। भाजपा बबराला मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारी कार्यसमिति में मंडल उपाध्यक्ष उषा शर्मा,नीरज यादव, मोनू ठाकुर, प्रशांत वार्ष्णेय, सोरन सिंह, मनोज कुमार, महामंत्री संजीव व मोहरपाल सिंह नियुक्त हुए। मंडल मंत्री सौरभ उपाध्याय, रोहित शर्मा, शुभम भारद्वाज, कुवर पाल, विपिन कुमार, विनोद नियुक्त हुए। जबकि कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता बने। बबराला मंडल कार्यसमिति का गठन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि हमारी टीम पार्टी के लिए कार्य करेगी। हम पार्टी को मजबूती प्रदान करने को तत्पर हैं। भाजपा पार्टी ने हमें जो जिम्मेदारी दी है। उसको हम कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूर्ण करेंगे। इस दौरान सभी पदाधिकारी मौजूद रह

# तितली आसन कमर घुटनों और पैरों के दर्द से दिलाता है राहत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के शंकर इंटर कॉलेज में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति व नगर पालिका परिषद, के संयुक्त तत्वावधान में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 'रोग के आधार पर चल रहे सात दिवसीय योग शिविर' के दूसरे दिन योग शिविर का शुभारंभ कृष्णा ग्रेवाल, मुदिता गुप्ता, सीमा गुप्ता, सीमा शर्मा, कुलदीप ऐरन, गुलशन, अनुराग अग्रवाल, अशोक गुप्ता, बीनू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल, संजय देवल ने मंच से सर्वप्रथम योग शिविर का शुभारंभ ऊँ के उच्चारण और प्रार्थना मंत्रो के साथ कराया। योग शिविर में विशेष कर जोड़ों के दर्द व सर्वाइकल में लाभकारी आसन कराए गये। सूर्य नमस्कार,

**○योग शिविर में दूसरे दिन दिए निरोग रहने के टिप्स**

कपालभाति, भ्रामरी, उज्जयी, अनुलोम-विलोम, शीतली, शीतकारी, सूक्ष्म व्यायाम, तितली आसन, स्थितिकोणासन और चक्रासन का अभ्यास कराया इसके साथ-साथ प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। जोड़ों के दर्द में आसनों से मिलने वाले लाभ सूर्य नमस्कार यह एक संपूर्ण व्यायाम है जो शरीर को गर्म करता है और जोड़ों को लचीला बनाता है। इस मौके पर योग शिविर में प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह बर्तवाल, हरनाम सिंह, विकास वर्मा, संजय गुप्ता कमांडर, श्रृषभ श्रीवास्तव, वीकेश शर्मा, विशेष शर्मा, ईश्वर चंद्र सैनी एडवोकेट, विजय बहादुर सक्सेना, वेद प्रकाश ठाकुर, अमित शुक्ला, प्रियांशु जैन, अनुज गुप्ता, संजीव शर्मा, बीपी सिंह, रेनू वार्ष्णेय, उषा अग्रवाल, मधु खुराना रेखा शर्मा, मंजु आर्य, रीना रस्तोगी, नूतन, नमिता रितु, गीता सिंह, दिव्या सुधांसु, पूनम गर्ग, कंचन पांडे आदि योग साधक उपस्थित रहे।

## भाकियू असली पदाधिकारी आज सौंपेंगे ज्ञापन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ता गत वर्षो से मक्का की एम एस पी खरीद के लिए मांग करते आ रहे हैं। जिला प्रशासन में भारतीय किसान यूनियन असली की मेहनत को देखते हुए मक्का सरकारी क्रय केंद्र लगाने शुरू कर दिए हैं। जिससे किसानों को मक्का बिक्री करने में मदद मिलेगी। 17 जून को भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारी मंडी समिति से बाइक रैली निकालकर उप जिला अधिकारी संभल को एनपी के उर्वरक पर एक किसान को तीन पैकेट उर्वरक देने तथा किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे।

# डा. हरीश को मिलेगा वर्ल्ड लीडर चेंज मेकर अवार्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भारत सरकार के सिविल सेवा अधिकारी डा. हरीश यादव को विश्व का प्रतिष्ठित वर्ल्ड लीडर चेंज मेकर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्लोबल यूथ कांग्रेस की कमेटी की समन्वयक अर्दियांसा रचिमावांसा ने इसकी घोषणा की है।



**○चौथी अंतर्राष्ट्रीय युवा कान्फ्रेंस बैंकॉक में किया जाएगा प्रदान**

डा. हरीश यादव को यह पुरस्कार सरकारी सेवा व समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाएगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को ही यह पुरस्कार प्राप्त होता है। यह पुरस्कार चौथी अंतर्राष्ट्रीय युवा कान्फ्रेंस में 10 से 12 जुलाई 2025 में बैंकॉक में प्रदान किया जाएग। इसमें उनका संबोधन भी होगा। इस कार्यक्रम में पूरे विश्व से प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। डा. हरीश यादव सम्भल जिले की गुन्नौर तहसील के न्यौरा गांव के निवासी हैं।उनके पिता अजय पाल सिंह पूर्व कार्य अधिकारी है। डा. हरीश यादव ने बताया कि युवा सशक्तिकरण ग्राम विकास व उद्यमिता विकास में एक बड़ा योगदान दिया है। इन्होंने ग्राम विकास पर मॉडल दिए हैं। लघु उद्योग मंत्रालय में कार्य करते हुए इन्होंने कई सरकारी योजनाओं को बनाया। उन्हें देश में लागू किया। कई औद्योगिक परियोजनाओं को लगवाया। युवाओं और स्वयं सहायता समूह को स्वरोजगार स्थापित करवाया वित्त मंत्रालय में रहते हुए इन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण में विशेष भूमिका निभाई है। नदी संरक्षण के तहत इन्होंने सर्वप्रथम डेटाबेस की प्रणाली स्थापित करवाई। उनकी 10 से ज्यादा पुस्तक प्रकाशित हो चुकी हैं।वह इस समय भारत सरकर के वित्त मंत्रालय में कार्यरत हैं।

## व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**बबराला।** नगर के व्यवसायी पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता का निधन हो गया। उनके निधन पर व्यवसायियों ने शोक व्यक्त किया। नगर बबराला के व्यापार मंडल अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता (83 वर्ष)का निधन हो गया। वह बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर उनके आवास पर जाकर व्यवसायी प्रमोद गोयल, कार्तिक गोयल, बोबी, राजा गुप्ता, रामौतार वार्ष्णेय, रामबाबू वार्ष्णेय, मुकेश गर्ग, चन्द्रशेखर, राकेश वार्ष्णेय, राधेश्याम, मुनीश चन्द्र आदि ने शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार राजघाट गंगाघाट पर किया गया।



# अकीदत व धूमधाम के साथ मनाई गई ईद-ए-गदीर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल** जश्न ईद ए गदीर धूमधाम व अकीदत के साथ मनाया गया। मौहल्ला सैफ खाँ सराय मे हर साल की तरह इस साल भी 18 जिलहिज्जा को जलसे का आयोजन किया गया। जशने ईद ए गदीर मौला अली की विलायत ईद-ए-गदीर, जिसे ईद विलायते अली भी कहा जाता है, हर मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह 18 जिलहिज्जा को मनाया जाता है, और इस दिन पैगंबर मुहम्मद द्वारा अली इब्न अबी तालिब को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की घटना को याद किया जाता है। मुसलमानों के धार्मिक गुरु के अनुसार, यह दिन इस्लाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन मुहम्मद साहब ने मौला अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था, जो उनके बाद मुस्लिम समुदाय का नेतृत्व करने वाले थे। पूरी आस्था और श्रृद्वा के साथ बारगाहे रसूल व आले रसूल खिराजे अकीदत पेश किया। बड़ा इमाम बाड़ा ईद गाह के पास जिसमे लंगर व सबील का आयोजन किया गया। जिसमे हाफिज महताब व मौलाना निसार साहब जिन्होंने अपने खूबसूरत अंदाज में खिताब फरमाया और कमेटी के मिमबरान जवाफिर आलम व हैदर अली व तस्कीर आलम मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री प्रदेश में होने वाली हर समस्या से परिचित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अम्बेडकर नगर में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थियों को सहायता धनराशि वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव एवं जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, पूर्व लोक सभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा देखा गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि तथा जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों का पुष्प देकर तथा पुस्तक तथा एक तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता है कि वह प्रदेश में होने वाली हर समस्या से परिचित हैं और उस समस्या का निदान करने का हर सम्भव प्रयास वह करते हैं।



सम्भल- नूरियो सराय में ईदे गदीर पर जलसे को सम्बोधित करते उलेगा।

# घर में ई-रिक्शा चार्जिंग के समय करंट लगने से युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव विचोला ढूकी में बीती रात घर पर ई रिक्शा चार्ज करते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। परिवार के लोग इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बिना किसी कार्रवाई के मृतक को गांव में ही सुपुर्दे खाक किया गया। इस बीच भारी तादात में ग्रामीण परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंचे। बिचोला ढूकी गांव के अली अहमद किसान हैं जबकि उनका बेटा अहमद हसन ई रिक्शा चलाता है। बीती रात करीब 11 बजे वह घर पर ही ई रिक्शा को चार्ज कर रहा था। इसी बीच उसे करंट लग गया। करंट लगने से अहमद हसन चिपक गया।



जब तक परिवार के लोग बचा सके। तब तक उसने दम तोड़ दिया, जीवन की आस में निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पिता अली अहमद, माता भूरी बेगम के अलावा भाईयों में दिलशाद और नबी हसन जबकि एक छोटा भाई जान मोहम्मद है। युवक की मौत से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## घायल के पिता की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** कार की टक्कर से घायल हुए युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है भीकनपुर निवासी वीरपाल सिंह पुत्र बलवीर सिंह का कहना है कि 15 जून को उनका पुत्र अनुज कुमार छजलैट से घर जा रहा था जैसे ही वह पेट्रोल पम्प से थोडा आगे पहुचां तभी पीछे से एक कार शिफट न0 UP32LF7614 जिसे ड्राइवर मान सिहँ पुत्र रामप्रकाश नि० खसूरा थाना सहवाजपुर हरदोई चला रहा था ने मेरे पुत्र की साइकिल मे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके गम्भीर चोटे आई और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।पिता ने इलाज के लिए उसे विवेकानन्द हास्पिटल में भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सहायता राशि का किया गया वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत बिलारी तहसील क्षेत्र के 31 किसान परिवारों को 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। 31 स्वीकृत आवेदन के 72 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 55 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। यह कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आंबेडकर नगर से शुरू किया गया था। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना के माध्यम से दुर्घटना में किसान की मृत्यु के बाद उनके परिवार को आर्थिक सहायता देती है। उन्होंने बताया कि यह योजना पहली बार वर्तमान सरकार द्वारा शुरू की गई है।

किसान की असामयिक मृत्यु के बाद उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री जी के इस कदम से किसानों के परिवारों को तुरंत सहायता मिल रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे इस धनराशि का सदुपयोग करें। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार धीरेश सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार विजय कुमार श्रीवास्तव, अभिनय सिंह समेत संबंधित अधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप,



बबलू जाटव और लाभार्थी परिवार उपस्थित रहे। प्रदेश में अब तक इस योजना के तहत 11,690 किसान परिवारों को कुल 661 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है।

## अंगूठे का निशान नहीं आता तो आंखों की पुतली घूमते ही कार्ड धारक को मिलेगा राशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** अंगुलियों की छाप मिट गई है और आप राशन के लिए परेशान हो रहे हैं तो अब चिंता की बात नहीं है। आपकी आंखों की पुतली घुमाते ही आपको राशन मिल जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी का कहना है कि शहरी क्षेत्र की दुकानों पर आईरिस मशीन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हर माह करीब छह फीसदी यानी करीब 32 हजार लोग आईरिस मशीन से ही राशन ले रहे हैं।मुरादाबाद में कोटे की 1226 दुकानें हैं। यहां से करीब पांच लाख 47 हजार राशनकार्ड धारकों को राशन वितरित किया जाता है। बताया जाता है कि बड़ी संख्या में ऐसे राशनकार्ड धारक हैं, जिनकी अंगुलियों की छाप न होने की वजह से राशन लेने में परेशानी आ रही थी। इसको देखने हुए शासन ने पहले ग्रामीण क्षेत्रों में आईरिस मशीन उपलब्ध करवाई। यह ई-पॉश मशीन की तरह ही है।इसमें आंखों की पुतलियों को घुमाकर राशनकार्ड धारक का सत्यापन करवाया जाता है। जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक राशन माह के आठ तरीख से 25 तारीख तक वितरित करवाया जा रहा था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने दस दिन पहले ही माह के राशन वितरण के निर्देश दिए हैं। इसलिए जुलाई माह का राशन 20 जून से वितरित होने लगेगा और दो जुलाई तक पूरा बंट जाएगा।आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब शहरी क्षेत्र में भी आईरिस मशीन उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जहां से लोग बिना अंगुलियों की छाप लगवाए राशन ले सकते हैं।

# नेपाल में गोकुलदास कॉलिज की प्रोफेसर को मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** गोकुलदास महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने काठमांडू (नेपाल)में वाणिज्य, प्रबंधन,मानविकी, विज्ञान एवं तकनीकी के तीव्र प्रगति में नवाचारी अभ्यास विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद का प्रतिनिधित्व किया। प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने अपने संभाषण में भारत और नेपाल की मित्रता में उनकी सांस्कृतिक,आर्थिक और व्यावसायिक पक्ष की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने भारत और नेपाल जैसे विकासशील देशों में तकनीकी क्षेत्र में नवाचार को महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि किसी भी देश का विकास इसकी तकनीकी प्रगति पर निर्भर करता है। प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन दो देशों के मध्य मित्रता को बढ़ावा देने वाले होते हैं। काठमांडू में हुई इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन एस.एस पी.जी कॉलेज शाहजहांपुर, मॉडल इस्टिट्यूट ऑफ काठमांडू एवं नौवल अकैडमी पोखरा नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की स्थापना के पश्चात गोकुलदास महिला महाविद्यालय ने इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए सह आयोजक के रूप में भागीदारी की साथ ही मॉडल इंस्टिट्यूट ऑफ टक्नोलॉजी काठमांडू एवं नौवल अकैडमी पोखरा नेपाल के साथ गोकुलदास महिला महाविद्यालय का एम ओ यू (समझौता ज्ञापन) प्राचार्य प्रोफेसर डॉ चारु मेहरोत्रा ने साइन किया।इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में गोकुलदास महिला



महाविद्यालय की प्रोफेसर अनुराधा सिंह संगोष्ठी के पैनल डिस्कशन में पैनलिस्ट रहीं व प्रोफेसर सीमा गुप्ता ने टेक्निकल सेशन में चेयरपर्सन का पद भार संभाला। संगोष्ठी में अनेक देशों से आए हए सैकड़ो शिक्षा विद एवं शोध आरतियों ने अपने शोध पत्र पढ़ें।इस उपलब्धि पर गोकुल दास महाविद्यालय कि प्राचार्य एवं दोनों शिक्षिकाओं को सभी ने हार्दिक शुभकामनाएं दी

## एक नजर

### नाली निर्माण करने सड़क को खोदने को लेकर मारपीट में तीन घायल, चार पर केस दर्ज

**भोजपुर।** कस्बे के मोहल्ला गढ़ी में नाली निर्माण करने के लिए बीच सड़क खोदने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट एवं पथराव हुआ। विवाद में तीन भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीन भाईयों समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को मौहल्ला गढ़ी निवासी शौकीन के बेटे नाली का निर्माण करने के लिए बीच सड़क को खोद रहे थे। पड़ोसी मौहम्मद अली ने सड़क खोदने को मना किया। इस पर मुस्तकीम, मोबीन,तसलीम और शाने आलम लाठी डंडे लेकर मौके पर आकर ललकारने लगे। दबंगों का आक्रामक रुख भांपकर मौहम्मद अली घर में दुबक गया। आरोपियों ने जबरदस्ती घर में घुसकर आरिफ, मौहम्मद हुसैन और वसीम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ितों ने मदद के लिए 112नंबर डायल किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। इस दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह भी हमराही पुलिस कर्मियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित मौहम्मद अली की तहरीर पर तीन भाईयों समेत चार के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रैली निकालकर किया योग के प्रति जागरुक



**चन्दौसी।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी से योग के प्रति जागरूकता हेतु साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइकिल रैली में प्रधानाचार्य सी.पी. सिंह, दयाशंकर, संजीव कुमार सक्सेना, राजेश गुप्ता, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद वसीमुद्दीन, अंजू गुप्ता, सीमा सागर, शिवानी शर्मा, संजीव कुमार पीटीआई, चंद्रकांत पीटीआई, संगीता रानी वार्ष्णेय, जयप्रकाश, अभिषेक त्यागी, शामेंद्र सिंह, कृष्ण अवतार आदि ने प्रतिभाग किया। साथ ही एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी, चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी, एफ.आर. इंटर कॉलेज चंदौसी और श्रीअक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चंदौसी के छात्र-छात्राओं ने भी साइकिल रैली में प्रतिभाग किया। साइकिल रैली एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, घंटाघर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट होती हुई चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी पर समाप्त हुई। इस रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक किया तथा यह संदेश दिया कि बदलते हुए परिवेश में योग, प्राणायाम और संतुलित आहार के माध्यम से ही हम उच्च कोटि का स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। योग और प्राणायाम ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का आधार हैं।

### योग के माध्यम से कर सकते हैं उच्च कोटि का स्वास्थ्य प्राप्त

**चन्दौसी।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ' के तहत आयुष विभाग, जिला प्रशासन व हार्ट फुलनेस ध्यान केन्द्र स्थित सीतारोड चन्दौसी के तत्वाधान योग सप्ताह (15-21जून) का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को योग सप्ताह के द्वितीय दिवस पर योग प्रशिक्षक पतंजलि योगपीठ की आचार्या अनीता आर्या द्वारा योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि के रुप में कविता अग्रवाल रहीं। योग प्रशिक्षिका द्वारा यह संदेश दिया कि बदलते हुए परिवेश में योग, प्राणायाम और संतुलित आहार के माध्यम से ही हम उच्च कोटि का स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। योग और प्राणायाम ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का आधार हैं।

### नहीं हो पाया अध्यक्ष पद के लिए कोई फैसला, गेंद बार काउंसिल के पाले में पहुंची

**कांठ।** तहसील बार कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद के लिए कोई फैसला न होने पर गेंद बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पाले में पहुंच चुकी है अब वहां से दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए तारीख मिलने का इंतजार है। बतादें कि 12 जून को तहसीलबार कार्यकारिणी के लिए हुई मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप कुमार और प्रमोद शर्मा को 55-55 वोट मिले थे जिनमें एक वोट कैंसिल होने के कारण अध्यक्ष पद की घोषणा नहीं की जा सकी थी हालांकि चुनाव समिति ने दोनों प्रत्याशियों को आपस में बातचीत कर विकल्प सुलझाने का मौका दिया लेकिन इस संबंध में दोनों पक्ष किसी बात पर सहमत नहीं हो सके 6 महीने के लिए भी अध्यक्ष पद संभाले जाने का विकल्प सामने रखा गया या गोली डालकर इसका निर्णय लिए जाने की बात सामने आई लेकिन दोनों पक्षों की असहमति के चलते स्थिति साफ नहीं हो सकी चुनाव समिति ने इस मामले को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सामने रखते हुए मार्गदर्शन मांगा जिस पर अभी तक कोई तारीख नहीं मिली है। इस मामले में हो रही देरी से अब अध्यक्ष पद की घोषणा अधर में फस्ती नजर आने लगी है।

### विधान परिषद सदस्य ने शिक्षकों के ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकार करने की उठाई मांग

**कांठ।** डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर शिक्षकों के ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने की मांग की है जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह से ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने हेतु मार्गदर्शन मांगा गया हैस उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई मुरादाबाद द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार से एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों के चयन वेतनमान के संबंध में निरंतर वार्तालाप की जा रही है तथा जब तक ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण रूप से सही नहीं हो जाती तब तक ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने के लिए पत्र भी लिखें गए हैं। विदित है कि 1 जनवरी 2025 से महानिदेशक के आदेश अनुसार चयन वेतनमान की प्रक्रिया ऑनलाइन की गई थी।

परन्तु पोर्टल सही से कार्य नहीं कर पा रहा है जिस कारण जनवरी माह से शिक्षकों के चयन वेतनमान लगातार लंबित चल रहे हैं।

# प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए उप्र पुलिस के रंगरुट

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने विभिन्न झंझावतों के बावजूद पुलिस आरक्षी भर्ती को पूर्ण रुप से संपन्न करा दिया है। एक दिन पूर्व जहां चयनित सभी अभ्यर्थियों को लखनऊ बुलाकर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये और आरक्षियों को प्रशिक्षण केन्द्र आवंटित कर दिया गया है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर विभिन्न जनपदों में बने जेटीसी आवंटित कर दिये गये हैं। प्रशिक्षण में सिपाहियों को अनुशासन और कानूनी जानकारी दी जाएगी। साथ ही पत्रावलियों के संचालन और व्यवहारिक पुलिसिंग की ट्रेनिंग भी होगी। अनुभवी अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया गया है।



सोमवार को चयनित आरक्षी नियुक्ति पत्र लेकर प्रशिक्षण हेतू आवंटित हुए जिलों के लिए रवाना हुए। अभ्यर्थी विशेष मिश्र पुत्र पोशाकी लाल नि. बदायूं जनपद ने बताया कि उसे सीतापुर जेटीसी जनपद आवंटित किया गया है। उसके एक छोटे से गांव मुडिया धुरेकी के पांच युवाओं का चयन पुलिस में हुआ है जिसमें चयनित रंगरुट विशाल मिश्रा, दिपेन्द्र मिश्र, सोएब खान, अमन शर्मा, आकाश पाठक शामिल चयनित हुए हैं। सोमवार उक्त चयनित आरक्षी परिजनों के साथ रेलवे जंक्शन चन्दौसी पहुंचे और सीतापुर के लिए रवाना हुए।

## घायल अवस्था में सड़क पर पड़े लाइनमैन को प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट को समाथल बिजली घर पर तैनात लाइनमैन स्योड़ारा बिजली घर के मोड पर बेहोशी की अवस्था में पड़ा मिला, पास में ही क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी हुई थी। आनन फानन में राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट ने एंबुलेंस को बुलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचवाया और प्राथमिक उपचार दिलवाया। हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट ने बताया कि गांव काजीवाला का रहने वाला लाइनमैन दिनेश स्योड़ारा बिजली घर के पास बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सिर पर गंभीर चोट थी। किसी वाहन से दुर्घटना हुई है। एंबुलेंस से उपचार के लिए भिजवाकर परिवार के लोगों को



सूचना दी गई। इस मौके पर इंजीनियर मोहम्मद अनस ,अरविंद सिंह आदि भी मौके पर मौजूद रहे।

समय रहते इलाज मिलने से लाइनमैन की जान बच गई।

## हनुमानगढ़ी में बारिश का पानी घरों में घुसा

**चन्दौसी।** हनुमान गढ़ी वासियों का जीवन चिंतामय हो गया है। पिछले पांच वर्षों से जल निकासी समस्या से हनुमानगढ़ी के वाशिंदे जूझ रहे हैं। कॉलोनी काफी निचले हिस्से में बसी हुई है। जैसे ही जरा सी बारिश होती है तो बारिश का पानी घरों में भर जाता है। पूर्व समय में तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा नगरपालिका कर्मियों को लेकर कॉलोनी का भ्रमण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वहीं भूमाफियाओं द्वारा आनन- फानन प्लाटिंग कर दी गई परंतु मौहल्ले के लोग परेशान हैं। प्लाटिंग करने वालों ने पानी निकासी की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। फिलहाल जरा सी बारिश से ही मौहल्ले के घरों में पानी घुस गया। लोग पैदल निकलने के लिए भी परेशान हैं।

## मानवाधिकार संघ ने लगाया नेत्र परीक्षण शिविर



**चन्दौसी।** सोमवार को मानवाधिकार संघ संस्था के तत्वावधान में चंदौसी के समीप स्थित नवाबपुरा गांव में प्रधान मीरा देवी के आवास पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मोहन आई केयर क्लीनिक की टीम द्वारा लोगों को नेत्र परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संयोजक संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वजीत शर्मा द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् वयोवृद्ध रामकिशोर मिश्रा की आंखों का परीक्षण किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, संरक्षक जगदीश राना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ दीपचंद अग्रवाल, प्रदेश संयोजक अश्वनी शर्मा, आयुष शर्मा, ग्राम प्रधान मीरादेवी, प्रधान पति गोपाल मिश्रा, लक्ष्मीनारायण पाठक, हर्वेश मिश्रा, सुधाकर पाठक, रमेश गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# कृष्ण-सुदामा की मित्रता सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

शाह टाइम्स संबाददाता

**बिलारी।** शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने रुक्मणी विवाह के उपरांत जरासंध और शिशुपाल वध, कृष्ण सुदामा की मित्रता के प्रसंगों का वर्णन किया। रुक्मणी विवाह पर बधाइयां गाईं काफी देर तक पांडाल में विवाह का उल्लास छाया रहा। कथा व्यास ने कहा कि परमात्मा सदैव धर्म की रक्षा के लिए उन्हें जरासंध और शिशुपाल का वध करना पड़ा। शिशुपाल का वध करने के लिए उन्होंने सुदर्शन चक्र चलाया तो उंगली में घाव हो गया तब केवल द्रौपदी को ही पीड़ा महसूस हुई, उन्होंने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर कृष्ण जी की उंगली पर बांध दिया ताकि उन्हें पीड़ा ना हो इस पर भगवान ने उनसे प्रसन्न होकर कहा तुम्हारी इस साड़ी के एक-एक धागे का ऋण मैं हजार साड़ियों से उतारूंगा जो उन्होंने द्रोपदी के चीर हरण के समय सहायता की। व्यास जी बोले कि हम पुण्य करके भले ही भूल जाएं परंतु परमात्मा के यहां वह डायरी में लिखा रहता है और समय आने पर उसका फल हमें मिलता है। महाभारत युद्ध के उपरांत राजसूय यज्ञ के लिए पांडव बैठक में सबको दायित्व बांट रहे थे तब भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं कहा कि अतिथियों की जूठी पत्तलें मैं स्वयं उठाऊंगा इससे बड़ा पुण्य और नहीं है। कथा प्रसंग की चर्चा में व्यास जी बोले कि आज लोग अपनी पत्तल उठाने में भी संकोच करते हैं। कहा अपनी खाई हुई थाली में कभी भी हाथ नहीं धोना चाहिए इस अपमान से अन्नपूर्णा माता



नाराज होती हैं। भोजन को शुद्ध मन से बनाकर भगवान को अर्पित करने के बाद ही ग्रहण करें। कृष्ण और सुदामा की मित्रता का भी वर्णन किया। कहां की वह इंग्लिश में उठाकर क्षमता का मिलन का मिलन था आत्मा और परमात्मा का मिलन था यह मित्रता अमर रहेगी हम भी इससे प्रेरणा लें। कठोर परिस्थितियों में सुदामा और उनके परिवार में धर्म से भोग नहीं हुआ इसका फल होना यह मिला कि भगवान ने माया को ही उनकी दासी बना दिया। कथा में अखिलेश मिश्रा, चकित मिश्रा, शकुन मिश्रा, मुन्ना श्रोत्रिय, मोहनलाल शर्मा, चौधरी हरपाल सिंह, जगत नारायण शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, ताराचंद शर्मा आदि शामिल रहे।

# शक्ति केंद्र पर हुआ चौपाल का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगतपुर।** विकास खंड भगतपुर की ग्राम पंचायत कचनाल में विकसित भारत अमृतकाल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के ग्यारह बर्ष पूर्ण होने पर शक्तिकेन्द्र कचनाल में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्यवक्ता मण्डल उपाध्यक्ष विपिन कुमार मीना रहे।

ग्राम चौपाल का संचालन मण्डल महामंत्री प्रदीप सिंह मीणा ने किया । ग्राम चौपाल में मुख्य वक्ता ने मोदी सरकार के ग्यारह बर्षो की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक चौपाल में उपस्थित सभी लोगों को समझाया एवम सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम के दौरान सी0एच0ओ0 कोमल सिंह,पंचायत



सहायक दामिनी,ग्राम प्रधान पुत्र मुजफ्फर अली,अंकुर सिंह, आशा शान्ति देवी, उषा देवी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री मैसर जहाँ, लक्ष्मी देवी,वी0सी0 सखी रीना देवी, समूह की अध्यक्ष उमा देवी, समूह की सदस्य गीता देवी, प्रीति देवी, नपीसा वेगम,अंशु सिंह के साथ काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा संगठन पर्व पर 10 मंडलों की कार्यसमिति की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024-25 के अंतर्गत प्रदेश संगठन के आहवान पर, क्षेत्रीय नेतृत्व के अनुमोदन पर महानगर के निर्देशानुसार महानगर के सभी दस मंडलों के मंडल अध्यक्षों की संतुष्टि पर मंडल कार्यसमिति का गठन किया गया। सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष समेत 19 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें में मंडल अध्यक्ष के साथ 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी, 1 आई टी संयोजक, 1 सोशल मीडिया मीडिया संयोजक शामिल रहें। कटघर मंडल में मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा के साथ मंडल महामंत्री सचिन राघव, कपिल कुमार चौधरी,दस सराय मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह लोधी, मण्डल महामंत्री जीतू प्रजापति, ऋषि भारद्वाज,लाइनपार मंडल में मंडल अध्यक्ष मिथुन शर्मा, मंडल महामंत्री विमल शर्मा, दीपक यादव,चंद्रनगर मंडल में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार गुप्ता, मंडल महामंत्री रोहित चौधरी, महेश सैनी,मध्यनगर मंडल में मंडल अध्यक्ष सूर्यमोहन शमशेरी, मण्डल महामंत्री आकाश भारद्वाज,दीपक धवन, रामगंगा विहार मंडल में मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति के साथ मंडल महामंत्री मयंक कश्यप, अनुजतोष शर्मा,सिविल लाइन मंडल में मंडल अध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति, महामंत्री नीरज कुमार वाल्मीकि, राहुल कुमार, दीवान का बाजार मंडल में मंडल अध्यक्ष विशाल रस्तौगी, महामंत्री महामंत्री विशाल शुक्ला, सुरदीप कुमार दिवाकर,सेहल मंडल अध्यक्ष सतेंद्र सैनी, महामंत्री संजीव कुमार जाटव, अरविंद कुमार,भोजपुर मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह मंडल महामंत्री मुनीराम कश्यप,जयप्रकाश सिंह हैं।महानगर के सभी दस मंडलों के मंडल अध्यक्षों एवं उनकी नवनियुक कार्यसमिति को क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान,गो सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रिया अग्रवाल,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता,महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, विशेष गुप्ता, साध्वी गीता प्रधान, आदि महानगर, मोर्चा प्रकोष्ठों एवं पार्षदगणों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठा एवं लगन से कार्य करने को कहा एवं मंडल अध्यक्षों ने कहा कि वह अपनी टीम के साथ जिम्मेदारी पूर्वक मंडल को सशक्त और मजबूत करने एवं पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिये कड़ी मेहनत और लगन से पार्टी के लिए कार्य करेंगे

# मोदी सरकार के 11 वर्ष के गौरवशाली कार्यकाल को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम पंचायत करनपुर में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान रहे उन्होंने अपनी उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के किए गए कार्यों का बखान किया एवं विशिष्ट अतिथि गजेंद्र सिंह आचार्य जी ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी सरकार की उपलब्धियां को बताया एवं सभी को एकजुट होकर आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिलारी मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह ,शेर सिंह दक्ष ,संजय सिंह, डॉक्टर जित.ेंद्र सिंह ,अरुण कुमार बिश्नोई, ग्राम पंचायत पीपली के ग्राम प्रधान सोमपाल सिंह ग्राम पंचायत करनपुर के प्रधान पति डॉ बाबू सिंह ग्राम पंचायत चंद्रपुरा के प्रधानपति रविंद्र पाल सिंह, कुलदीप कुमार एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह, कमल कुमार, सतीश कुमार, मुखर्जी ,योगेंद्र शर्मा, हरीश कुमार, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सिंपल चौहान, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, कांता देवी आदि उपस्थित रहे।





# आईआईए के पदाधिकारियों ने संयुक्त आयुक्त उद्योग को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आई आई ए पदाधिकारियो ने संयुक्त आयुक्त उधोग योगेश कुमार से मुलाकात की व एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत मुरादाबाद में अन्य आवश्यक उत्पाद सम्मिलित करने की श्रेणी में धातु शिल्प के अतिरिक्त घर की सजावट भी सम्मिलित करने के लिए ज्ञापन सौपा। आई पदाधिकारी ने योगेश कुमार को बताया कि मुरादाबाद में एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत केवल मेंटल क्राफ्ट ही रजिस्टर्ड है जबकि मुरादाबाद में अन्य कई प्रकार के हैंडीक्राफ्ट व ग्रह सजावट के उत्पाद हर प्रकार की मेटल लोहा, एल्युमिनियम, ब्रास, स्टील, लकड़ी, सिरेमिक, इत्यादि की सुंदर कलाकृतियों का उत्पादन किया जाता है । परन्तु एक जनपद एक उत्पाद योजना में रजिस्टर्ड ना होने के कारण किसी भी प्रकार की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्राप्त नहीं हो पाती।अतः एक जनपद एक उत्पाद योजना में भ्वउम क्मबवत भी सम्मिलित किया जाना आवश्यक है ताकि मुरादाबाद उद्यमियों को इसका लाभ मिल सके व औद्योगिक विकास को और अधिक गति प्रदान की जा सके।इस मौके पर आई आई ए मुरादाबाद चौप्टर से हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता चौप्टर अध्यक्ष रवि कटारिया, सचिव राजेश भारती, समेत अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



# निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही पूर्ण कर लें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग) शिक्षण संस्थाओं द्वारा डाटा तैयार करने, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्रों की संख्या की प्रमाणिकता, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवे.दन तथा छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किए गये आवेदन पत्रों को प्राप्त करने के उपरान्त अग्रसारित या निरस्त करने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की तिथि 07 जुलाई 2025 से 25 नवम्बर 2025 तक, छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन की तिथि 10 जुलाई 2025 से 20 दिसम्बर 2025 तक तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवे.दन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना की तिथि 11 जुलाई 2025 से 10 जनवरी 2026 तक है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया है कि निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन आवे.दन करने की कार्यवाही पूर्ण कर लें एवं निर्धारित तिथि अनुसार प्रक्रियात्मक कार्यवाही पूर्ण कर लें।

# कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 11,690 कृषक आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में प्रेषित की। जनपद अंबेडकर नगर से आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद मुरादाबाद सहित पूरे प्रदेश में किया गया। मुरादाबाद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 शैफाली चौहान, जिलाधिकारी अनुज सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर जनपद में योजना के अन्तर्गत 74 लाभार्थी कृषक परिवारों को 03 करोड़ 65 लाख 83 हजार 200 रुपए के डेमो चेक वितरित किए गये। वास्तविक सहायता राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से सीधे पात्रों के बैंक खातों में भेजी गई। यह योजना उन किसानों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने अकाल दुर्घटनाओं में अपनों को खोया है। इस अवसर पर लाभार्थियों को योजना के बारे में जानकारी दी गई और शासन की संवे.दनशीलता का एहसास कराया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि पहले इस योजना का लाभ समय से नहीं मिल पाता था, परन्तु अब शासन और प्रशासन द्वारा सकुशल व्यवस्था बनाकर समय से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का दायरा काफी बढ़ा दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह चौक इस बात का प्रतीक है कि जो आपको क्षति हुई है, शासन-प्रशासन आपके सहयोग के लिए खड़ा है। कृषकों से संबंधित सभी योजनाओं में हमारा प्रयास रहता है कि हम आप तक पहुंचकर योजना से आपको लाभान्वित कर सके। आज जितने भी कृषकों के साथ कोई हादसा या क्षति हो रही है, उन सभी को योजना के अन्तर्गत शामिल करके ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने की कोशिश जा रही है। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 शैफाली चौहान ने कहा कि कृषकों के द्वारा किए जा रहे कार्यो का किसी तरह से मूल्याकंन नहीं किया जा सकता। किसानों का जीवन धरती की सेवा में व्यतीत होता है। मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना बीमा योजना का लाभ किसानों को ससमय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति किसानों का ऋणी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कहा कि जो घटना आप लोगों के साथ घटित हुई है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है, लेकिन ऐसे मौके पर मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा थी कि दुख को कम करने के लिए सरकार से जो भी किया जा सकता था वह किया जाये। इस योजना के अन्तर्गत से ज्यादा से ज्यादा पात्र कृषको को लाभान्वित किया जा रहा है। यह योजना न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि प्रदेश सरकार का उन किसानों के प्रति कर्तव्यबोध है, जिनका जीवन खेतों से जुड़ा है। इस अवसर पर कमिश्नर आन्जनेय कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 शैफाली सिंह चौहान, पूर्व विधायक भाजपा राजेश कुमार सिंह चुन्नू, जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र, मजिस्ट्रेट डा राममोहन मीना, उपजिलाधिकारी कांठ संतदास पंवार, सहित संबंधित अधिकारी प्रतिनिधि व लाभार्थी मौजूद रहे।



मुरादाबाद। सर्किट हाउस सभागार में सदस्य /जज राष्ट्रीय हरित न्यायाधीकरण भारत सरकार डा. अफरोज अहमद।

# जिला पर्यावरण योजना के संबंध में बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सर्किट हाउस सभागार में सदस्य /जज राष्ट्रीय हरित न्यायाधीकरण भारत सरकार डा. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में जनपद मुरादाबाद में जिला पर्यावरण योजना के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सदस्य ने कहा कि सीएसआर फण्ड का सही जगह इस्तेमाल हो इसको अधिकारी अच्छे से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नदियों के पास होने वाली कृषि में कम से कम फर्टिलाइजर का इस्तेमाल है और किसानों को ज्यादा से ज्यादा कार्बन क्रेडिट का फायदा मिले इसको भी अच्छे से सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का बचाव बहुत जरुरी है। पर्यावरण की सुरक्षा हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है, यदि हम आज इसे बचाने के लिए कदम नहीं उठाते है तो आने वाली पीढ़ियां एक गंभीर संकट का सामना करेंगी। पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए हर व्यक्ति, संगठन और सरकार को मिलकर कार्य करना होगा, हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाये रखना होगा, ताकि हम और हमारी धरती दोनों स्वस्थ और सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में पराली संबंधित, खनन संबंधी, कृषि संबंधी, पौधारोपण संबंधी इत्यादि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की, चर्चा उपरान्त उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर नगरआयुक्त अतुल कुमार, जिला कृषि अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | अंबाला मंडल के जगाधरी में कमांडो प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के सम्बन्ध में मॉडल रेलवे स्टेशन, शैक्षणिक ब्लॉक, खेल क्षेत्र, उन्नत बाधा कोर्स, परिसंचारी क्षेत्र की रोशनी, यार्ड के विद्युतीकरण के लिए सामान्य विद्युत आपूर्ति कार्य, जिसमें 11/0.415 केवी विद्युत उप–स्टेशन की स्थापना और अन्य संबंधित कार्य और कमीशनिंग और चंडीगढ़ में अतिरिक्त रखरखाव और स्थिर सुविधाओं के विकास और अन्य संबंधित कार्य तथा उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत किसी भी अन्य साइट के साथ अन्य सामान्य विद्युत संबद्ध आपूर्ति कार्य शामिल हैं। | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 4,14,21,230.67/- |
| बयाना राशि जो जमा की जानी है | रूपए 3,57,100/- (आनलाइन जमा करें) बोली सुरक्षा या तो ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड अनुबंध-ए (1) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के बाद 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। | | |
| ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक **09.07.2025** समय **11:30** बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **09.07.2025** समय **11:30** बजे खोली जाएगी। | | |
| निविदा सूचना एंव निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वैबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है एंव निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आई आर ई पी एस की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **24.06.2025** से दिनांक **09.07.2025** तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना **ई–पंजीकरण** करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास-III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम–**2000** के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं भार्ते निविदा प्रपत्र में दिये गये है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। | | |

**प्रपत्र सं0 17-विद्युत/नि./टी/जी.पी.एस/यू.एम.बी./63** **दिनांक: 16.06.2025**

**1789/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गोविंदपुर चौराहे पर पूर्व विधायक स्व.चौधरी रियासत हुसैन की मूर्ति लगेगी एवं म्युजियम बनेगा: रामवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** सोमवार को कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने कोरवाकू से टांडा नैनीताल हाईवे को जोड़ने वाली 52 फिट चौड़े और एक किमी लंबी सड़क का निर्माण कराने, गोबिंदपुर चौरहे पर पूर्व विधायक स्वर्गीय चौधरी रियासत हुसैन की मूर्ति लगाने एवं आरएचएम इंटर कालेज में उनके कारनामों का म्युजिअम बनाने। रक्षा मंत्री या मुख्यमंत्री से इसी वर्ष लोकार्पण कराने का वादा जनता दरबार में किया।मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे चौधरी रियासत हुसैन की 39वीं पुण्य तिथि पर आयोजित जनता दरबार में मुख्य अतिथि कुंदरकी क्षेत्र से बीजेपी के विधायक रामवीर सिंह ने स्वर्गीय चौधरी रियासत हुसैन की जनता के प्रति ईमानदारी से प्रेरित होकर उनका अनुसरण करते हुए उनकी याद में रियासत हुसैन इंटर कालेज में म्युजिअम की स्थापना के साथ ही गोबिंद पुर चौरहे पर उनकी मूर्ति लगाने और माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह या मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के हाथों मूर्ति और म्यूजियम का लोकार्पण कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि तीन तरह के विधायक होते हैं इनमें एक लहरी, दूसरे सरकारी और तीसरे शख्सियती स्वर्गीय चौधरी रियासत हुसैन शख्सियती विधायक थे। मैं भी उनकी तरह शख्सियती विधायक बनना और कहलाना पसंद करता हूं। स्वर्गीय रियासत हुसैन को सभी वर्गों के लोगों ने चार बार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीताकर विधान सभा भेजा था।

वह सभी वर्गों को साथ लेकर क्षेत्र का विकास कराते थे। मैं उनकी बराबरी तो नही कर सकता पर उनके उसूलों पर चलकर जाति धर्म का भेदभाव मिटाकर विकास कार्य करा रहा हूं।





## बेदखली सूचना

मैने अपनी पुत्री उपासना व उसके पति डॉक्टर जितेंद्र निवासीगण ग्राम चंगेरी थाना व पोस्ट छजलैट तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद को उनके गलत आचरण व कुकृत्यो के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **लक्ष्मन सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम चंगेरी थाना व पोस्ट छजलैट तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मैने अपने सगे भतीजे मोहम्मद आजम पुत्र असलम निवासी अहलादपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद आजम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **जाने आलम पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम अहलादपुर थाना मैनाठेर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र कलीम व पुत्रवधू श्रीमती सानिया को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद सलीम पुत्र रहमतुल्लाह निवासी मोहल्ला नजीर की मंढैया थाना कटघर, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र नाजिमुददीन, पुत्रवधू श्रीमती रूफी नाज, पौत्री खुशी नाज व पौत्री इनाया नाज को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद आरिफ पुत्र हबीब शाह व श्रीमती आमना पत्नी मोहम्मद आरिफ निवासीगण आजाद नगर आरटीओ ऑफिस तहसील व जिला मुरादाबाद।**


## बिना बताए गैरहाजिर रहा सफाईकर्मी पहुंचा ऑफिस, मारपीट




**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के काजीपुरा मार्ग स्थित एक कार एजेंसी में रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सफाई कर्मियों के बीच आपसी विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मुरादाबाद की एक कार एजेंसी में उस वक्त तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब छुट्टी को लेकर दो सफाई कर्मियों के बीच कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया। बात इतनी बढ़ गई कि एक कर्मी ने दूसरे पर हमला कर दिया और एजेंसी परिसर में जमकर हंगामा हो गया।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 66-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 | 67-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 | 68-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 | 69-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair to worn-out door and windows, floor, plaster, leaky roof in the section of SSE/ W/B/HPU. | Safety work related misc. track works in the section of SSE/ P.way/BSC under ADEN/HPU. | Misc. civil work and providing desirable MEA at various stations in the section of ADEN/HPU. | Safety work related misc track works in the section of SSE/ P.way/HPU under ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 59,99,959.06 | 84,99,874.16 | 89,93,094.57 | 89,44,935.51 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,20,000.00 | 1,70,000.00 | 1,79,900.00 | 1,78,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 8 माह | 6 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.06.2025 | 26.06.2025 | 26.06.2025 | 26.06.2025 |

टेन्डर नं. **Sr. DEN-IV/Publication/25-26** दिनांक **16.06.2025** **1790/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सार्वजकि सूचना

मैं इकरा शाहिद अपने शौहर मोहम्मद इंतिखाब आलम सिद्दिकी पुत्र मोहम्मद रेहान पता 92/10 जूही सफेद कालोनी थाना किदवई नगर, जिला कानपुर नगर, से निकाह 9 अप्रैल 2019 में हुआ, रुखसति 15 फरवरी 2023 में होकर अपने सास-ससुर के साथ मदीना (सउदी) गई। 16 अप्रेल 2023 को मायके आ गई। तबसे अपने मायके में हूँ और अब मैं अपने शौहर को अंतिम अवसर दे रही हूं रिश्ते को सही करने के लिए एक माह का (12 जून से 12 जुलाई ,2025) उसके बाद मैं इकरा शाहिद कोई भी फैसला लेने के लिए आजाद हूं। **इकरा शाहिद पुत्री मोहम्मद शाहिद निवासी लंगड़े की पुलिया नियर थेकेदार वाली मस्जिद थाना गलशहीद, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अटरिया

### विकास खण्ड–भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 16.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अटरिया विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 02.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 02.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नासिर के घर से मौ. रफी के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट रोड़ा आदि | 87 मी0 | 305133/- | 500 | 2% | 10 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अटरिया
विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# विमेंस वनडे विश्वकप का शेडयूल जारी




● **भारत-पाकिस्तान की पांच अक्टूबर को होगी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ंत**

**दुबई, वार्ता।** आगामी महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच पांच अक्टूबर को होने वाला मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जायेगा।

जारी किए महिला एकदिवसीय विश्वकप कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। 26 अक्टूबर को भारत का मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ बेंगलुरु में होगा। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान एक अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी, वह आठ अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 22 अक्टूबर को इंदौर में होगा। बारह साल बाद भारत महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट में भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे क्वालीफाई किया था। वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश ने लाहौर में हुए क्वालीफायर के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के तहत पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। महिला विश्वकप में पाकिस्तान के शेष मैच दो अक्टूबर को बांग्लादेश, 15 अक्टूबर को इंग्लैंड, 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 21 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 24 अक्टूबर को श्रीलंका के साथ होंगे। बेंगलुरु में 30 सितम्बर को भारत बनाम श्रीलंका, इंदौर में एक अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, तीन अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो में पांच अक्टूबर को भारत बनाम पाकिस्तान, इंदौर में छह अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी में 11 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो 15 अक्टूबर को पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, इंदौर में 22 अक्टूबर को इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, इंदौर में 25 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया, गुवाहाटी में 26 अक्टूबर (अपरन्ह) को इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु में 26 अक्टूबर को भारत बनाम बांग्लादेश के बीच मैंच होंगे।

## भारतीय टीम के साथ कल फिर से जुड़ेंगे गौतम गंभीर

**लंदन, वार्ता।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर कल फिर से दल के साथ जुड़ जाएंगे गंभीर अस्पताल में भर्ती मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण 11 जून को इंग्लैंड से दिल्ली लौट आए थे। गंभीर की अनुपस्थिति में रायन टेन डेशकाटे, सहायक कोच सितांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्कल ने टीम की तैयारी की निगरानी की। इंडिया ए के कोच ऋषिकेश कानितकर भी उनके साथ थे। ऐसा माना जा रहा है कि गंभीर की मां के स्वास्थ्य में अब सुधार है और वह मंगलवार को भारतीय टीम के साथ जुड़ जायेंगे। पहले टेस्ट को देखते हुए गंभीर को टीम प्रबंधन के साथ मिलकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे।

# वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत: साई

● **पहले अभ्यास सत्र के दौरान बातचीत में दोनों खिलाड़ी भावनात्मक रूप से एक दूसरे से मिले**



**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने सोमवार को कहा कि उनके वरिष्ठ साथी क्रिकेटर वाशिगटन सुंदर उनके लिए प्रेरणाोत रहे हैं।

तमिलनाडु के घरेलू क्रिकेट के दिनों से जुड़े ये दोनों खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अभ्यास सत्र के दौरान फिर से मिले। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरु होने से पहले अभ्यास सत्र के दौरान बातचीत में दोनों खिलाड़ियों ने भावनात्मक रूप से एक दूसरे के प्रति जुड़ाव को याद किया। सुदर्शन ने अभ्यास सत्र के दौरान कहा कि मैंने उन्हें (वाशिगटन सुंदर) टीवी पर देखा और उनके कौशल से बहुत कुछ सीखा है। वाशिगटन सुंदर शुरू से ही मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं और उनके साथ एक या दो बार अभ्यास भी किया है। सुदर्शन ने याद किया कि उन्होंने वशिगटन सुंदर को भारतीय टीम में शामिल होने से पहले आईपीएल में उनकी बल्लेबाजी के जौहर देखे हैं। सुदर्शन ने कहा कि उस दौर ने मुझे वास्तव में प्रेरित किया। मैं उन्हें चेन्नई में साथ खेलने के हमारे युवा दिनों से जानता हूं। इससे मुझे लगा कि मैं भी उनके जैसा ही रास्ता अपना सकता हूं। भगवान उनका भला करे। इस पर वाशिगटन सुंदर ने कहा कि उन्होंने मुझे यह कई बार बताया है। मेरे कई दोस्तों और कोचों ने भी बताया है कि वह कितनी दूर तक पहुंचे हैं। उनका प्रदर्शन खासकर पिछले तीन-चार वर्षों में उल्लेखनीय रहा है। जब भी मैं उन्हें टीवी पर देखता हूं, तो मैंने देखा उनके खेल में कितना सुधार आया है। उनकी बल्लेबाजी बेहतरीन है।

# पटौदी की विरासत को बचाने को सचिन तेंदुलकर आए आगे

● **ईसीबी-बीसीसीआई के अधिकारियों से की बात, भारत इंग्लैंड को मिलेगा पटौदी पदक**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सचिन तेंदुलकर ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में पटौदी की विरासत को बनाए रखने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों से बात की है। दोनों क्रिकेट बोर्डों ने पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने के ईसीबी के फैसले के बाद आगामी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखने का निर्णय लिया था। हालांकि, इस फैसले को लेकर जबरदस्त विरोध देखने को मिला और खुद तेंदुलकर ने पटौदी विरासत को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सचिन के अनुरोध को ईसीबी ने स्वीकार कर लिया है और विजेता कप्तान को स्वर्गीय एमएके पटौदी के नाम पर एक पदक प्रदान किए जाने की योजना तैयार कर रही है। ईसीबी के एक अधिकारी ने स्वीकार किया है कि हां, इंग्लैंड-भारत सीरीज में पटौदी कनेक्शन को बनाए रखने की पुष्टि योजना है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

# हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार: सलीमा

● **टीम अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए रणनीतियों पर कर रही है काम**



**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने सोमवार को कहा कि हम 17 और 18 जून को लंदन में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के मैचों में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है।

आगामी मैचों के बारे में सलीमा टेटे ने कहा कि अर्जेंटीना हॉकी में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक 12 एफआईएच प्रो लीग मैचों में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना मुश्किल होगा, लेकिन हम बिना लड़े हार नहीं मानेंगे। हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि जैसा कि आपने देखा, टीम ने पिछले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है और हम अर्जेंटीना के खिलाफ भी ऐसा ही करने की योजना बना रहे हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत से न केवल हमें अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे टीम का मनोबल भी बढ़ेगा। हम बेल्जियम और चीन के खिलाफ मैच खेलने के लिए एंटवर्प और फिर बर्लिन जाएंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में 17 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ पहला और उसके बाद 18 जून को दूसरा मैच खेलेगी।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 27 जून से पंचकूला में

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन 27 से 29 जून तक पंचकूला में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में महिला (सीनियर वर्ग) में भार 45-48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम, +80 किलोग्राम तथा पुरुष (सीनियर वर्ग) में 47-50 किलोग्राम, 55 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किला. ग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम आदि खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## डीडीसीए ने शहर व्यापी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने सोमवार को अपने बहुप्रतीक्षित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ किया। सोमवार को यहां सेंट स्टीफंस कॉलेज ग्राउंड में राष्ट्रीय राजधानी की सबसे बड़ी अंतर-क्लब प्रतियोगिताओं में से एक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत मद्रास सीसी और यॉर्क सीसी के बीच एक रोमांचक उद्घाटन मैच के साथ हुई। प्रतियोगिता में कुल 104 क्लब भाग लेंगे। टीमों को ग्रुप चरण के लिए नौ पूल में विभाजित किया गया है। इस अवसर पर डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि यह टूर्नामेंट दिल्ली क्रिकेट के लिए एक मजबूत भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य ऐसे और अधिक मंच प्रदान करना है।

**खेल विशेष**

## भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** खिलाड़ी शांति के संदेशवाहक के रूप में काम करते हैं: अनुराधा गुप्ता

श्रीनगर, वार्ता। जम्मू-कश्मीर की युवा सेवा एवं खेल महानिदेशक अनुराधा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ी शांति, समृद्धि और सद्भाव के संदेशवाहक होते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी लोकप्रियता और प्रभाव के कारण खिलाड़ी समाज के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाते हैं। सुश्री गुप्ता ने मौलाना आजाद स्टेडियम से जम्मू-कश्मीर के दल को भुवनेश्वर (ओडिशा) में 22-26 जून तक होने वाली 78वीं सीनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप के लिए रवाना किया। दल में पांच पुरुष और पांच महिला तैराक शामिल हैं, जिन्हें योग्यता के आधार पर चुना गया है। उन्होंने तैराकी संघ के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है , उन्हें जमीनी स्तर पर निखारने की सख्त जरूरत है।

## मनप्रीत भारत के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने




**एंटवर्प, वार्ता।** मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ऑस्ट्रेलिया खिलाफ खेलने मैदान में उतरने के साथ ही भारत के लिए अपना 400वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले इस एतिहासिक मुकाबले में भारतीय टीम को 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। अपने 400वें मैच में खेलने के साथ ही मनप्रीत सिंह सर्वाधिक मैच के मामले में पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकार्ड से 12 मैच पीछे है। 400 मैच तक पहुंचने को लेकर मनप्रीत ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि वह उन्हें प्रेरित करने वाले प्रत्येक कोच और टीम के हर उस खिलाड़ी के साथ इस उपलब्धि साझा करना चाहेंगे जो उनके साथ खड़ा रहा। मैच में हार को लेकर मनप्रीत सिंह ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने यहां लगातार छह मैच हारे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। हालांकि सभी मुकाबले बहुत करीबी रहे हैं और हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन फिनिशिग में कमी रही। हम इस पर चर्चा करेंगे और अगलों मैचों में जोरदार वापसी का प्रयास करेंगे।

## गेंदबाज आवेश खान का मंगलवार को होगा घुटने का आपरेशन

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर आवेश खान का मंगलवार को मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में दाहिने पैर के घुटने की सर्जरी होगी। उनकी सर्जरी कोकिलाबेन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड आर्थोस्कोपी के हेड डाक्टर दिनशा पारदीवाला करेंगे। आवेश के पिता आशिक खान ने बताया कि घुटने की सर्जरी के लिए आवेश सोमवार को इंदौर से मुंबई चले गए हैं। मंगलवार को आपरेशन होगा। कुछ दिन वह मुंबई में डाक्टरों की निगरानी में रहेंगे और फिर करीब एक महीने बेड रेस्ट करेंगे। 2023 में ऋषभ पंत के लिगामेंट की भी सर्जरी कर चुके हैं। पंत का साल 2022 के आखिरी दिन दिल्ली से मेरठ जाने के दौरान कार एक्सीडेंट हो गया था। उनके सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन लिगामेंट भी टूट गया था।

### टीम इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच

# शार्दूल ने प्रैक्टिस मैच में जड़ा शतक

● **इंग्लैंड टेस्ट के लिए दावेदारी मजबूत, तीसरे दिन शार्दूल ठाकुर भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने**

**बेकनहम, वार्ता।** शार्दूल ठाकुर ने बेकनहम में खेले गए इंट्रा-स्क्वाड मैच में भारत ए की ओर से 68 गेंदों में नाबाद 122 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में अपनी दावेदारी की पेश की। तीसरे दिन शार्दूल भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले सरफराज खान ने दूसरे दिन 76 गेंदों में 101 रन बनाए थे, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

शार्दूल ने अपना शतक भारत की टेस्ट गेंदबाजी यूनिट जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के खिलाफ बनाया। तीसरे दिन ही टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया मैनेजमेंट ने तीसरे दिन के मध्य में ही इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया। यह मैच सोमवार, 16 जून तक चलने वाला था। बीसीसीआई ने रविवार को कहा कि टीम इंडिया का इंट्रा-स्क्वाड मैच समाप्त हो गया है। 16 जून को पूरा दिन आराम रहेगा। टीम 17 जून को लीड्स के लिए रवाना होगी। प्रैक्टिस मैच का सीधा प्रसारण नहीं किया गया और न ही मीडिया को आधिकारिक तौर पर स्कोर उपलब्ध कराए गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह टीम का फैसला था कि तीन या चार दिन का मैच खेला जाए। स्कोर पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों ने दो बार बल्लेबाजी की (जैसे भारत ए के लिए वाशिंगटन सुंदर)।

टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा स्कायड मैच को तीसरे दिन ही समाप्त कर दिया। टीम अब 16 जून को आराम करेगी। चीफ सिलेक्टर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख भी मैच के दौरान थे मजबूत इससे पहले, भारत ने 469 रन बनाए थे। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने बेकनहम में सरफराज और शार्दूल के शतकों को देखा। दूसरे दिन के खेल की समाप्ति पर ठाकुर 10 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 19 रन बनाकर नाबाद थे। प्रैक्टिस मैच में ठाकुर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें साथी आलराउंडर नितीश कुमार रेढी पर बढ़त दिला दी है। शार्दूल ठाकुर ने 2023 में खेला था आखिरी टेस्ट शार्दूल ठाकुर, जिन्होंने आखिरी टेस्ट 2023 में खेला था, बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं थे, जबकि नीतीश कुमार रेढी ने सभी पांच टेस्ट खेले और मेलबर्न टेस्ट में शतक भी जड़ा। शार्दूल को महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेने के लिए जाना जाता है और उन्हें गोल्डन आर्म मैन के रूप में देखा जाता है। हेडिंग्ले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में उनका चयन होता है या नहीं, यह देखना बाकी है। भारत के लिए 11 टेस्ट मैचों में, ठाकुर ने एक पांच विकेट हाल सहित 31 विकेट लिए हैं, जबकि 18 पारियों में 67 रनों की सर्वोच्च पारी के साथ 331 रन बनाए हैं। रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद ठाकुर को इंग्लैंड सीरीज के लिए टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया। उनका पिछला टेस्ट दिसम्बर 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था।

# चोटिल डॉगेट टीम से बाहर, एबॉट को बुलाया

● **डॉगेट की तरह एबॉट भी टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड खिलाड़ी है**



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट कूल्हे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है और उनकी जगह सीन एबॉट को टीम में बुलाया गया है। डॉगेट वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। लेकिन अब वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया लौट आएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने वाली टीम ऑस्ट्रेलियाई टीम में डॉगेट रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल थे। डोगेट की तरह एबॉट भी टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, वे इस साल की शुरुआत में श्रीलंका दौरे पर गई ऑस्ट्रेलिया की टीम में थे और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान भी टीम में थे। लेकिन वह अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट में अभी तक पर्दापण नहीं कर पाये है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 25 जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले अगले सप्ताह के मध्य में बारबाडोस पहुंचेगी। इसके बाद ग्रेनेडा और जमैका में मैच होंगे।

# जसप्रीत बुमराह-संजना बने केनरा एचएसबीसी लाइफ के ब्रांड एम्बेसडर



**नई दिल्ली, वार्ता।** जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी एवं प्रसिद्ध खेल प्रस्तोता संजना गणेशन को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने यहां कहा कि इस जोड़ी का प्रतिनिधित्व राइज वर्ल्डवाइड द्वारा किया जा रहा है। यह साझेदारी कंपनी के उद्देश्य आधारित ब्रांड दृष्टिकोण को और सशक्त बनाती है और इसके मूल विचार 'प्रॉमिसेज़ का पार्टनर', यानी जीवन के हर मोड़ पर भरोसेमंद साथ निभाने वाले साथी, को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करती है। कंपनी का मानना है कि बुमराह और संजना का रिश्ता भरोसे, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों पर आधारित है, वही मूल्य जो न केवल उनके खेल में उत्कृष्टता की पहचान हैं, बल्कि जीवन बीमा के क्षेत्र की भावना से भी मेल खाते हैं। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, यह रियल-लाइफ दंपति इस सोच को दर्शाता है कि जब जरूरत पड़े, तब साथ निभाना ही एक सच्चे 'प्रॉमिसेज का पार्टनर' की असली पहचान है। बुमराह ने इस साझेदारी पर कहा कि हर वादा, चाहे वह मैदान पर हो या जीवन में, जिम्मेदारी के साथ आता है। संजना और मैं हमेशा से पहले से योजना बनाकर चलने और हर दौर में एक-दूसरे का साथ देने में विश्वास रखते हैं। ऐसे में केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी हमारे लिए एक सहज और स्वाभाविक जुड़ाव जैसा है। कंपनी यह समझती है कि लोगों के लिए लगातार उपस्थित रहना कितना महत्वपूर्ण है, ठीक वैसे ही जैसे एक सच्चे साथी को होना चाहिए। संजना ने कहा कि मेरे लिए एक सच्चे साथी का मतलब है ऐसा साथ, जिस पर हर परिस्थिति में भरोसा किया जा सके, सिर्फ तब नहीं जब सब कुछ आसान हो, बल्कि तब भी जब हालात चुनौतीपूर्ण हों। यही सोच मुझे केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और उनकी 'प्रॉमिसेज का पार्टनर' फिलॉसफी से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। यह उस जीवनशैली को दर्शाता है, जिसे जसप्रीत और मैं जीते हैं, सोच-समझकर योजना बनाना, एक-दूसरे का सहारा बनना है।

# फीफ क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज क्लबों ने जीत दर्ज की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फीफा क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लबों बायर्न म्यूनिख और पेरिस सेंट-जर्मेन ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की। इसके अलावा बोटाफोगो ने सिएटल साउंडर्स पर मामूली अंतर से जीत दर्ज की, जबकि पाल्मेरास और पोर्टो के बीच खेला गया मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

ग्रुप सी में रविवार को मिडफील्डर जमालकी दूसरे हाफ में लगाई गई हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने ऑकलैंड सिटी पर 10-0 के साथ बड़ी जीत हासिल की, जबकि किंग्सले व माइकल ने दो- दो गोल किए। साचा बोए और मुलर और अन्य ने भी एक-एक गोल दागे। बायर्न की जीत क्लब विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, जिसने 2021 में अल-हिलाल की अल जज़ीरा पर 6-1 की जीत को पीछे छोड़ दिया। ग्रुप बी में नयी यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट- जर्मेन ने दोनों हाफ में दो गोल करके कैलिफोर्निया के पासाडेना में रोज बाउल में 80 हजार से अधिक प्रशंसकों के सामने एटलेटिको मैड्रिड पर 4-0 की जीत हासिल की। ब्राजील के पाल्मेरास और पुर्तगाली टीम पोर्टो ने न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में ग्रुप ए के अपने मैच में गोलरहित ड्रॉ खेला। ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में सीरी ए चैंपियन बोटाफोगो ने एमएलएस क्लब सिएटल साउंडर्स पर 2-1 से जीत हासिल की। जैर और जीसस के हेडर ने हाफटाइम तक बोटाफोगो को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन क्रिस्टियन रोल्डन ने गोलकर जीत के अंतर को कम कर दिया।

# जामुन तोड़ने पेड़ पर चढ़ा किशोर, करंट लगने से हुई मौत, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र रामपुर मुरादाबाद नेशनल हाईवे नियामतपुर इकरोटिया टोल के करीब चार से पांच दोस्त दोपहर के समय राईस मील के सामने जामुन के पेड़ से जामुन तोड़ने पहुंचे, इसी बीच मो. निश 17 वर्ष पुत्र नजाकत अली निवासी मिलक उधमपुरा थाना मूंढापांडे पेड़ पर जामुन तोड़ने जैसे ही पेड़ पर चढ़ा उसी पेड़ पर ग्यारह हजार की लाइन गुजर रही थी, उसी समय मोनिश को बिजली के करंट ने पेड़ पर चिपका लिया मोनिश को बिजली द्वारा पकड़ा देख दोस्तों ने शौर मचा दिया,इसी दौरान राहगीरों ने डंडे लेकर मोनिश को पेड़ से नीचे उतारा, घटना की जानकारी पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे उन्होंने पास में पड़े रेते में दवाया उसके बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे डाक्टरों ने मोनिश को मृत घोषित कर दिया परिवार वाले मृतक को घर ले गए, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो परिवार वालों ने कानूनी कार्यवाही से मना कर दिया, मृतक के परिवार में पिता नजाकत अली,मां रहाना, बड़ा भाई दानिश, बहन अंजुम, तबस्सुम,नगमा,सना है, सभी का रो रो कर बुरा हाल है।





# हाजी उस्मान के कूलर बिजली घर पर कर रहे ट्रांसफार्मरों को ठंडा

**कांठ।** नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली द्वारा लगवाए गए कूलर अब बिजली घर के ट्रांसफार्मरो को ठंडा करने का काम कर रहे हैं। जिससे निर्विघ्न बिजली आपूर्ति क्षेत्र को मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। सभी जानते हैं कि इस वक्त भीषण गर्मी का प्रकोप है और तपती धूप के कारण बिजली घर पर भी ट्रांसफार्मर गर्म होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी इस समस्या का समाधान करने के लिए भी हाजी उस्मान अली ने आगे आकर एक कदम बढ़ाया है उनके द्वारा रसूलपुर बिजली घर पर ट्रांसफार्मरो को ठंडा करने के लिए कूलरों की व्यवस्था कराई गई है। बताया गया कि इस बिजली घर से नवादा पेली बिश्नोई रायपुर भरतपुर पठगी जमानिया काजीपुरा हरि नूरपुर डहरा दाढ़ी विलाय तनगर खिचड़ी लाडला बाद चकफेरी कुमरिया जुमला सीतापुर फरीदपुर भेंडी सिरसा ठाट ईसापुर देहरी चौहरा चेत. रामपुर खलीलपुर कददीम समेत लगभग 36 गांव को बिजली दी जाती है। लेकिन ट्रांसफर के गर्म चलने के कारण ट्रिपिंग की समस्या हमेशा बनी रहती है इस समस्या का निदान करने के लिए ही हाजी उस्मान ने बिजली घर के लिए कूलर की व्यवस्था कराई है।



# कथावाचक प्रदीप मिश्र कलयुग का रावण: स्वामी सच्चिदानंद महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बरेली से अलीगढ़ दिशा की ओर जा रहे स्वामी सच्चिदानंद महाराज का चन्दौसी जंक्शन पर लोगों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। यहां बताते चलें कि सच्चिदानंद महाराज मथुरा स्थित आश्रम में निवास करते हैं। सोमवार को बरेली से अलीगढ़ की ओर जा रहे थे, चन्दौसी जंक्शन पर वह मीडिया से मुखातिब हुए। मीडियाकर्मियों द्वारा चित्रगुप्त भगवान पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सवाल पर कथावाचक प्रदीप मिश्र को कलयुग का रावण बताया। उन्होंने कहा कि कथावाचक प्रदीप मिश्र द्वारा भगवान श्रीराम व राधा रानी पर भी अभद्र टिप्पणी की जा चुकी है। कथावाचक द्वारा चर्चाओं में रहने के लिए हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करते रहते हैं। पूरे देश में पचास से अधिक एफआईआर दर्ज हो चुकी है। सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि कथावाचक ने भगवान चित्रगुप्त का उपहास उड़ाया है।

ऐसे अशोभनीय टिप्पणी करने वाले प्रदीप मिश्र का विरोध कर उनके पुतले का दहन करेंगे।



# शक्तिनगर की सड़क दिखाई देने लगी हाईवे के रूप में

**चन्दौसी।** कड़वा घूंट पीने के बाद मीठा आनंद आता है लेकिन त्याग जरुरी है। चन्दौसी के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाते समय लोगों को दु:ख हो रहा था कि उनके घर टूट रहे हैं, जब कोई भी बदलाव होता है तो प्रारंभिक दौर में समस्याएं सामने आती हैं। सरकार प्रत्येक शहर, कस्बा व गांव को हाईटेक बनाना चाहती है। इसके लिए बेहतर सड़कों का होना आवश्यक है क्योंकि अगले दशकों में जनसंख्या और अधिक बढ़ेगी। जिस तरह से व्यक्ति अपने भविष्य के लिए पूंजी जमा कर बाद में लाभ उठाता है, यही विकास का स्वरुप है। विकास एक सतत् प्रक्रिया है जो लगातार चलती है। जब उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा ने अतिक्रमण हटाने का कदम बढ़ाया तो लोगों को अच्छा नहीं लगा लेकिन कर्मठ अधिकारी को पता होता है कि उन्हें क्या करना है। उपजिलाधिकारी ने शक्तिनगर की सड़क से अतिक्रमण हटाकर चौड़ीकरण किया। अब लोगों को आभास हो गया है कि अतिक्रमण हटाने में क्या लाभ है क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को ही लाभ है। शक्तिनगर की सड़क अब हाईवे के रुप में दिखाई दे रही है और लोग निहारते नजर आते हैं जबकि इससे पूर्व वाहनों का निकलना भी कठिन था। लॉयन्स स्कूल के आसपास जाम लग जाता था। वहीं लॉयन्स स्कूल के सामने पड़ी भूमि की नींव भरी जा चुकी है। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा 35बी रेलवे फाटक से अतिक्रमण हटाकर मिसाल कायम की और सड़का का चौड़ीकरण कर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। वहीं बदायूं चुंगी के आसपास भी अतिक्रमण हटाया गया है।



## एक नजर

### नीट परीक्षा पास करने वाले छात्रों को सम्मानित करने पहुंचे बसपा जिलाध्यक्ष



**कुन्दरकी।** बसपा जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह सागर सोमवार को नीट परीक्षा पास करने वाले छात्रों के घर पहुंचे जहां उन्होंने उन्हें सम्मानित किया। उन्होने बकह नीट की परीक्षा में कुंदरकी ताजमहल की बिल्डिंग में रहने वाले कल्लू प्रधान की भतीजी- अलीना हसीन 537 और नाजिश 539 मोहम्मद जैद 536 आरिश पाशा 530 अंक प्राप्त कर कुंदरकी क्षेत्र का नाम रोशन किया है जिससे पूरे कुंदरकी क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवा पीढ़ी में इस सफलता को देखते हुए एक नई ऊर्जा का संचार भी हुआ है इन चारों की सफलता से ही पता लगता है की मेहनत सफलता की कुंजी है। इन चारों को आज बधाई देने के लिए बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी पहुंचे जिसमें मुख्य रूप से निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद, सतपाल कश्यप जिला संयोजक भाईचारा मनवीर सिंह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिलारी डॉ.चरन सिंह विधानसभा प्रभारी बिलारी हाजी मोहम्मद रफी सदस्य जिला पंचायत मुरादाबाद बसपा हाजी सलीम विधानसभा उपाध्यक्ष राकेश सिंह विधानसभा अध्यक्ष कुंदरकी यूनुस प्रधान शानू पाशा, मुशाहिद हुसैन, रवि प्रधान डॉ.अंबु प्रताप, मोहम्मद सलमान पाशा आदि मौजूद रहे।

### डाक्टरों पर लगाया लापरवाही करने का आरोप



**मुरादाबाद।** लाकडी फाजलपुर स्थित सिलेक्ट हॉस्पिटल के डॉक्टर इमरान पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। महिला मरीज रुखसाना परवीन के पति महबूब अली ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर इमरान ने उनकी पत्नी की रसौली का गलत ऑपरेशन किया, जिससे उनकी तबियत बिगड़ी और रिपोर्ट तक नहीं दी गई। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज से भी मना कर दिया गया। महबूब अली ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है, जिसमें उन्होंने डॉक्टर इमरान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। यह घटना मुरादाबाद में इलाज में लापरवाही के बढ़ते मामलों की कड़ी में एक और उदाहरण है। इससे पहले भी मुरादाबाद में निजी अस्पतालों में इलाज में लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें मरीजों की मौत और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हुई हैं।

यदि आप भी इस मामले में कोई जानकारी या सहायता चाहते हैं, तो आप मुरादाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### मुरादाबाद की पीतल फैक्ट्री में भीषण आग



**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र के प्रभात मार्केट में घनी आबादी के बीच स्थित फैक्ट्री में लगी आग से मचा हड़कंप। बताते चले कि फायर ब्रिगेड की टीमें आनन फानन में आग बुझाने में जुटीं गई। आग लगने के कारणों का नहीं चला पता। घनी बस्ती में स्थित है पीतल फैक्ट्री, लोगों में दहशत बरकरार बनी हुई है। आग से घटना एक बड़ा हादसा टल गया है।

## दादा मियां रहमातुल्लाह का तीन दिवसीय उर्स शानो-शौकत के साथ हुआ मुकम्मल



**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला तकिया अरब शाह में दादा मियां रहमातुल्लाह अलेह का सालाना तीन दिवसीय उर्स बड़ी शानो-शौकत के साथ मुकम्मल हुआ पहले रोज कुरआन ख्वानी व मिलाद शरीफ से उर्स का आगाज हुआ दूसरे दिन महफिले सिमा में दिल्ली के मशहूर कव्वाल वसीम साबरी कघ्व्वाल ने कलाम पेश कर समां बांध दिया तीरे दिन सुबह दस बजे कुल शरीफ की दुआ मौलाना तालिब फातिहा में मौलाना फरहान अशरफी मौलाना वकील अहमद बारिश अली शाह जावेद अल्वी रिजवान अशरफी कौसर अल्वी कासिम अल्वी जमीर अहमद लाइक शेख बबलू शेख मतीन अल्वी अनीश शाह सूफी अब्दुल रहमान राहत अली जाने आलम साथ उर्स मुकम्मल हुआ और अधिक लोग मौजूद रहे

# भारत विकास परिषद ने किया अधिष्ठापन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद् शाखा चन्दौसी की ओर से साहू झुन्नी लाल धर्मशाला में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रांतीय सचिव नीरज मित्तल (अधिष्ठापन अधिकारी) ने प्रभात कृष्ण को अध्यक्ष, विपिन कुमार को सचिव और संजीव शर्मा को कोषाध्यक्ष पद व दायित्व की शपथ ग्रहण कराई। शाखा की नवीन कार्यकारिणी में प्रवीण गुप्ता को संयोजक संपर्क, विक्रम सिंह को संयोजक सेवा, अभिषेक गुप्ता को संयोजक संस्कार, भावना गुप्ता को संयोजक पर्यावरण और डॉ सुमन गुप्ता को संयोजक महिला सहभागिता दायित्व की शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर ग्यारह नवीन सदस्यों दिनेश कुमार अग्रवाल, सुमंत कुमार गुप्ता, देवेंद्र कुमार मोनू, राजीव कुमार अग्रवाल, संजय कुमार गुप्ता, डा. मोहित बंसल, सुशील सक्सैना, अवध किशोर शर्मा, ऋषभ वार्ष्णेय, संजीव कुमार वार्ष्णेय, पवन गुप्ता को भी परिषद् में उनके दायित्व बोध की शपथ ग्रहण कराई गई।

निवर्तमान सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने शाखा के गत वर्षों के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और निवर्तमान अध्यक्ष डॉ एस.एन. शर्मा ने नवीन सदस्यों को अपने प्रेरक उदबोधन द्वारा भारत विकास परिषद का विस्तृत परिचय कराया। प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा द्वारा संस्कार और क्षेत्रीय संयोजक संपर्क अजय बिश्नोई द्वारा संपर्क प्रकल्प पर प्रकाश डाला गया। नवनियुक्त सचिव विपिन कुमार ने शाखा के इस वर्ष की कार्य योजना पर प्रकाश डाला और अध्यक्ष की ओर से समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुमन गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक संपर्क अजय बिश्नोई, प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा, प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल, प्रांतीय वित्त सचिव राहुल वार्ष्णेय, एस.एन. शर्मा, डा0 दुर्गा टंडन, डा0 जयशंकर दुबे, महेश कठेरिया, दिनेशचंद्र गुप्ता, सरोज शर्मा, आशा विषारिया, अनिल शर्मा, रमेश अधीर, अनिल गोयल, सुशील सक्सेना, अवध किशोर शर्मा, डा टी.एस. पाल, हरीश कठेरिया, , सुनील कुमार गुप्ता, डोली गोयल, गुंजन, मुकुल शर्मा, राजीव भारद्वाज, शशिकांत गुप्ता, प्रजीत लालू, एस.डी. शर्मा, सत्येंद्र मामा, श्वेता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# टिमिट की भाग्यशाली छात्रा का बहुप्रतिष्ठित एमएनसी डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की एमबीए 2025 पासआउट छात्रा श्रेया जैन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्रेया का चयन बहुप्रतिष्ठित एम.एन. सी. कंपनी डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स, गुरुग्राम में एचआर ट्रेनी पद के लिए हुआ है।इस चयन प्रक्रिया में स्क्रीनिंग राउंड, ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। सुरभि ने अपनी दक्षता, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद शैली के दम पर कंपनी के चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्सएक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कंपनी है जो पावर और थर्मल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्रदान करने में अग्रणी है।एचआर ट्रेनी पद पर श्रेया की नियुक्ति, टिमिट कॉलेज की इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग और छात्र विकास कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने श्रेया जैनको उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, "यह चयन न केवल श्रेया की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिट कॉलेज की गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।"कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी श्रेया जैनको उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "श्रेया जैनने अपने कौशल और आत्मविश्वास के बल पर इस प्रतिष्ठित कंपनी में स्थान पाया है। उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" श्रेया की यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। श्रेया जैनने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और टिमिट कॉलेज को दिया। उन्होंने कहा, "कॉलेज ने न केवल हमें शिक्षा दी बल्कि हमें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया, जिससे हमें यह अवसर प्राप्त हुआ।



श्रेया जैन

## कुन्दरकी का गौरव हैं मुहम्मद जैद: हशमत रजा



**कुन्दरकी।** नगर के समाज सेवी हाजी हशमत उस्मानी पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नगर पंचायत कुंदरकी ने अपनी पूरी टीम के साथ नीट परीक्षा 2025 में नगर कुंदरकी का नाम रोशन करने वाले डॉक्टर नदीम के भाई मोहम्मद जैद को फूल मालाएं एवं 10 हजार का चेक देकर सम्मानित किया इस मौके पर हाजी हसमत उस्मानी ने कहा मोहम्मद जैद ने मेहनत लगन और कठिन परिश्रम कर कर एक ऐसा मुकाम हासिल किया है जिस पर कुंदरकी के हर नगरवासी को फक्र है, उन्होंने कहा की कुंदरकी और उसके आसपास नीट परीक्षा में जितने बच्चे भी कामयाब हुए हैं उन सबके घर जाकर उनको सम्मानित किया जाएगा क्योंकि आज बच्चों की अगर हौसला अफजाई हम करेंगे तब दूसरे बच्चों में हिम्मत बढ़ेगी और हमारे नगर व कुंदरकी क्षेत्र का नाम रोशन होगा इस मौके पर डॉ नदीम खान डॉ मतीन खान मुजम्मिल खान इरशाद खान मसकुर अहमद और बड़ी तादाद में नगरवासी मौजूद रहे।

# टीएमयू इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने जाना डीप लर्निंग का महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के कंप्यूटर एवम् सिस्टम साइंसेज विभाग के सीनियर प्रोफेसर प्रो. रमेश कुमार अग्रवाल बोले, डीप लर्निंग का उपयोग हेल्थकेयर में कैंसर की समय पूर्व पहचान, ऑटोनोमस वाहनों में विजन सिस्टम, भाषा अनुवाद, वॉयस असिस्टेंट्स, साइबर सुरक्षा सरीखे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हो रहा है। उन्होंने कहा, डेटा की उपलब्धता और हार्डवेयर की प्रगति ने डीप लर्निंग का अविश्वसनीय विकास किया है। हालांकि डीप लर्निंग मॉडल्स में पारदर्शिता की कमी, डेटा की सुरक्षा, प्रशिक्षण लागत जैसी गंभीर समस्याएं अभी मौजूद हैं। साथ ही एथिकल एआई और वायस फ्री मॉडल निर्माण भी भविष्य की बड़ी चुनौतियां हैं। प्रो. रमेश तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में डीप लर्निंग मॉडल एप्लिकेशन: चुनौतियां और भविष्य की दिशा पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य वक्ता का बुके देकर स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। एक्सपर्ट प्रो. अग्रवाल ने बताया, डीप लर्निंग तकनीक न्यूरल नेटवर्क्स के जरिए मशीन को सीखने की क्षमता प्रदान करती है। उन्होंने सीएनएन, आरएनएन और ट्रांसफॉर्मर जैसे मॉडल्स की व्याख्या करते हुए उनके प्रमुख उपयोगों पर प्रकाश डाला। भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए प्रो. अग्रवाल ने व्याख्यात्मक एआई, फेडरेटेड लर्निंग और न्यूरो-सिम्बोलिक एआई जैसे उभरते शोध क्षेत्रों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, ये तकनीकें न केवल डीप लर्निंग को अधिक प्रभावशाली बनाएंगी, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी स्वीकार्य बनेंगी। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें छात्रों ने प्रो. अग्रवाल से तकनीकी और शोध-संबंधी प्रश्न पूछे। प्रो. अग्रवाल ने स्टुडेंट्स को मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण अपनाते हुए एआई में अनुसंधान करने का सुझाव दिया। संच. ालन डॉ. पराग अग्रवाल ने किया। प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी बोले, इस तरह के व्याख्यान विद्यार्थियों की सोच को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में विस्तार देते हैं। स्टुडेंट्स को नवाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डॉ. शंभू भारद्वाज, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. नूपाराम चौहान, डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. मोहन विशाल गुप्ता, अमित सिंह, श्री हरजिंदर सिंह के संग-संग इंजीनियरिंग के स्टुडेंट्स, रिसर्च स्कॉलर्स फैकल्टी मेम्बर्स मौजूद रहे।





शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 जून 2025

# छात्रों की वापसी

ईरान-इजरायल में युद्ध के बीच सोमवार को एक अच्छी खबर आई कि भारत ने ईरान में रह रहे अपने 1500 छात्रों को वहां से निकालने की व्यवस्था कर ली है। ये छात्र ईरान से आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटेंगे। इस समय ईरान में 1500 स्टूडेंट्स सहित लगभग दस हजार भारतीय फंसे हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विद. ेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिये ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, कॉलेज डिटेल, देश से निकलने का समय जैसे जानकारियां देनी होंगी। भारत ने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बातचीत की। इन बातों से पता चलता है कि भारत की कूटनीति सही दिशा में जा रही है और हाल की कुछ घटनाओं से कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह बात इसलिए कही है क्योंकि यूएनओ में जो गुरुवार को इजरायल की गाजा में कार्रवाई को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया गया था। उसमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया था और उसके बाद शंघाई सहयोग संगठन में भी भारत ने उस प्रस्ताव से अपनी दूरी बनाई थी, जिन पर शुक्रवार को इजरायल द्वारा ईरान पर आक्रमण की निंदा का जिक्र था। जाहिर है ईरान इस समय भारत की मजबूरी को समझता है, क्योंकि इजरायल व ईरान दोनों ही भारत के मित्र देश हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी देश के सामने बड़ी दुविधा हो सकती है, जोकि इस समय भारत के सामने होती दिखाई भी दे रही है। निश्चित रूप से भारत के लिए यह समय डिप्लोमेसी को लेकर बेहद चुनौती वाला है और अगर यह संघर्ष अधिक बढ़ता है, तो भारत के लिए तटस्थ रहना टेढ़ी खीर हो जाएगा। जहां तक 1500 स्टूडेंट्स की बात है, निश्चित रूप से कोई भी देश चाहेगा कि विदेशों में फंसे उनके लोग सुरक्षित वापस आएं और भारत भी यह सब कर रहा है, लेकिन इससे एक बात साफ हो जाती है कि युद्ध केवल उन्हीं देशों को प्रभावित नहीं करता जो सीधे युद्ध का हिस्सा होते हैं, बल्कि उन देशों को भी प्रभावित करता है, जो सीधे युद्ध में उलझे नहीं होते। यह हमने यूक्रेन में भी देखा कि किस तरह हमारे हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे थे और उनको भी पड़ोसी देशों के माध्यम से भारत लाया गया था और अब ईरान से लाया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसी स्थिति में छात्र की पढ़ाई पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यूक्रेन से आए छात्र अब तक सेटल नहीं हो पाए हैं। अब ईरान से आने वालों का भविष्य क्या होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि यह युद्ध कितना लंबा चलता है, लेकिन अब समय आ गया है कि भारत को भी अपने छात्रों के भविष्य के बारे में सोचना होगा और अपने यहां शिक्षा के स्तर को उस ऊंचाई तक ले जाना होगा। जिससे हमारे छात्र बाहर का रुख न कर सकें और उनके पढ़ने की सही व्यवस्था अपने ही देश में हो सके। निश्चित रूप से यह काम बेहद मुश्किल जरूर है और यह रातोंरात भी नहीं हो सकता, लेकिन अगर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो नामुमकिन भी नहीं।

## बंगाली बोलने वाले नागरिकों पर निशाना



भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है, उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है, आलम यह है कि जिन बंगा. लियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है, भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं, बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए, अगर आप मुझसे पूछें, तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं, एक ओर आप भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं और दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। **-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस





यशोदा श्रीवास्तव

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने रोजगार दो या सत्ता छोड़ो के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है।

हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर नौकरी दो या सत्ता छोड़ो तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलाव पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिनभर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है। बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इस पर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है।

बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगों के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि, लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे।

अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है, लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है।

इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी, उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुकसान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी।

बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में यह दोनों अपने पदों पर नहीं हैं।

निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता, लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया।

काफी संघर्षों के बाद कांग्रेस की राजनीति में एक मुकाम पर पहुंचीं इस महिला विधायक ने कहा कि कांग्रेस यदि महिला और गरीब गुरबों के लिए चालू किए गए नीतीश सरकार की योजनाओं की काट पर काम करती तो ज्यादा अच्छा होता। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 6 करोड़ महिला वोटर हैं। इनमें करीब दो करोड़ महिलाएं समूह योजना से जुड़ी हुई हैं। यह सबकी सब नीतीश कुमार की कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही हैं। आउट सोर्सिंग के जरिए रोजगार सृजन कार्यक्रम समूह द्वारा ही संचालित हो रहे हैं। नीतीश सरकार में महिलाओं के लिए यह बड़ा काम है। इसके अलावा अनाथ हुए बच्चों को 21 साल की उम्र तक चार हजार मासिक की सहायता, परीक्षा में फर्स्ट क्लास पास हुए लड़कियों को क्रमशः छह हजार रूपए से लेकर पचास हजार तक की सहायता राशि का कोई काट कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे, लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो यह सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पश्चिमी ताकतों ने झूठ फैलाकर इराक को तबाह किया

**जो इराक पर हमलों से कभी खुश थे, वह आज रो रहे हैं। जो आज ईरान पर हमलों से खुश हो रहे, वह कल रोएंगे। यह निश्चित है। दुश्मन की जिन्हें शिनाख्त नही, उसे समझने की सलाहियत नही, उनकी बर्बादी तो आनी है, आज आए या फिर कल आए, आनी तो है ही। ईरान पर इजराइल का हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजम्मत की जानी चाहिए। फिलिस्तीन की चीखें नजरअंदाज करने की सजा अरबों को भी मिलेगी, आज यह जितना चाहे नाच गाने करके ट्रम्प का इस्तेकबाल करें। कल अमरीकी मिजाइल इनके सरो पर भी होंगी, मगर अफसोस तब इनके साथ भी कोई नहीं होगा।**



हफीज किदवई

ईरान को तबाही की कगार पर ले आया गया। अब भी सऊदी अरब और यूएई, तुर्किए या फिर मिस्र अगर यह समझते हैं कि वह इजराइल-अमरीका की मदद करके बच जाएंगे, तो शुतुरमुर्ग बने रहें। नम्बर तो सबका आएगा। जिसने कभी भी अमरीका का साथ दिया था, वह आज उसकी मक्कारी का शिकार हो चुके हैं। अमरीका, कभी किसी का सगा नही रहा, यह क्या अब भी साबित होना बाकी है?

ईरान के ऊपर इजराइल लगातार आतंकी हमले कर रहा है। इनके कितने ही महत्वपूर्ण लोग मार दिए गए। ईरान हर बार एक कड़ा बयान देता है। इस बार भी एक सख्त डायलॉग आया है। जबकि इजराइल को ईरान सख्त जवाब दे सकता है मगर क्यों नही दे रहा। यहीं पर बहुत से सवालों के जवाब गुंथे हैं। इजराइल जबसे वजूद में आया है। यह पूरा खित्ता डिस्टर्ब ही रहा है। यहां किसी न किसी मुल्क में बर्बादी की कहानी लिखी जाती रही, हर एक जगह सुकून छीन लिया गया। मगर पता नही वह कौन सी घुट्टी है, जो सारे अरब ने पी रखी है। उसे समझ नही आता कि नासूर क्या है। बिना नासूर के ईलाज के यहां कभी सुकून नही आ सकता, यह देर सबेर जब यूएई की बर्बादी आएगी, तो उन्हें भी समझ आ ही जाएगा। अमरीका इस पूरे इलाके में शतरंज खेलता है, कभी उसका कोई दोस्त हो जाता है, तो कभी वही दुश्मन। ताजा मामले तो हमारे यहां ही देख लीजिए। पहले हमसे दोस्ती गांठ रहा था और पाकिस्तान से दुश्मनी। आज पाकिस्तान को गोदी में लिए बैठा है और हमें आंखे दिखा रहा। पूरे एशिया में अमरीका की यही नीति है मगर फिर भी अमरीकियों से मुहब्बत जाने खत्म क्यों नही होती। जो इराक पर हमलों से कभी खुश थे, वह आज रो रहे हैं। जो आज ईरान पर हमलों से खुश हो रहे, वह कल रोएंगे। यह निश्चित है। दुश्मन की जिन्हें शिनाख्त नही, उसे समझने की सलाहियत नही, उनकी बर्बादी तो आनी है, आज आए या फिर कल आए, आनी तो है ही। ईरान पर इजराइल का हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजम्मत की जानी चाहिए। फिलिस्तीन की चीखें नजरअंदाज करने की सजा अरबों को भी मिलेगी, आज



यह जितना चाहे नाच गाने करके ट्रम्प का इस्तेकबाल करें। कल अमरीकी मिजाइल इनके सरो पर भी होंगी, मगर अफसोस तब इनके साथ भी कोई नही होगा। तब अरबी डॉलर चबाएंगे और जान बचाते फिरेंगे। इजराइल की मनमानी, अमरीका की मनमानी है। अरब में अमरीका के पैर हैं इजराइल, अगर यह पैर बांधे न गए, तो सब बर्बाद होंगे। इजराइल को मासूमो पर हमले की छूट देने वाले, अपना भी भविष्य देख लें। नम्बर सबका आएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मोदी जी इस समय क्या सोच रहे होंगे



श्रवण गर्ग

**प्रधानमंत्री शायद विशाल सिविल हॉस्पिटल, उससे लगे बी जे मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल्स में अपनी जिंदगी के खूबसूरत साल बिताकर देश-दुनिया में सेवाएं दे रहे उन डॉक्टरों के बारे में भी नहीं सोच पा रहे होंगे कि उन सबके मन में कैसी उथल-उथल मची हुई होगी। बेटी और दामाद ने सालों पहले अपनी पीजी की पढ़ाई इसी हॉस्पिटल-कॉलेज से पूरी की थी।**

यह वह जगह है जो गुरुवार को दिन के एक बजकर अड़तीस मिनट तक हजारों लोगों की चहल-पहल से आबाद थी। हम सोचते होंगे कि एक बड़ी जगह के दो मिनटों में इस तरह श्मशान में बदल जाने बाद कहीं ठहरते तो कहीं रुकते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन में क्या विचार उठ रहे होंगे? वे कुछ तो जरूर सोच रहे होंग। 11 सालों की दिल्ली में हुकूमत के दौरान इतनी बड़ी राष्ट्रीय दुर्घटना पहली बार। वह भी अपने ही उस गृह राज्य में जहां वे बारह साल मुख्यमंत्री रहे। 268 मौतें एक साथ, दो मिनट में। हजार डिग्री के तापमान में। किसी भी श्मशान में शरीर के राख में बदलते वक्त इतना तापमान नहीं होता।

हम कल्पना कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री कई बातें एक साथ सोच रहे होंगे। बड़े लोगों को कई काम एक साथ करना होता है। मोदी जी उन लोगों की तरह तो निश्चित ही नहीं सोच पा रहे होंगे जो अहमदाबाद के भव्य सरदार पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने प्रियजनों को विदाई देने पहुंचे होंगे और डिपार्चर टर्मिनल पर उनके आंखों से ओझल होने तक हाथ हिलाते रहे होंगे। जिन्होंने बार-बार याद दिलाया होगा कि लंदन पहुंचते ही फोन करके सूचना दे देना या फिर उन सैकड़ों लोगों की तरह भी जो अगवानी के लिए लंदन के गेटविक एयरपोर्ट पर पहुंचकर आने वाले प्रियजनों से गले मिलकर उन्हें गुलदस्ते भेंट करने का सोच रहे होंगे और तभी यह हृदय विदारक सूचना प्राप्त हुई होगी कि सब कुछ राख हो चुका है। वे अब उनके मुंह भी नहीं देख पाएंगे। प्रधानमंत्री शायद विशाल सिविल हॉस्पिटल, उससे लगे बी जे मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल्स में अपनी जिंदगी के खूबसूरत साल बिताकर देश-दुनिया में सेवाएं दे रहे उन डॉक्टरों के बारे में भी नहीं सोच पा रहे होंगे कि उन सबके मन में कैसी उथल-उथल मची हुई होगी।

बेटी और दामाद ने सालों पहले अपनी पीजी की पढ़ाई इसी हॉस्पिटल-कॉलेज से पूरी की थी। बेटी यहीं के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी जहां मैं उससे मिलने जाता था। उसी मेस में जाती थी जो दुर्घटना की चपेट में आया। वह ऑस्ट्रेलिया से फोन करके अब पूछती है यह सब कैसे हो गया? मैं क्या जवाब देता?

मुमकिन है प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के बारे में भी कुछ सोचा हो जो दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। चार साल पहले बारह-तेरह सितम्बर की रात दिल्ली से उन्हें फोन पहुंचा था कि इस्तीफा दे दीजिए और रूपाणी ने तत्काल पूरे मंत्रिमंडल सहित त्यागपत्र सौंप दिया था। उनके बाद से भूपेन्द्र पटेल ही गुजरात के मुख्यमंत्री हैं।

मोदी जी दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले और सबसे बड़े प्रजातांत्रिक राष्ट्र के मुखिया हैं। विमान हादसे के तीन दिन पहले ही अपने तीसरे कार्यकाल का पहला साल और हुकूमत के 11 साल उन्होंने पूरे किए थे। बीजेपी और सरकार अभी उनके कार्यकाल की उपलब्धियां भी ठीक से गिना नहीं पाई थी कि यह हादसा हो गया। वह भी मोदी जी के गृहराज्य में।

हम सिर्फ अनुमान ही लगा सकते हैं कि मोदीजी क्या सोच रहे होंगे। मसलन एक-के-बाद-एक घटनाएं क्यों हो रही हैं? 22 अप्रैल को जब पहलगाम-नरसंहार हुआ वे सऊदी अरब में थे। वे अगले दिन भारत लौटे जरूर पर पहलगाम नहीं गए। लौटने के अगले ही दिन चुनावी दौरे पर बिहार चले गए। पहलगाम के बाद सात मई से दस मई तक ऑपरेशन सिंदूर हो गया। अब जबकि उन्हें कनाडा की महत्वपूर्ण यात्रा पर रवाना होना है यह दर्दनाक हादसा हो गया।

मोदी जी के सोच में क्षण भर के लिए शायद आया हो कि ऐसे वक्त में उन्हें उन्हें कनाडा जाना चाहिए या नहीं? 15 से 17 जून तक कनाडा में G-7 समूह के देशों की बिखर वार्ता है। भारत G-7 समूह का सदस्य नहीं है पर 2019 के बाद से मोदी जी एक आमंत्रित के तौर पर उसकी बैठकों में भाग लेते रहे हैं। इस बार मोदीजी को आखिरी वक्त पर आमंत्रित किया गया जिससे यात्रा का महत्व और बढ़ गया। वहां ट्रम्प भी आने वाले हैं। कनाडा से भारत के संबंध काफी खराब चल रहे हैं। उन्हें भी ठीक करना है। मोदी जी की यात्रा को लेकर कनाडा में विरोध भी रो रहा है। दुर्घटना-स्थलों, अस्पतालों, श्मशानों, मुर्दाघरों आदि की यात्राओं के समय आत्माएं अस्थाई तौर पर चोला बदल लेती हैं।

सांसारिक पुरुषों में श्मशान-वैराग्य उत्पन्न हो जाता है। भौतिक जगत मिथ्या नजर आने लगता है पर यह भी उतना ही सही है कि विमान के दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही ऊपर का सारा आकाश बदल जाता है। आत्माएं अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाती हैं। अतः विमान दुर्घटना को लेकर हम चाहे जितने भी संताप में हों, जो कुछ भी सोच रहे हों, एक प्रधानमंत्री के सोच को उसमें शामिल करने की गलती नहीं करना चाहिए।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### ईरान के सर्वोच्च नेता को मारने को लेकर नेतन्याहू-ट्रम्प आमने सामने

# खामेनेई की जान बनी अमेरिका और इजरायल की आफत

## इजरायल ने अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसे ऐसा करने से रोक दिया।

गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर जनरल होसैन सलामी और ईरानी सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रम्प उन्हें एक समझौते पर पहुंचने के लिए बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है जो दोनों देशों के लिए व्यवहारिक हो और दोनों को स्वीकार्य हो ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके। ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बाद खामनेई को अल्टीमेटम देते



■ बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात से इंकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था

हुए शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि इससे पहले की कुछ भी न बचे ईरान को समझौता कर लेना चाहिए और ईरानी साम्राज्य को बचाना चाहिए। नेतन्याहू ने हालांकि रिपोर्ट को गलत बताते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने रविवार को फॉक्स न्यूज से कहा कि ऐसी कई झूठी रिपोर्ट हैं जो कभी हुई ही नहीं और मैं इसमें नहीं पड़ने वाला। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हमें जो करना चाहिए, हम वही करेंगे और मुझे लगता है कि अमेरिका जानता है कि उसके लिए क्या अच्छा है। इस दौरान उन्होंने इस बात से इनकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से परिणाम हो सकता है, क्योंकि ईरान शासन बहुत कमजोर है। मुझे लगता है कि उसके पास मूल रूप से दो चीजें बची हैं, परमाणु बम और बैलिस्टिक मिसा. इल रखने की उनकी योजना। अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर ने भी रविवार को खामेनेई पर कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया था। उन्होंने एबीसी न्यूज चैनल से कहा कि मुझे लगता है कि यह कहना उचित होगा कि जो कोई भी इजरायल के विनाश की धमकी दे रहा है, उसे लक्ष्य सूची से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन हम ऑनलाइन विशिष्ट व्यक्तियों पर चर्चा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों के माध्यम से इजरायल को नष्ट करने के ईरानी इरादे को बेअसर करना और समाप्त करना है। जो कोई भी इसके रास्ते में आता है, या इजरायल को नष्ट करने के इरादेस से आगे बढ़ाता है, तो वह स्पष्ट रूप से ऐसा व्यक्ति है जिससे हमें निपटना होगा।



अहमदाबाद। अस्पताल के शवगृह के बाहर एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित करते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

## ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार के साथ बंकर में भूमिगत

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा के भी उनके साथ हैं।

हालांकि उनके अन्य पुत्र मसूद और मुस्तफा उनके साथ नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। कथित तौर पर यह हमला ईरानी नेता को यह चेता. वनी देने के लिए किया गया था कि वह देश में कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी खामेनेई और ईरान को उसका यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम समाप्त करने तथा संबंधित समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दो महीने की समय सीमा दी थी। ईरान ने हालांकि अमेरिका और इजरायल की परमाणु अनुसंधान अवसंरचना को नष्ट करने की बार-बार की गई चेतावनियों को अस्वीकार कर दिया।

## कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) की राजधानी किशासा में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है।

स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण शहर में भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। किशासा के गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थाई पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया। स्थानीय मीडिया ने मौसम विज्ञान अधिकारियों के हवाले से बताया कि देश में अभी शुष्क मौसम चल रहा है, लेकिन बारिश 90 मिलीमीटर तक पहुंच गई जो हाल के वर्षों में इस समय के लिए सबसे अधिक है।

डीआरसी में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर से मई तक चलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है और एक करोड़ 70 लाख की आबादी वाले शहर को और नुकसान हो सकता है।

## अमेरिकी समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

बाघई ने कहा कि जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमे. रिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

■ जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे: बाघई



उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य के रूप में अमेरिका को इस आक्रमण की निंदा करनी चाहिए। वह (इज़राइल के साथ) अपने संबंधों के कारण इन वास्तविकताओं को अनदेखा नहीं कर सकता। उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकानों और आवासीय क्षेत्रों पर इज़रायल के हमलों की निंदा की और उन्हें 'अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और कानूनों का सीधा उल्लंघन' बताया। उन्होंने बताया कि इज़रायल ने ईरान पर अपने हमलों में अमेरिकी निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। इससे पहले ईरान और अमे. रिका ने ओमान की मध्यस्थता में ईरानी परमाणु डोजियर पर वार्ता के पांच दौर आयोजित किए थे। उनमें से आखिरी वार्ता 23 मई को रोम में हुई थी।

## हमने मिसाइलों में नई तकनीक का इस्तेमाल किया: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं।

तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से आईआरजीसी ने कहा '13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं

**13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया**

का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई, यहां तक कि वे आपस में ही हमला करने लगे। इजरायली वायुसेना ने तेहरान सहित ईरान के कई हिस्सों में जोरदार हमले किए। इनमें ईरानी सेना प्रमुख (सीओएएस), आईआरजीसी कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। नातान्ज़ और फोर्डो जैसी परमाणु सुविधाओं सहित कई सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया।

### संक्षिप्त समाचार

#### मंगोलिया में खसरे से छह लोगों की मौत

**उलानबटोर।** मंगोलिया में संक्रामक बीमारी खसरा से हुई एक और मौत के के बाद इस बीमारी से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर अब छह हो गई है। देश के राष्ट्रीय संचारी रोग केंद्र (एनसीसीडी) ने सोमवार को कहा कि कहा कि बीमारी से संक्रमित 693 लोग अस्पताल में हैं जिनमें से पांच गंभीर रूप से बीमार बच्चे शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार हाल ही में पुष्टि किए गए मामलों में से आधे से अधिक स्कूली बच्चों से संबधित है जिन्हें खसरे के टीके का केवल एक ही शॉट दिया गया था।

#### गोलीबारी में दो लोगों की मौत संदिग्ध हिरासत में

**प्राग।** चेक गणराज्य पुलिस ने रविवार को राजधानी प्राग के पूर्वी क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जिसमें दो लोग मारे गए। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि रविवार शाम को कोस्टेलेक नाद सेर्नमी लेसी में गोलीबारी की सूचना मिलने के तुरंत बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची, जहां दो लोग एक घर के बगीचे में मृत अवस्था में मिले। अधिकारियों ने एक संदिग्ध (65) को हिरासत में लिया तथा कथित तौर पर गोल. ीबारी में इस्तेमाल की गई बंदूक को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि मृतकों में पीड़ित 50 वर्षीय महिला और 45 वर्षीय पुरुष हैं। पुलिस के अनुसार गोल. ीबारी के पीछे का मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है। क्षेत्रीय आपरा. धिक जांचकर्ता घटना के पीछे के कारणों की जांच में जुटे हैं।

## बाघ, शेर संरक्षण को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हों सामूहिक प्रयास: यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघ और शेर जैसी सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए।

यादव ने यहां इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। 'बिग कैट' में बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा शामिल है। बैठक में आईबीसीए के सभी 9 सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इन देशों में भूटान, कंबोडिया, इस्वातिनी, गिनी, भारत, लाइबेरिया, सूरीनाम, सोमालिया और कजाकिस्तान शामिल हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वन्यजीव संरक्षण में विश्व में अग्रणी देश के रूप में उभरा है, जिसने पिछले



■ बैठक में आईबीसीए के सभी नौ सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया

दशक में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। उन्होंने बिग कैट रेंज देशों से आईबीसीए की पहलों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होने और सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने बिग कैट की सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण तथा सुरक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पारिस्थितिकी भविष्य को सुरक्षित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सहायता करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से यादव को आईबीसीए अध्यक्ष और एस पी यादव को आईबीसीए के महानिदेशक के रूप में भी अनुमोदित किया गया। भारत सरकार द्वारा बनाया गया, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) 95 रेंज देशों का एक गठबंधन है। इसका उद्देश्य बिग कैट का संरक्षण करना है। आईबीसीए का प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बिग कैट के संरक्षण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सफल संरक्षण प्रणालियों और विशेषज्ञता को समेकित करते हुए रेंज देशों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल को सुविधाजनक बनाना है।

## तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

ईरान की समाचार एजेंसी इरना ने आज यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्होंने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर

■ उनके पास से 200 किग्रा से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए

उन्हें गिरफ्तार किया गया है। अल-महदी ने कहा कि दोनों के पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए। इसके अलावा एक पिकअप ट्रक भी जब्त किया गया। गौरतलब है कि इजरायल ने शुक्रवार रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए, इन हमलों में आवासीय इमारतें को भी निशाना बनाया गया। इजरायल की जासूसी एजेंसी के एजेंट तब से ईरान के अंदर कई तरह की गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं।

## ईरानी संसद ने मदनीजादेह को वित्त मंत्री किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरानी संसद ने सोमवार को सईद अली मदनीज़ादेह को देश के नए आर्थिक मामलों एवं वित्त मंत्री के रूप में मंजूरी प्रदान की। पिछले वित्त मंत्री को महाभियोग लगाने के बाद हटा गया था। अर्द्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि राजधानी तेहरान में संसद के सत्र के दौरान मदनीज़ादेह की नियुक्ति के पक्ष में 171 सांसदों ने और विपक्ष में 67 सांसदों ने वोट किया, जबकि आठ सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस सत्र में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भी उपस्थित थे, मदनीज़ादेह की नियुक्ति अब्दोलनसर हेममती के जगह पर हुई है, जिन्हें देश की मौजूदा आर्थिक चुनौतियों के बीच मार्च में संसद ने महाभियोग लगाकर पद से हटा दिया था।

## चीन में ऑनलाइन धोखाधड़ी के 294000 मामले सुलझाए गए

**बीजिंग।** चीन में दूरसंचार और ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान में पुलिस ने पिछले साल 294,000 मामलों को सुलझाया है।

सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्धों को पकड़ा गया जिसमें 570 से अधिक सरगना, वित्तपोषक और योजनाओं के प्रमुख संचालक शामिल थे। पुलिस ने विदेशी घोटाले के संचालन को अवैध समर्थन प्रदान करने वाले आपराधिक नेटवर्क को निशाना बनाया। ये समूह ऑनलाइन प्रचार, मनी लॉन्ड्रिंग, तकनीकी विकास



■ अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्धों को पकड़ा गया

और अवैध सीमा पार करने की सुविधा सहित कई सेवाएं प्रदान करते थे। मंत्रालय के अनुसार, ये समूह ऑनलाइन प्रचार, मनी लॉन्ड्रिंग, तकनीकी विकास और अवैध सीमा पार करने की सुविधा सहित कई सेवाएं प्रदान करते थे। गौरतलब है कि 2024 के आरंभ से ही चीन के 'राष्ट्रीय धोखाधड़ी निरोधी केंद्र' ने 18 करोड़ अलर्ट जारी करते हुए प्रारंभिक चेताव. नियों और इसे रोकने के तकनीकी प्रयासों को तेज कर दिया। अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में केंद्र ने लगभग घोटाले से जुड़े लगभग 4.7 अरब कॉल और 3.4 अरब धोखाधड़ी वाले टेक्स्ट संदेशों को इंटरसेप्ट किया जबकि संदिग्ध अवैध धन में 315 अरग युआन (लगभग 43.9 अरब अमरीकी डॉलर) निधि को अवरुद्ध किया।